फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 4 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 107, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



किसी की जुबां पर गांधी, कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती 14

झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा 13

## हादसे में बाइक सवार मां बेटा और पोते की मौत

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर)



रामगुनी



शानू

- कस्ता-गोला मार्ग पर थाना नीमगांव क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** कस्ता-गोला मार्ग पर थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव गुलौला के पास निजी बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार मां-बेटा और पोते की मौत हो गई। हादसा रविवार की शाम करीब साढ़े 6 बजे हुआ। सीतापुर जिले की कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव गौरिया कलां निवासी रामगुनी (55) अपने पुत्र पंकज (45) और पोते शानू (13) के साथ थाना नीमगांव क्षेत्र के भूपतिपुर गांव में अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने बाइक से आ रही थीं। कस्ता-गोला मार्ग पर गुलौला गांव के नजदीक निजी बस से बाइक टकरा गई जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। नीमगांव एसओ श्रद्धा सिंह, बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता और सिकंदराबाद पुलिस चौकी प्रभारी आशीष पुलिस बल के साथ पहुंचे।


## मुख्यमंत्री योगी को बम से उड़ाने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सुरक्षा मुख्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी ने महानगर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, महानगर के सुरक्षा मुख्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी उधम सिंह ने एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। शिकायत में मुख्य आरक्षी ने बताया कि शनिवार रात 10:08 बजे उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने मुख्यमंत्री को बम से उड़ाने की धमकी दी। नाम पूछने पर उसने फोन काट दिया।

### परीक्षाओं में सेंधमारी करने वालों को मुख्यमंत्री योगी ने दी चेतावनी

# जिंदगी भर की जेल ही नहीं, बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी होगी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- गोरखपुर में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों, स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि कोई भी उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। अगर किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी।

मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर के राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से सौंपे। मुख्यमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों में लोगों को गुंडे-माफिया तबाह करते थे। योजनाओं का लाभ चंद लोगों को मिलता था। आज 'डबल इंजन' सरकार में ऐसा नहीं है। 'हर किसी को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज के नए भारत की ताकत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। ऐसी सरकार कभी नहीं आई। इसे जारी रखते हुए लोकसभा चुनाव में 'फिर एक बार मोदी सरकार' और 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे को साकार करना है।

### प्रोजेक्ट अलंकार के तहत स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17 .35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7 .58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी, बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा स्मार्ट बनेंगे।

### आरओ/एआरओ मामले में परीक्षा नियंत्रक हटाए गए

**प्रयागराज।** आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले में सरकार ने उप्र .लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार तिवारी को पद से हटा दिया है। मालूम हो कि 11 फरवरी को आरओ/एआरओ की प्रारम्भिक परीक्षा हुई थी। पेपर लीक होने की जानकारी के बाद अभ्यर्थियों ने खासा हंगामा किया था। परीक्षा दोबारा कराने की मांग भी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने परीक्षा रद करने के साथ 6 माह में दोबारा कराने को निर्देशित किया।










# बारिश और ओलावृष्टि से खड़ी फसलें गिरीं, वज्रपात से पांच लोगों की मौत

## कई जगहों पर मकान ढहे, किसानों को हुए भारी नुकसान की होगी भरपाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बीते दो दिनों से प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में निरंतर हो रही बारिश, तेज हवाएं और ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश और ओलावृष्टि के बाद वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में रविवार को पांच लोगों की मौत हो गई। चित्रकूट, लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर में एक-एक मौत की सूचना है। वहीं मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में वज्रपात से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने फसलों को हुए नुकसान का भी तत्काल आकलन करते हुए शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है। राहत आयुक्त कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार वज्रपात से लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर जिलों में 01-01 जनहानि, आगरा में 01 पशु हानि और अतिवृष्टि से मथुरा में 01 मकान गिरने की सूचना मिली है। सहारनपुर में वज्रपात से आंशिक मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। वहीं, चित्रकूट जिले में भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव में बारिश और ओले से फसल खराब होने से सुकरानी (75) की सदमा लगने से मृत्यु हो गई। तेज हवा और पानी से जहां गेहूं की खड़ी फसल खेतों में गिरी नजर आ रही हैं वहीं सरसों, मटर और चने की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आलू बेल्ट कहे जाने वाले जिलों इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, औरैया और अलीगढ़ में तेज आंधी-पानी के कारण किसानों में मायूसी छा गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार को भी बारिश का सिलसिला रहेगा और मंगलवार को दोपहर बाद धूप खिल सकती है।


राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि फर्रुखाबाद, कन्नौज, मुजफ्फरनगर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, शाहजहांपुर, ललितपुर और सहारनपुर आदि जिलों में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच ओलावृष्टि और दर्जनभर जिलों में बारिश हुई है।

मुरादाबाद, अमरोहा व संभल जिले में बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं बिजनौर में तेज हवा और बारिश के चलते दीवार गिरने से तीन घोड़ों की दबकर मौत हो गई।

### मुआवजा बांटने के निर्देश, कई जिलों में अलर्ट जारी

प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले किसानों के लिए मुख्यमंत्री योगी ने फसलों का सर्वे का काम तेजी से करते हुए मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार ओलावृष्टि व बारिश के कारण सरसो, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि फसलों के नुकसान का लगातार सर्वे करा रही है। मौसम विभाग ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, सीतापुर, लखनऊ, कानपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है वहीं पश्चिम के दर्जन भर जिलों में मध्यम बारिश के साथ तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

## शहबाज शरीफ चुने गए पाकिस्तान के दूसरी बार प्रधानमंत्री



- कश्मीर का राग अलापा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को अपने पहले संबोधन में कश्मीर का राग अलापा। हालांकि, उन्होंने पड़ोसियों सहित सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध सुधारने का भी संकल्प जताया। शहबाज ने कहा, 'हम पड़ोसियों के साथ समानता के आधार पर संबंध रखेंगे।' उन्होंने कश्मीर का जिक्र करते हुए इसकी तुलना फिलिस्तीन से की। उन्होंने कहा, 'आइए हम सब एक-साथ आएं और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों तथा फिलिस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए।' इससे पहले 336 सदस्यीय संसद में वोटिंग के बाद प्रधानमंत्री चुने गए शहबाज के समर्थन में 201 सांसदों ने वोट डाले। उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को केवल 92 वोट मिले। खबरों के मुताबिक शहबाज के प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का समर्थन हासिल है।

# किसानों का 6 मार्च को दिल्ली कूच का ऐलान

बठिंडा, एजेंसी

**बदली रणनीति**

- ट्रैक्टर के बजाय ट्रेन-बस और हवाई मार्ग से जाएंगे राजधानी
- शंभू बार्डर पर और बढ़ाएंगे किसानों की संख्या

फसलों पर एमएसपी की मांग को लेकर पंजाब और हरियाणा के शंभू , खनौरी बॉर्डर पर बीते 13 फरवरी से डटे हुए किसान संगठनों ने दिल्ली पहुंचने के अपने तरीके में बदलाव का एलान किया है। रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि दिल्ली कूच का हमारा कार्यक्रम पहले की तरह है। हम इससे पीछे नहीं हटे हैं। सरकार को झुकाने के लिए हमने कुछ रणनीति तय की है।

डल्लेवान ने कहा कि सरकार कह रही है कि किसान ट्रैक्टरों को छोड़कर दिल्ली आ सकते हैं। अब यह रणनीति तय की गई है कि 6 मार्च को देशभर के किसान ट्रेन, बस, पैदल और हवाई जहाज से शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली कूच करेंगे। अब देखना होगा कि सरकार इन किसानों को बैठने देती है या फिर बातें करती है।

उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जितने बॉर्डर पर हम बैठे हैं, वहां अपनी संख्या बल बढ़ाएंगे और अन्य बॉर्डर पर भी किसानों को लाने की कोशिश करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) से जुड़े किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली मार्च का आह्वान किया था, लेकिन उन्हें पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने शंभू बॉर्डर पर रोक दिया। इस दौरान हुई झड़प में एक युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई, इसके बाद दिल्ली कूच का कार्यक्रम किसान संगठनों ने स्थगित कर दिया था।

### 10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकेंगे किसान

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकने का भी एलान किया है। डल्लेवाल ने पूरे देश के किसानों से आह्वान किया है कि वे 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से देशभर में ''रेल रोको'' विरोध प्रदर्शन करें और ट्रेनों का चक्का जाम करें। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे ट्रेनों का चक्का जाम किया जाएगा।

**एक नजर**

### सीयूईटी-यूजी परीक्षा की तिथियों में बदलाव संभव

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार, संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक परीक्षा का कार्यक्रम लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर बदले जाने की संभावना है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मंगलवार को घोषणा की थी कि परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित की जाएगी । भारत में 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव होने वाले हैं, जिसके कार्यक्रम की घोषणा इस महीने होने की संभावना है। यूजीसी प्रमुख ने रविवार को बताया कि एनटीए द्वारा घोषित तारीखें अस्थायी हैं।

## आसनसोल से लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे पवन सिंह

नई दिल्ली/कोलकता, एजेंसी



- भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची में की थी नाम की घोषणा

भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से रविवार को मना कर दिया। भाजपा ने एक दिन पहले शनिवार को सिंह को इस सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। वर्तमान में आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता एवं अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं। पवन सिंह के इस फैसले के बाद तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने चुनाव प्रचार अभियान शुरू होने से पहले ही सीट छोड़ दी।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन का राजनीति से संन्यास

**नई दिल्ली।** मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से उनका नाम शामिल नहीं होने पर रविवार को सक्रिय राजनीति छोड़ने की घोषणा की।

### गड्ढे में सड़क



**लखनऊ।** हल्की बारिश ने राजधानी के विकास नगर सेक्टर-4 की एक सड़क निर्माण की पोल खोल दी। रविवार को सड़क का बड़ा हिस्सा करीब 20 फीट तक धंस गया। उधर से गुजर रही एक कार गड्ढे में समाने से बच गई। राहगीरों ने गड्ढे में लटकी कार से सवारों को सकुशल निकाल लिया। पिछले वर्ष जल निगम ने सीवर लाइन के लिए यहां खोदाई कराई थी। सड़क बनाते समय मानकों का पालन नहीं किया गया। थोड़ी सी बारिश ने संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली को तो कठघरे में खड़ा किया ही, सिस्टम को भी आईना दिखा दिया है। ● अमृत विचार

## समलैंगिक विवाह कर थाने पहुंचीं दो युवतियां, बोलीं-हम साथ रहेंगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- पुलिस ने कोर्ट में किया पेश, कोर्ट ने दी स्वेच्छा से रहने की स्वीकृति
- विगत 3 फरवरी को चुपचाप घरों से चली गई थीं दोनों युवतियां

**अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र से समलैंगिक विवाह का मामला सामने आया है। घर से लापता हुईं दो युवतियां रविवार को सुनगढ़ी थाने पहुंचीं और एक-दूसरे से शादी करने व साथ रहने की बात कही। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें स्वेच्छा से साथ रहने की स्वीकृति दी।

सुनगढ़ी क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली दो युवतियां 3 फरवरी को लापता हो गई थीं। इनमें एक 22 और दूसरी 19 साल की है। 22 वर्षीय युवती के भाई ने 4 फरवरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं दूसरी युवती के परिजनों ने तहरीर नहीं दी थी। शुक्रवार को दोनों युवतियां थाना सुनगढ़ी पहुंचीं। इनमें 22 वर्षीय युवती दूल्हे के रूप में थी। उसने बाल कटवाकर लड़कों जैसा रूप धारण किया था। 19 वर्षीय युवती को अपनी पत्नी बनाने की बात कही। दोनों ने खुद को बालिग बताया और मर्जी से घर से जाने की बात कही। कहा कि शहर में एक मंदिर में शादी भी कर ली है। वे पति-पत्नी के रूप में रहना चाहती हैं।

उनकी बातें सुनकर पुलिस दंग रह गई। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराना चाहा, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद शनिवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट ने दोनों को उनकी मर्जी से साथ रहने की स्वीकृति दे दी। इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि दोनों के कोर्ट में बयान कराए गए थे, जहां दोनों ने एक-दूसरे के साथ रहने की बात कही।

# पंचायतों के ग्रांट में फंसा ऑडिट रिपोर्ट का पेच

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- वर्ष 2024-25 के लिए 2022-23 के ऑडिट की पोर्टल पर दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट
- 50,289 ग्राम, 813 क्षेत्र और 74 जिला पंचायत से खर्च के नहीं मिले अभिलेख

**अमृत विचार :** वर्ष 2024-25 में प्रदेश की जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों को विकास के लिए मिलने वाली ग्रांट में ऑडिट रिपोर्ट का पेंच फंसा है।

क्योंकि, इस वर्ष लेखा परीक्षकों ने 2022-23 का ऑनलाइन ऑडिट तो किया, लेकिन पंचायतों से खर्च धनराशि के अभिलेख न मिलने के कारण पोर्टल पर अंतिम रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जब तक तीनों पंचायत की 100 फीसद ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं होती तब तक ऑडिट प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। न ही केंद्र व राज्य सरकार से आगे की वित्तीय मदद यानी ग्रांट मिल पाएगा। प्रदेश में 50,289 ग्राम पंचायत, 813 क्षेत्र पंचायत व 74 जिला पंचायत की ऑनलाइन ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। 26 फरवरी तक संत रविदास नगर की 546 व सिद्धार्थनगर की 1136 ग्राम पंचायत में ऑडिट की प्रगति शून्य रही।

इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति को देखते हुए पंचायतों की संख्या अधिक है। इससे विभाग को अगले वर्ष के लिए ग्रांट की चिंता सताने लगी है। निदेशक पंचायती राज ने जिलों पर सख्ती बरतते हुए इस प्रक्रिया के लिए संयुक्त निदेशक को नामित किया है।

### 26 फरवरी तक इन जिलों में सबसे कम ऑडिट रिपोर्ट दर्ज

मिर्जापुर एक, उन्नाव दो, अमेठी दो, आजमगढ़ छह, अयोध्या पांच, बलिया 10, प्रयागराज 18, सुलतानपुर 12, फिरोजाबाद सात, बस्ती 16, शाहजहांपुर 15, आगरा 10, अमरोहा नौ, सोनभद्र में 10 ऑडिट रिपोर्ट दर्ज की गईं।

लेखा परीक्षा विभाग से समन्वय बनाकर रोजाना समीक्षा की जा रही। हम प्राथमिकता से यह कार्य करा रहे हैं। लेखा परीक्षकों को डीपीआरओ स्तर से रिपोर्ट भी दी जा रही है। करीब और 10 हजार पंचायतों की रिपोर्ट फीड हो चुकी है। 100 फीसद प्रक्रिया जल्द ही पूरा कर लेंगे।

-**राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज उप्र.

### अभिलेख नहीं तो गबन मानकर हाई रिस्क में जाएंगी पंचायतें

सहकारी समितियां पंचायत (लेखा परीक्षा) द्वारा पंचायतों का ऑडिट होता है। हर वर्ष पंचायतों के ऑडिट में अभिलेख नहीं मिलते हैं और अंत में ग्रांट को लेकर यह हालात बनते है। यदि निर्धारित समय पर खर्च धनराशि के अभिलेख नहीं मिलते तो लेखा परीक्षकों द्वारा गबन दर्शा दिया जाता है। इसी तरह वर्ष 2022-23 के ऑडिट में करोड़ों रुपये के खर्च का हिसाब नहीं है। जिसकी पुष्टि के लिए अभिलेख नहीं मिल रहे हैं। जो जल्द न मिले तो लेखा परीक्षक संबंधित पंचायतों को हाई रिस्क में डालकर गबन दर्शाएंगे।

## वंचित वर्गों की उपेक्षा कर रहा केंद्र : राहुल

पटना, एजेंसी



जन विश्वास रैली में मंचासीन राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव।

- पटना में आयोजित जनविश्वास रैली में 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने फूंका चुनावी बिगुल

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास महारैली के जरिए लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई दलों के नेताओं ने शिरकत की।

राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह 'केवल दो-तीन बहुत अमीर लोगों के लिए काम कर रही है और दलितों और पिछड़े वर्गों की उपेक्षा कर रही है, जिनकी आबादी देश की कुल जनसंख्या का 73 प्रतिशत है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में कुल मिलाकर 120 (80 उत्तर प्रदेश में और 40 बिहार में) सीटें हैं। अगर हम इन दोनों राज्यों में भाजपा की हार सुनिश्चित करते हैं, तो केंद्र में भाजपा सरकार नहीं बना पाएगी। अखिलेश ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश 80 हराओ का नारा दे रहा है तो बिहार भी पीछे नहीं हैं तथा यहां भी 40 हराओ का नारा है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश और बिहार ने ठान लिया तो इनका सूपड़ा साफ हो जायेगा। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हाल में पाला बदलने के लिए आलोचना की।

### मोदी सच्चे हिंदू नहीं : लालू

लालू प्रसाद ने राजनीति में परिवारवाद की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया। कहा कि नरेंद्र मोदी के पास परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को माता-पिता के निधन पर सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। अपनी मां की मृत्यु पर मोदी ने ऐसा नहीं किया।

# अटेवा की बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पदाधिकारियों ने की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- संजीव को सर्व सम्मति से बनाया गया कार्यवाहक जिला महामंत्री

**अमृत विचारः** ऑल टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा के निवास हुई। जिसमें पिछले महीने संपन्न हुई रन फॉर आपीएस कार्यक्रम की समीक्षा, ब्लाक कार्यकारिणी के गठन एवं विस्तार पर बल, संगठन के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर जोर,लोकसभा चुनाव में वोट फॉर ओपीएस पर चर्चा की गई।

इसके अलावा अटेवा जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से संजीव गंगवार उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर नगरिया, तिलहर में एआरपी जैतीपुर को कार्यवाहक जिला महामंत्री बनाया गया। पुरानी पेंशन को बहाल करने के लिए सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा ने की और संचालन जिला सलाहकार राजकुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी से जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप, जिला उपाध्यक्ष डॉ. रमन उपाध्याय,पृथ्वीराज ,जिलामंत्री कामद नाथ पाठक, जिला प्रवक्ता विवेक यदुराज, योगेश कुमार, गौरी शंकर वर्मा, धनपाल सिंह आदि रहे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियां अंतिम दौर में, जुटे प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारी

# 1244 मतदेय स्थलों से होगी वेब कास्टिंग, प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिले में 404 क्रिटिकल 323 वल्नरेबिल मतदेय स्थल चिह्नित,
- वेब कास्टिंग वाले स्थलों की होगी विशेष निगरानी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। प्रशासन ने क्रिटिकल और वल्नरेबिल मतदेय स्थलों की सूची जारी कर दी है। जिले में 404 क्रिटिकल और 323 वल्नरेबिल मतदेय स्थल हैं। इन पर प्रशासन के साथ-साथ पुलिस की भी पैनी नजर रहेगी। इसके साथ ही 1244 मतदेय स्थलों से वेबकास्टिंग होगी ताकि गड़बड़ी की कोई आशंका न रहे।

लोकसभा चुनाव 2024 में 23 लाख 22 हजार 102 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रशासन ने बीते दिनों जिले के 2481 मत स्थलों पर अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन कर दिया था। बीते चुनाव में जहां 22 लाख 18 हजार 224 मतदाता थे, वहीं अब यह संख्या 23 लाख 22 हजार 102 हो गई है। पुनरीक्षण से जिले में 103878 मतदाता बढ़े हैं। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। पुरुष मतदाताओं की संख्या में जहां 41655 की वृद्धि हुई है, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 62244 बढ़ी है। हालांकि तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या में 21 की कमी आई है। हर चुनाव में क्रिटिकल और वल्नरेबिल मतदेय स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाती है। चुनाव शांतिपूर्ण निपटे इसको लेकर बीते दिनों प्रशासन ने तमाम अपराधियों को जिले से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। साथ ही उनकी दूसरे जिले में निगरानी भी की जा रही है ताकि यहां का बदमाश दूसरे जिले में किसी वारदात को अंजाम न दे सके।

इसी क्रम में क्रिटिकल और वल्नरेबिल मतदेय स्थलों पर सतर्कता रखने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। ऐसे स्थलों पर विशेष सावधानी बरती जाएगी। ऐसे लोग जिनके चुनाव में गड़बड़ी करने की आशंका है। उन्हें मुचलका पाबंद किया जाएगा। साथ ही मतदान के दौरान पुलिस और पीएसी का विशेष इंतजाम रहेगा।


मतदाता पहचान पत्र।

### कहां कितने क्रिटिकल और वल्नरेबिल मतदेय स्थल

| विधानसभा का नाम | कुल मतदान केंद्र | क्रिटिकल स्थल | वल्नरेबिल स्थल |
|---|---|---|---|
| 131- कटरा | 315 | 34 | 73 |
| 132- जलालाबाद | 308 | 78 | 29 |
| 133- तिलहर | 299 | 51 | 52 |
| 134-पुवायां | 346 | 89 | 57 |
| 135-शाहजहांपुर | 163 | 98 | 51 |
| 136- ददरौल | 361 | 54 | 61 |
| योग | 1792 | 404 | 323 |

"जिले में कुछ मतदेय स्थल क्रिटिकल और वल्नरेबिल की श्रेणी में हैं। साथ ही सभी मतदान केंद्र और मतदेय स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। - **संजय कुमार पांडेय**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन।

## एक नजर

### परमात्मा में ध्यान लगाने पर तनाव से मिलती हैं मुक्ति

**बंडा।** बिलसंडा रोड पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्था की ओर से पाठशाला की रविवार को शुरुआत हुई। संस्था की नई शाखा के उद्घाटन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। समारोह में ब्रह्माकुमारी युग्म के सदस्यों ने अद्वितीय ध्यान और प्रेरणादायक विचारों का साझा किया। संस्था का मुख्य उद्देश्य है मानव समाज में शांति, समृद्धि, और सामाजिक न्याय को स्थापित करना। बीके रुबी ने बताया कि पाठशाला का उद्देश्य लोगों के जीवन को तनाव मुक्त बनाना है। पाठशाला में निःशुल्क मेडिटेशन कराया जाता है। बताया कि परमात्मा तक कैसे पहुंचा जा सकता है। ये सभी बातें इसमें बताई जाती है। बीके रीमा ने बताया कि परमात्मा में ध्यान लगाने से तनाव से मुक्ति मिलती है। उद्घाटन समारोह में लोगों ने ध्यान के माध्यम से अपने आत्मिक आनंद को अनुभव किया। कई आध्यात्मिक विषयों पर व्याख्यान भी आयोजित किए गए जो लोगों को ज्ञान की गहराई में ले गए।

### जेठ पर बदनीयती का लगाया आरोप

**कलान।** क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसका पति दिल्ली में नौकरी करता है। उसने गांव के बाहर एक खेत में झोपड़ी डाल रखी है। वहीं खेती-बाड़ी देखती है। अविवाहित जेठ उसे बदनीयती से देखता है। शनिवार रात जेठ उसकी झोपड़ी में घुस आया। वह भाग कर दूसरे के घर पहुंची, जिससे इज्जत बच पाई। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### युवक को पीटा, घायल

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली मोहल्ला खलीलशर्की निवासी नाजमी परवीन ने बताया कि शनिवार की रात साढ़े आठ बजे पड़ोसी पप्पू की पानी की टंकी टूट गई। पप्पू के परिवार को लोगों ने उसके बेटे अरशान पर आरोप लगाया कि पानी की टंकी तोड़ दी है। आरोपी बेटे को गाली देने लगे। विरोध करने पर उसके बेटे को पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने वसीम, सलीम समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जो लेता है राम का नाम, उसका नहीं रुकता काम

## मुमुक्षु आश्रम में राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल कारसेवकों को किया सम्मानित


कार सेवकों को सम्मानित करते मुमुक्षु आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद।


मुमुक्षु आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्वामी पूर्णानंद सरस्वती ने की जनपद का नाम बदलने की मांग
- आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद ने की अध्यक्षता

**अमृत विचारः** राम जन्मभूमि आंदोलन के संयोजक रहे पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री व मुमुक्षु आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने जनपद के कारसेवकों और राम जन्मभूमि आंदोलन को सहयोग करने वाले पत्रकारों को मुमुक्षु आश्रम में सम्मानित किया।

एसएस कॉलेज के स्वामी शुकदेवानंद स्मृति सभागार में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुमुक्षु आश्रम के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि वर्ष 1984 से 2019 तक राम मंदिर आंदोलन की हर घटना का में गवाह रहा हूं। इस आंदोलन को आगे बढ़ाने में राजेन्द्र सिंह ''पंकज' का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जो राम का नाम लेता है, उसका कोई काम नहीं रुकता। शाहजहांपुर शहीदों की धरा है और जब देश और समाज को जरूरत होगी तो यहां के लोग तन, मन, धन से अपना सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में वर्ष 1990 और 1992 में देश के लाखों कार सेवकों ने कारसेवा की। जिसमें शाहजहांपुर में भी सैकड़ों कारसेवकों ने राम जन्मभूमि आंदोलन में हिस्सा लेकर राम मंदिर निर्माण की अलख जगाई। इस दौरान वे जेलों में रहे, यातनाएं सही और पुलिस और प्रशासन की लाठियां भी खायी।

विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन में जनपद के करीब 3500 कारसेवकों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने कहा कि 1528 में प्रभु श्रीराम का मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई थी। उसके ठीक चार सौ वर्षो के बाद देश के संतों, नवयुवकों और महिलाओं ने आंदोलन कर राम जन्मभूमि को मुक्त कराने का संघर्ष किया। 1980 तक करीब 76 संघर्ष हुए, जिसमें करीब साढ़े तीन लाख राम भक्तों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सात अक्टूबर 1984 को अयोध्या में एक संकल्प सभा व आठ अक्टूबर को अयोध्या से एक यात्रा निकाली गई थी। तब से लेकर न्यायालय के आदेश से करीब दो वर्ष पूर्व राम मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई और 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। स्वामी पूर्णानंद सरस्वती ने जिले का नाम बदलने की मांग की। राजस्थान से आई साध्वी अनादि सरस्वती ने कहा कि शाहजहांपुर के मुमुक्षु आश्रम में हमेशा रामभक्तों का जमावड़ा रहता है। शिक्षा और धर्म के माध्यम से स्वामी चिन्मयांनद देश और समाज की सेवा कर रहे हैं वह अतुलनीय है। छिंदबाड़ा से आईं साध्वी सरस्वती ने राम मंदिर संघर्ष में कारसेवकों के योगदान और संघर्ष को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि जिले के कारसेवकों का नाम इतिहास में हमेशा स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। स्वामी सर्वानंद सरस्वती ने कहा कि जब शिक्षा और संस्कृति का प्रसार होगा तब शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग अग्रवाल ने किया।

### आयोजन में इनका रहा विशेष सहयोग

कार्यक्रम आयोजन में डॉ. अवनीश मिश्र, प्रो. आरके आजाद, प्रो. अनुराग अग्रवाल, डॉ. जेएस ओझा, सुयश सिन्हा, डॉ. शिशिर शुक्ल, रामनिवास गुप्ता, एसपी डबराल, प्रो. प्रभात शुक्ला, प्रो. मीना शर्मा, प्रो. आदित्य कुमार सिंह, डॉ. आलोक सिंह, डॉ. शालीन सिंह, डॉ. संदीप अवस्थी, डॉ. अंकित अवस्थी, डॉ. श्रीकांत मिश्र, चंदन गोस्वामी, अवनीश कुमार सिंह, चंद्रभान त्रिपाठी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### इन लोगों को मिला सम्मान

अतिथियों ने कारसेवक जगतबंधु रघुवंशी, बाबूराम गुप्ता, आनंद सक्सेना, नरेश अग्रवाल, हरगोविंद, सत्यदेव शर्मा, जगदीश प्रसाद, जागरन लाल, रघुनंदन गुप्ता, सुचित सेठ, रामकिशोर, रामबहादुर, विजय पाल, शशिकला गुप्ता सहित करीब चार सौ कारसेवकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर राम मंदिर आंदोलन में अपनी लेखनी के माध्यम से आंदोलन को सहयोग करने वाले पत्रकार ओंकार मनीषी, सरदार शर्मा, कुलदीप दीपक, राकेश श्रीवास्तव आदि पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

### दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद जी महाराज मुंबई, साध्वी भक्ति प्रभा, साध्वी अनादि सरस्वती, स्वामी सर्वेष्वरानंद जी, स्वामी अभेदानंद जी, स्वामी पूर्णानंद जी तथा राम जन्मभूमि आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले विहिप के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह 'पंकज' ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. आलोक कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया। डॉ. कविता भटनागर ने गुरु वंदना प्रस्तुत की।

## मेरे गुरुदेव जैसी जगत में दूसरी कोई हस्ती नहीं



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुमुक्षु आश्रम में चल रही श्री रामकथा के समापन के उपरांत भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वृंदावन धाम से पधारीं साध्वी भक्तिप्रभा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। डॉ. प्रतिभा सक्सेना ने सरस्वती वंदना व डॉ. कविता भटनागर ने सामूहिक हनुमान चालीसा प्रस्तुत की। साध्वी भक्तिप्रभा ने सुनाया मेरे गुरुदेव जैसी जगत में दूसरी कोई हस्ती नही है, होली खेले अवध में रघुवीरा आदि भजनों से सभी का मन मोह लिया। बीसलपुर की शोभना कश्यप ने श्री रामचंद्र कृपालु भजमन पर प्रस्तुति दी। अपूर्व मिश्रा ने सुनाया श्री रामजानकी बैठे है मेरे सीने में। कर्नल एकेडमी की शिक्षिका शिखा दुबे ने सुनाया भुलाना न याद करो न करो। संगीत विभाग की छात्रा स्मृति सिंह ने शानदार प्रस्तुति देकर वातावरण भक्तिमय कर दिया। शिवम मिश्रा ने सुनाया जरा बंसी बजा रे। इसके बाद उप-प्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल व डॉ. कविता भटनागर ने सभी अतिथियों, कलाकारों व छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। पूर्व केंद्रीय गृहराज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में डॉ. कविता भटनागर ने संचालन ने किया। इस अवसर पर स्वामी हरिहरानंद, स्वामी सर्वेशानंद, सचिव डॉ. एके मिश्रा, प्राचार्य डॉ. आरके आजाद, डॉ. जेएस ओझा, सुयश सिन्हा, सुधाकर गुप्ता, डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, सोनाली खन्ना, यश गंगवार, अंजली मिश्रा, धर्मवीर सिंह आदि की उपस्थिति रही।

### जन्मदिन पर स्वामी चिन्मयानंद को साधु-संतों व आश्रम परिवार ने दी शुभकामनाएं



**शाहजहांपुर।** मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के गणमान्य लोगों ने आश्रम पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान देश के प्रमुख संतों ने भी स्वामी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दें उनके दीर्घायु होने की कामना की ।इनमें प्रमुख रूप से महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती, स्वामी चिदंबरानंद, स्वामी धर्मात्मानंद सरस्वती, भक्ति प्रभा साध्वी अनादि सरस्वती, स्वामी अभेदानंद सरस्वती, स्वामी पूर्णानंद सरस्वती, स्वामी सर्वेशानंद सरस्वती आदि ने स्वामी चिन्मयानंद को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के तमाम शिक्षक, शिक्षिकाओं और प्रबंध समिति से जुड़े लोगों ने भी स्वामी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी।

# नवागत सीडीओ ने की सीएम डैशबोर्ड और विकास कार्यों की समीक्षा


विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक करतीं नवागत सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बोलीं- विकास कार्यों को समय से पूरा न करने वाले अफसरों और कर्मचारियों पर रहेगी नजर

**अमृत विचारः** सीएम डैशबोर्ड और विकास कार्यों की रविवार को हुई समीक्षा बैठक के दौरान नवागत सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने कहा कि विकास कार्यों को समय से पूरा करें। इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही न की जाए। विकास कार्यों को समय से पूरा न करने वालों पर उनकी विशेष नजर रहेगी।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों, शिकायत निस्तारण सहित जनता से जुड़ी शिकायतों को लेकर अधिकारियों को बार बार न कहना पड़े और न ही विकास कार्यों की फाइलों को लंबित रखा जाए। विकास भवन सभागार में रविवार को परिचय बैठक में सीडीओ ने सीएम डैशबोर्ड व विकास कार्यों की स्थिति देखी। उन्होंने बारी-बारी से विकास भवन के विभागवार अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर संबंधित योजनाओं का फीडबैक लिया। सीडीओ ने कहा कि विकास कार्यों का ससमय निस्तारण न करने वाले अधिकारियों पर नजर रखी जाएगी। वहीं अधिकारियों ने भी जनपद में चल रही, विकास कार्यों की रिपोर्ट सीडीओ मैडम के समक्ष पेश कर जानकारी दी। इस दौरान डीडीओ पवन कुमार सिंह, सीएमओ, पीडी डीआरडीए अवधेश राम, डीपीआरओ घनश्याम सागर, सीवीओ डा. मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# एडीआरएम आज करेंगे रोजा स्टेशन का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** मुरादाबाद मंडल के एडीआरएम राकेश सिंह रोजा स्टेशन का सोमवार को निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण को लेकर स्टेशन पर तैयारी की जा रही है और अधिकारी अपनी फाइलों को पूरा करने में जुटे हुए है। मंडल के एडीआरएम राकेश सिंह सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे मुरादाबाद से निरीक्षण यान से चलेंगे और रोजा स्टेशन पर दोपहर साढ़े 12 पहुंचेंगे। एडीआरएम रनिंग रुम, लावी, पावर केबिन, साइडिंग, एसएस कार्यालय आदि का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण को लेकर स्टेशन पर तैयारी चल रही है और अधिकारी अपनी फाइलों को पूरा करने में लगे हुए। रोजा स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद बरेली तक विंडो तक निरीक्षण करेंगे।

### गन्ने से भरी ट्रॉली चोरी

**शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर नवादा निवासी इशहाक अली ने बताया कि शनिवार की रात आठ बजे घर के बाहर गन्ने से भरी ट्रॉली खड़ी कर दी थी। वह सुबह सोकर उठे तो देखा कि वाहन गायब था। उन्होंने तलाश किया पर कोई पता नहीं चला। गांव में सीसीटीवी कैमरा चेक किया गया तो देखा कि रात डेढ़ बजे एक ट्रैक्टर से आया व्यक्ति गन्ने से भरी ट्रॉली को जोड़ रहा था और वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेकर चला गया। उन्होंने थाने पर चोरी की तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# खोदी गई सड़कों की हालत देख बिफरें व्यापारी, छह को करेंगे प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक में बोले जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ।


शहर की मुख्य सड़क चौक को जाने वाले रास्ते पर दलदल। ● अमृत विचार

- व्यापार मंडल कोर कमेटी की बैठक संगठन के पदाधिकारियों ने लिया फैसला
- पहले धूल, अब दलदल से हो रहा व्यापार ठप, होली पर व्यापार को लेकर सता रही चिंता

अमृत विचारः सड़कों की हालत को देखकर व्यापार ठप होने की चिंता में डूबे व्यापारी अब आंदोलन के मूड में आते दिखाई दे रहे हैं। इसको लेकर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल कोर कमेटी की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ की अध्यक्षता में एक होटल में हुई। जिसमें व्यापारियों ने ऐलान किया कि छह को नगर आयुक्त कार्यालय और आठ मार्च को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जल निगम द्वारा नगर की लगभग हर सड़क पर कहीं न कहीं खोदाई की हुई है, जिसमें बजरी तो कहीं मिट्टी भर दी गई है। पहले मिट्टी से परेशान थे, सारा दिन धूल उड़ाती थी। अब बारिश होने से हुई कीचड़ से व्यापारी परेशान हैं। बाजारों में सन्नाटा है। ग्राहक तोड़फोड़ और गंदगी के कारण घर से निकल नहीं रहा है, जबकि होली का त्योहार और सहालग सिर पर है। आश्वासन के बावजूद नगर निगम ने अभी किसी भी सड़क या गली में सड़क बनाने का अपना कार्य शुरू नहीं किया है। यदि 15 मार्च तक आचार संहिता लग गई, तब फिर तीन महीने आचार संहिता के कारण कार्य रोक दिया जाएगा। इन सब बातों का जवाब जल निगम के पास है न नगर निगम के पास है और न प्रशासनिक अधिकारियों के पास है। हर कार्य भगवान भरोसे है। अब एक ही रास्ता है कि प्रदर्शन किया जाए। जिसमें छह मार्च को नगर आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा और आठ मार्च को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में जिला महामंत्री नाजिम खां कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता, नगर महामंत्री अतुल गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, महामंत्री कमल फहीम, युवा नगर अध्यक्ष शकील अहमद, जिला उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, राज नारायण गुप्ता, राजेश जायसवाल, अभिषेक गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, हरिओम अग्रवाल, सुल्तान खां शाहबाज खां, गौरव वल्लभ गुप्ता आदि पदाधिकारी शामिल हुए ।


### 31 तक सड़कें चमाचम करने का कैसे पूरा होगा भरोसा

जिलाध्यक्ष ने कुलदीप सिंह दुआ ने कहा कि 13 जनवरी को बहादुरगंज में व्यापारियों की एक सभा में मंत्री सुरेश खन्ना व जिलाधिकारी शाहजहांपुर की उपस्थिति में तत्कालीन नगर आयुक्त संतोष वर्मा ने कहा था कि 31 मार्च तक नगर की सभी सड़कें चमाचम हो जाएंगी लेकिन शहर के हालातों को देखकर नहीं लगता है कि यह संभव हो पाएगा। मजबूरन व्यापारियों को आंदोलन का रुख अपनाना पड़ रहा है।

## व्यापारियों के साथ जल निगम के अधिकारी पहुंचे पचराहा

**शाहजहांपुर।** व्यापारियों के साथ जल निगम के अधिकारी 15 वें दिन रविवार को पचराहा पहुंचे और निरीक्षण कर दो दिन में लीकेज ठीक कर मरम्मत करने की बात कही ।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में बहादुरगंज पचराहा इकाई के अध्यक्ष इकवाल खां लकी जल निगम के अधिशासी अभियंता कपिल एम सिंह और एई विनय के साथ बहादुर गंज पचराहा पहुंचे। यहां सीवर लाइन का चैंबर बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में पाइप कट गया है। ऐसे में यहां 15 दिन से लीकेज हो रही है। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों ने ईई के समक्ष अपनी समस्या रखी। बताया कि इस लीकेज और गड्ढे की वजह से स्थानीय व्यापारी व लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। ईई कपिल सिंह ने दो-तीन दिन के अंदर इस कार्य को सही करवाने का आश्वासन दिया। इस गड्ढे की वजह से सभी व्यापारी परेशान है ग्राहक दुकानों तक नही आ पा रहे है। जिससे व्यापार बहुत प्रभावित हो रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ व्यापारी नेता अशोक गुप्ता, राकेश गुप्ता, हरिओम, अवध, राजीव, सरफराज आदि प्रमुख व्यापारी उपस्थित रेह।


पचराहा पर पहुंचे ईई कपिल एम सिंह को समस्या बताते व्यापारी।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# फिर गिरी बिजली, खेत में बकरी चराने गए बालक की चपेट में आकर मौत

संवाददाता, जलालाबाद

- बकरी भी मरी, राजस्व विभाग की टीम ने किया मौका मुआयना
- शनिवार को बिजली की चपेट में आकर किसान ने तोड़ा था दम

**अमृत विचार:** खेत पर बकरी लेकर गए बालक के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे बालक और बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। राजस्व टीम ने मौका मुआयना कर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

क्षेत्र के गांव चौरा खुर्द कला निवासी शिवम(14) पुत्र रामसुमिरन रविवार बकरी चराने खेत पर गया था। पूर्वाहन 11 बजे अचानक ओले गिरने लगे, तभी शिवम बकरी को लेकर घर की ओर चल दिया। ओले गिरने की वजह से बकरी रूक गई, वह आगे नहीं बढ़ रही थी, उसने रस्सी पकड़कर खींचना शुरू किया लेकिन तभी तेज कड़क आवाज के साथ बिजली उसके ऊपर गिर गई। इससे शिवम और बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास खेतों में बकरी चरा रहे अन्य बच्चों ने मृतक के घर जाकर मामले की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो शिवम और बकरी की सांसे थमी हुईं थी।

घटना से परिवार में कोहरम मच गया। जिंदा होने की उम्मीद में परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर तहसीलदार पैगाम हैदर के निर्देश पर लेखपाल पवन कुमार,कानूनगो अशोक कुमार कुशवाह की टीम ने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी की और अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढ़स बंधाया।

पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। छोटा ब्रजदीप है और दो बहनें बड़ी रोशनी, गुंजन है। घटना के बाद से मां सरस्वती का रो-रोकर बुरा हाल है।



शिवम की मौत पर गमगीन खड़े परिजन। ● अमृत विचार


बिलखती मां को ढाढस बंधाती रिश्तेदार।

मौके पर राजस्व टीम को मौका मुआयना करने के लिए भेजा था ।दैवीय आपदा के तहत मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।
**डॉ . रविंद्र कुमार**, एसडीएम



गली में पानी भरा होने के चलते घरों में कैद हो गए लोग।

# दूसरे दिन झमाझम बारिश, लबालब हुए गली-मोहल्ले

## बाइक और स्कूटी पर निकले लोग फिसलकर हुए चोटिल, रविवार को दिन भर छाए रहे बादल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में लगातार दूसरे दिन बिजली गिरी। गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है। सरसों और तंबाकू की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। फसल गिरने के चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही हैं। सोमवार को भी बारिश का पूर्वानुमान है। ऐसे में फसलों को और ज्यादा नुकसान होने की आशंका है।

शनिवार और रविवार को हुई बारिश आफत बनी हुई है। शहर से लेकर गांव तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महानगर के कई मोहल्ले रविवार को ताल-तलइया बन गए। गली में बाहर निकलने पर तालाब जैसे नजारे का अहसास हुआ। कई लोग, बाइक और स्कूटी पर निकले और फिसलकर चोटिल हो गए। तमाम स्थानों पर नगर निगम के नाले चोक होने के कारण पानी सड़क पर ऊपर बहता रहा। दिन भर बादल छाए रहे । हालांकि बारिश अपराह्न लगभग 11 बजे एक बार हुई। इसके बाद दिनभर कई बार हल्की बूंदाबांदी हुई।

जलालाबाद सहित कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि भी हुई। रविवार को छुट्टी की वजह से नौकरी पेशा वालों को दिक्कत नहीं आई। जबकि जो लोग रोजाना रोजी रोटी कमाने निकलते हैं, उनको दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खोदी गई सड़कों पर मिट्टी से फिसलन बढ़ गई। जिससे लोग कीचड़ में गिरकर चोटिल भी हुए। मौसम वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह 4.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। किसानों ने बताया कि अब तक लगभग 30 प्रतिशत फसल को नुकसान हो चुका है। आगे और बारिश हुई तो नुकसान का आंकड़ा और ज्यादा बढ़ जाएगा।


मोहल्ला महमंदनगर की सड़क पर भरे पानी से होकर गुजरता बाइक सवार। ● अमृत विचार


रविवार को महानगर में छाए बादल। ● अमृत विचार


बारिश के दौरान चबूतरे पर खड़े होकर पड़ोसी से बात करती बच्ची।


कलान में खेत में बिछी सरसों की फसल। ● अमृत विचार

# ओलावृष्टि से गेहूं, लाही, मसूर की फसलें प्रभावित, चिंता में किसान

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** तीन दिन से हो रही बारिश के साथ चल रही हवा से फसल प्रभावित हुई है। खेतों में तैयार फसल को इससे काफी क्षति पहुंची है। जो किसानों के लिए चिंता का विषय बन गई है।

बारिश से आलू, लाही, गेहूं के साथ अन्य फसलें बर्बाद होने की चपेट में आ गई है। कहीं हल्की बूंदाबांदी होने से फसलें बच गई है। किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल तैयार होने के कगार पर है। उसमें दाना पड़ चुका है। लाही की फसल भी खेतों में तैयार खड़ी है।

इस समय खेतों में आलू खोदाई का काम चल रहा है। जो खेत में ही खुदा पड़ा है। बेमौसम हो रही बारिश से नुकसान की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। फसलों की बुवाई से लेकर तैयार करने तक काफी लागत आती है। लेकिन इस बारिश और घने काले बादलों ने किसानों को परेशानी में डाल दिया है।


खुटार में बारिश के दौरान तेज बारिश में बिछी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

- तीन दिन से बारिश के साथ चल रही हवा से लोग परेशान, कुछ फसलें कटकर खेतों में पड़ी

### तेज बारिश में गिरी गेहूं की फसल

**कलान**। क्षेत्र में बारिश और ओलावृष्टि के कारण गेहूं, तंबाकू, सरसों, मसूर आदि की फसल को नुकसान हुआ है ।कलान नगर पंचायत के ब्रह्मदेव नगर, भर्रामई, सथरी एवं छिदकुरी ग्राम पंचायत के धोवियननगला में भयंकर ओलावृष्टि के कारण गेहूं तंबाकू सरसों की फसल चौपट हो गई है। तहसील क्षेत्र के गांव अतरी, चौराबगरखेत, थरिया, ककोडा, बम्हनी, बम्हौरा, खजूरी, जखिया, नयागांव कुदरासी, पिलुआ, हरेली, नेकपुर, आंधीदेही, विक्रमपुर, लक्ष्मनपुर, नौगमामुबा, रिकपुर, गुदौरा, दाउदपुर आदि दर्जनों गांवों में गेहूं सरसों, मसूर, तंबाकू आदि की फसल चौपट होने से भारी नुकसान हुआ है। उधर, कलान, सूरतपुर, कठिगरा, धरमपुर, सथरा, लखनपुर, ग्यूडी, बडेरा, लालपुर, सथरा, धर्मपुर आदि गांव में मामूली रूप से ओलावृष्टि हुई है। यहां बारिश से गेहूं आदि की फसल खेतों में गिर गई है। बारिश से फसल बर्बाद होने के बाद किसानों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

### ओलावृष्टि से फसल नुकसान का किया जाएगा सर्वे

**शाहजहांपुर**। जिले में रुक-रुक कर हो रही बारिश से गेहूं की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। जलालाबाद तहसील में ओलावृष्टि ने तबाही मचाई है। यहां सबसे ज्यादा फसलों को नुकसान होने की आशंका है। हालांकि इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से संबंधित एसडीएम, जिला कृषि अधिकारी व लेखपालों की टीम गठित कर सर्वे शुरू करने को कहा गया है। ताकि नुकसान उठाने वाले किसानों को मुआवजा दिलाया जा सके। एडीएम वित्त डा. सुरेश कुमार ने बताया कि सर्वे के लिए तहसीलों में टीमें गठित कर दी गई हैं। तहसीलों से जो रिपोर्ट आएगी, उसी पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## किसान बोले, कैसे होगी नुकसान की भरपाई


तीन दिनों से हल्की बूंदाबांदी और साथ में हवा चल रही है। बेमौसम बारिश से यह किसान के लिए चिंता बन गई। बारिश से गेंहू, आलू और लाही की फसल खेत में झुक व कही तो पूरी तरह गिर गई है। – **कस्तूरी शर्मा**


खुटार के गांव रौतापुर कलां में खेत है। उसमें गेंहू की फसल कर रही है। बारिश के साथ चल रही हवा से गेंहू की फसल गिर गई है और पानी भर गया है। अबकी लगाई गई लागत भी नहीं निकल पाएगी। – **सिरोज खां**


खेत में आठ बीघा लाही की फसल कर रखी थी। तीन दिन से हो रही हल्की बूंदाबांदी से तैयार होने के कगार पर खड़ी लाही की फसल खेत में ही गिर गई। बेमौसम बारिश से किसानों को संकट डाल दिया है। – **अनूप मिश्रा**


बारिश के कारण फसल गिर जाने से दर कम हो जाती है और गेहूं भी काला पड जाता है। विक्रय में पूरी कीमत नही मिल पाती है। आने-पौने दाम में गेहूं बेचना पडता है। बारिश में दस एकड़ गेहूं गिर गया। – **अमित सिंह**, बझेड़ा, निगोही


पांच एकड़ में लगे गेहूं गिर गए। सरसों कुछ फूल गई, कुछ कटी पडी है। एक एकड़ कटी पड़ी है। बारिश होती रही तो सरसों जम जाएगी। गेहूं तो गिर ही चुका है, बारिश होती रही तो किसान बरबाद हो जाएगा। – **रोहित वर्मा**, रामनगर, निगोही


मेहनत करके गेहूं एवं सरसों की फसल बोई थी लेकिन इस बे मौसम की बरसात ने सारे अरमानों पर पानी फेर दिया। अब गेहूं एवं सरसों की उपज अधूरी रह जाएगी। शासन किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करे। – **सुखदेव शुक्ला**, कलान


तंबाकू की फसल रविवार सुबह ओलावृष्टि होने के कारण बिल्कुल चौपट हो गई है, जिसे तैयार करने के लिए उसने हजारों रुपये की लागत लगाई थी ।ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई होना मुश्किल लग रहा है। – **रामकिशन कश्यप**, कलान


दस बीघा गेहूं की फसल तैयार की थी, भरोसा था कि पिछली वर्ष से इस वर्ष अच्छी फसल की पैदावार होगी लेकिन बे मौसम की बरसात में गेहूं की फसल बिल्कुल खेत में बिछा दी। अब तो पैदावार कम हो जाएगी। – **राम प्रसाद राठौर**, धरमपुर सथरा, कलान

# बरसात के दौरान अंटा फीडर पर फटा केबिल बॉक्स, गुल हुई बिजली

- ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर लाइनों में फॉल्ट की वजह से अंधेरे में रहे उपभोक्ता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बरसात के दौरान बिजली लाइनों में फॉल्ट हो जाने से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर बिजली गुल रही। पांच से छह घंटे तक लोग बिजली गुल होने से परेशान रहे। सुबह लाइनें दुरुस्त करने के बाद सप्लाई चालू हो पाई।

रविवार तड़के 4: 30 बजे के करीब हथौड़ा बिजली उपकेंद्र के अंटा फीडर का केबिल बॉक्स फट गया। जिस कारण अंटा फिडर से जुड़े मोहल्लों अंटा, बिजलीपुरा, हयातपुरा, चमकनी करबला आदि मोहल्ले के करीब 42 सौ उपभोक्ता अंधेरे में रहे। करीब ढाई घंटे बाद केबिल बॉक्स में सुधार होने के बाद लाइन चालू की गई। इसके अलावा रोजा सिटी कॉलोनी, ककरा कला लाइन में फॉल्ट होने से करीब 4600 उपभोक्ता अंधेरे में रहे। करीब चार घंटे बाद लाइन दुरुस्त कर सप्लाई चालू की गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के पुवायां, गंगसरा, मुड़िया आदि स्थानों पर भी लाइनों में फॉल्ट के चलते बिजली गुल रही।

फीडर का केबिल बॉक्स फट हो गया था। करीब 4:30 बजे से दो ढाई घंटे तक बिजली गुल रही। लगभग सात बजे बिजली सप्लाई शुरू करा दी गई। – **अंकित तिवारी**, जेई, हथौड़ा विद्युत उपकेंद्र

# कोलाघाट मार्ग दलदल में तब्दील, फंसे वाहन

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** बारिश में कोलाघाट मार्ग जवाब दे गया। शनिवार रात से ही कोलाघाट मार्ग पर वाहन फंसने लगे। जिसके चलते वाहन स्वामियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

मिर्जापुर कलान के बाशिंदे फिलहाल कोलाघाट पैंटून पुल से जलालाबाद पहुंच रहे है। कच्चा मार्ग होने के चलते बारिश में रास्ता दलदल में तब्दील हो गया। जिसके चलते शनिवार रात से ही दर्जनों वाहन दलदल फंस गए। जिन्हें ट्रैक्टर द्वारा किसी तरह खींच कर निकाला गया। रविवार को भी पूरे दिन वाहन फंसते रहे। वहीं आस-पास के गांव के लोग अपने ट्रैक्टर व रस्सा लेकर पहुंच गए है और वाहन फंसते ही वाहन स्वामी से 500 रुपये लेकर वाहन को खींच कर बाहर कर देते हैं। मुसीबत में फंसा वाहन स्वामी रुपये देने को मजबूर है। वहीं ट्रैक्टर चालक इस आपदा को जमकर भुना रहे है। वाहन फंसने के कारण कोलाघाट मार्ग पर पूरे दिन लंबा जाम लगा रहा। वाहन स्वामी प्रशासन की व्यवस्था को कोस रहे थे।


ट्रैक्टर से कार खिंचवाते वाहन स्वामी। ● अमृत विचार

- लगता रहा जाम, 500 रुपये देकर ट्रैक्टर से निकलवाए वाहन

# सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नगरिया मोड़ पर हादसे में घायल अज्ञात ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**अमृत विचार:** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई। निगोही क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार और तिलहर क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति की वाहन से टकराकर मौत हो गई।


मृतक आनंद कुमार।

**निगोही**। क्षेत्र के गांव पचदियुरा निवासी आनंद कुमार(48) शनिवार की शाम पांच बजे बाइक से अरेली बाजार में सब्जी खरीदने आया था। वह शाम सात बजे गांव वापस जा रहा था। अरेली और पचदियुरा गांव के बीच नहर की पुलिया के निकट गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार आनंद कुमार घायल हो गए। आस-पास के गांव वाले दौड़े तो चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। सूचना पर पुलिस और घायल के परिवार वाले मौके पर पहुंच गए। परिवार वाले घायल को सीएचसी पर लेकर आए और डॉक्टर ने आनंद कुमार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। मृतक की पत्नी सिमरन, बेटा हिमांशु, विपांशु का रो-रोकर बुरा हाल है।

**तिलहर**। पुलिस के मुताबिक 19 फरवरी की शाम नगरिया मोड़ पर सड़क पार करते समय अज्ञात व्यक्ति वाहन से टकराकर घायल हो गया था। अज्ञात व्यक्ति की उम्र 40 साल थी। पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अज्ञात के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# छात्रा को किया अगवा, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** खुदागंज क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि उसकी 19 वर्षीया पुत्री बरेली के फरीदपुर में एक कॉलेज में पढ़ती है। वह 27 फरवरी की सुबह साढ़े सात बजे घर से निकली। दोपहर तक नहीं आई तो उसे तलाश किया। स्कूल में पता किया तो पता चला कि वह उस दिन कॉलेज नहीं पहुंची थी। वह रिश्तेदारी में तलाश करते रहे। तीसरे दिन पता चला कि कॉलेज का छात्र पीलीभीत निवासी आयुष पुत्री को अगवा कर ले गया है। उसकी बेटी को अगवा कराने में अन्य लोगों का सहयोग है। पुलिस ने आरोपी आयुष, रिमांशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरा, तीन मवेशी मरे

संवाददाता,जलालाबाद

**अमृत विचार:** गांव अफतियापुर में गांव के किनारे से निकली 11हजार हाई वोल्टेज की लाइन का तार रविवार सुबह बारिश के साथ तेज हवा के चलते टूटकर तीन भैसों पर गिर गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति रोष है।

गांव निवासी अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि जूनियर स्कूल के पास उनका घर हैं और घर के सामने उनकी जमीन है। इसमें वह जानवरों को बांधते हैं। रविवार को बिजली का तार टूटकर गिरने से करंट की चपेट में आकर उनकी तीन भैंस की मौत हो गई है। जिनकी कीमत तकरीबन एक लाख रुपये से अधिक थी।

उसका कहना है कि गांव के किनारे जो लाइन है उसके तार बहुत ही पुराने व जर्जर हैं, जो आए दिन टूट कर गिरते रहते हैं। परंतु बिजली विभाग इस ओर ध्यान नहीं देता है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के प्रति रोष जताया है। वहीं सूचना मिलने पर तहसीलदार पैगाम हैदर ने लेखपाल कानूनगो को जांच के लिए भेजा और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

### शौच करने गई लड़की को लगा करंट

**पुवायां**। क्षेत्र के गांव सिरखिड़ी निवासी सतीश की पुत्री रोशनी(10) रविवार को दोपहर खेत पर शौच करने गई थी। तभी वहां हाई टेंशन लाइन का तार टूटा पड़ा था। जिससे उसे करंट लग गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया है। उसकी हालत ठीक बताई जा रही है।

### बारिश के चलते मिर्जापुर में गुल रही बिजली

**मिर्जापुर**। मिर्जापुर में शनिवार रात बारिश के चलते पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। रविवार पूरे दिन बिजली के दर्शन नहीं हुए। जिससे उपभोक्ताओं के इन्वर्टर व मोबाइल जवाब दे गए। पानी की भी किल्लत रही। विद्युत कर्मियों ने बताया कि उसावां से आने वाली 33 केवी लाइन में फॉल्ट के चलते सप्लाई नहीं आ रही है। जिसे ठीक करने में बिजली कर्मी पूरे दिन लगे रहे, लेकिन शाम तक बिजली नहीं आई।

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्प्लान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab



डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने,
151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient
उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना। ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/स्वतंत्रता सेनानी

# बांस-बल्ली के सहारे पार कर रहे नदी... नहीं ले रहा कोई सुधि

## ब्लॉक सिंधौली के गांव पसिगनपुर, शेखूपुर, रायपुर, मनुआबारी समेत कई गांवों के लोग झेल रहे दिक्कत

संवाददाता, सिंधौली

- वादे तो तमाम हुए पर ग्रामीणों की उम्मीद नहीं हुई पूरी
- तहसील या शहर जाने के लिए इसी पुल का है सहारा

**अमृत विचार:** बड़े-बड़े हाईवे बन रहे हैं, पुलों और ओवरब्रिजों का निर्माण हो रहा है, जिससे यातायात सुगम हो रहा है, पर ब्लॉक सिंधौली क्षेत्र के गांव पसिगनपुर, शेखूपुर, रायपुर, मनुआबारी समेत कई ऐसे गांव हैं, जहां के लोगों को नदी पार करने के लिए आज के दौर में भी बांस-बल्ली का ही सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि ग्रामीणों से वादे तो तमाम हुए लेकिन उम्मीदें पूरी नहीं हो पाई।

ग्राम पंचायत शेखूपुर सरैंया के गांव पसिगनपुर के पास से खन्नौत नदी निकली है, इस गांव के लोगों को नदी पार करने के लिए आज भी बांस, बल्ली का सहारा लेना पड़ता है। पुल का निर्माण नहीं होने से पसिगनपुर के अलावा शेखूपुर, रायपुर आदि गांव के लोग दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। इन गांव के लोगों के खेत नदी के पार हैं। फसल उगाने के लिए किसानों को नदी पार तो जाना ही होता है, इसलिए किसानों ने सहूलियत के वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नदी में बांस-बल्ली लगाकर अस्थाई पुल बना लिया। चुनाव के दौरान वोट मांगने के लिए आने वाले नेताओं से कई बार पुल निर्माण करवाए जाने की मांग रखी लेकिन हर बार आश्वासन देकर ग्रामीणों के वोट हासिल कर लिए और फिर गांवों की तरफ मुड़ कर भी नहीं देखा। नदी के किनारे बसे गांव ईंटारोरा, सुहेली, दिलावरपुर, सिमरा, मुजफ्फरपुर, पनबाड़ी, नथुआपुर आदि गांव के लोगों को तहसील मुख्यालय या फिर शहर जाने के लिए इसी पुल का सहारा लेना पड़ता है। पैदल साइकिल लेकर पुल पार करना तो आसान होता है लेकिन जब बाइक वाले को पुल पार करना होता है तो उसकी सांसें अटक जाती हैं क्योंकि बाइक पर बैठकर पुल पार करना तो सीधे मौत को दावत देने जैसा है, इसलिए लोग पैदल बाइक के साथ जब पुल पार करते हैं, तब पुल हिलता रहता है, ऐसे में पुल से गुजरने वाले लोग अनहोनी की आशंका से डरे-सहमे रहते हैं। यदि पुल को छोड़ दें तो ग्रामीणों को कई किलोमीटर का चक्कर काटकर दूसरे गांवों के रास्तों से होकर ब्लॉक सिंधौली, शाहजहांपुर या पुवायां तहसील पहुंचना पड़ता है। बरसात के दिनों में नदी में जल स्तर बढ़ने पर इस बांस-बल्ली वाले पुल से गुजरना भी मुश्किल होता है।



खन्नौत नदी पर बना बांस-बल्ली का अस्थाई पुल। ● अमृत विचार

### दूरी 12 किमी, तय करनी पड़ रही 25 किमी.

खन्नौत नदी पर पुल बन जाने से पसिगनपुर गांव से ब्लॉक सिंधौली पहुंचने के लिए 12 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी लेकिन पुल का निर्माण नहीं होने से पसिगनपुर और आसपास के गांव के लोगों को सिंधौली आने के लिए गोरारायपुर होते हुए 25 किमी. की दूरी तय कर सिंधौली आना पड़ रहा है। वहीं पुवायां तहसील मुख्यालय पहुंचने के लिए सहोरा पुल से होकर 30 किमी. दूरी तय करनी पड़ रही है।

जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक कई बार पुल निर्माण के लिए मांग की गई लेकिन हर बार आश्वासन दे दिया गया। गांव की इस समस्या के लिए एक बार फिर से प्रयास किए जाएंगे। **-शिवराम,** प्रधान ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर।

### क्या कहते है परेशान ग्रामीण



पुल निर्माण के लिए कई बार नेताओं से कहा, लेकिन हर बार आश्वासन देकर टरका दिया गया। हम लोगों को खेतीबाड़ी करने के लिए मजबूरी में बांस-बल्ली वाला अस्थाई पुल बनाकर नदी पार आना पड़ता है।
**- राजकुमार,** गांव मुजफ्फरपुर।



बांस-बल्ली वाले इस पुल से पार करते समय हर वक्त खतरा भी बना रहता है, हालांकि कभी कोई बड़ी घटना नहीं हुई, लेकिन पुल से गिरने की आशंका तो बनी ही रहती है, इसी वजह से बच्चों को पुल पर नहीं आने देते हैं।
**-अतुल कुमार सिंह,** गांव ईंटारोरा।



पुल बन जाने से हम गांव वालों को ब्लॉक और तहसील मुख्यालय पहुंचने में आसानी हो जाएगी, जो अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है, वह दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी, मगर जनप्रतिनिधि इस ओर आंख मूंदे हैं।
**- चंद्रकांत दीक्षित,** पनवाड़ी।



चुनाव के दौरान नेता वोट मांगने के लिए आते हैं और बोलते हैं कि इस बार पुल का निर्माण हर हाल में करा दिया जाएगा, शासन को पत्र लिख दिया गया है, लेकिन चुनाव बाद पुल का मुद्दा ठंडे बस्ते में चला जाता है।
**-विजय वर्मा,** पूर्व प्रधान नथुआपुर।

# तेंदुआ के गन्ने में छिपे होने का डर, दहशत में ग्रामीण

संवाददाता, खुटार

- दो युवकों पर हमला, दो छुट्टा पशु, नीलगाय का कर चुका है शिकार
- सहमे ग्रामीणों का आरोप, वन विभाग नहीं कर रहा खदेड़ने का प्रयास

**अमृत विचार:** गांव महुआ पिमई में तेंदुआ ने नीलगाय का शिकार कर लेने के बाद भी वन विभाग अफसरों की नींद नहीं टूटी है। ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुआ को पकड़ने और खदेड़ने का खास प्रयास नहीं किया है। इसके चलते ग्रामीण दहशत में है। घटना के बाद से लोग खेतों की तरफ नहीं पहुंच सके। आशंका जताई है कि तेंदुआ गन्ने में छिपा है और कभी भी हमला कर सकता है। उधर, वनकर्मी ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं।

खुटार के गांव महुआ पिमई में रहने वाले ओमप्रकाश के गेंहू के खेत में शुक्रवार सुबह तेंदुआ ने नीलगाय पर हमला कर मार डाला था। खेतों में जाने पर ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई थी। सूचना के बाद रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने वनकर्मियों को भेजा था। खेत में पगमार्क नहीं मिलने से लोकेशन ट्रेस न हो पाई थी। शनिवार को ग्रामीण खेतों में फसलों की रखवाली करने नहीं गए। उनको डर था कि तेंदुआ गन्ने में छिपा हो सकता है और कभी भी हमलावर हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि 22 फरवरी से सीतापुर, कढ़ैया, सहारू, लुकटाह, नरौठा हंसराम सहित कई गांव में चहलकदमी बरकरार है। जबकि दो युवकों पर हमला, दो छुट्टा पशु, नीलगाय का शिकाaर कर चुका है। साथ ही पालतू पर हमला कर घायल कर दिया था।

बावजूद इसके अधिकारी तेंदुआ को पकड़ने का कोई बंदोबस्त नहीं किया है। तो वहीं, वनकर्मी कांबिंग के नाम पर खानापूर्ति कर रहे है। ग्रामीणों ने वनकर्मियों के प्रति रोष व्याप्त है।

लगातार क्षेत्र में कांबिंग कराई जा रही है और वनकर्मी भी लगातार गांव पहुंचकर ग्रामीणों को सचेत कर सतर्कता बरते की अपील कर रहे है।
**– मनोज श्रीवास्तव,** रेंजर खुटार।

# महिला और सास को पीटा, तहरीर दी

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव रसवां कलां निवासी रंजीत कुमार की पत्नी ज्योति देवी ने बताया कि खुटार पुवायां मार्ग पर बुद्धा पार्क के पीछे उसका घर है। आरोप है कि दो फरवरी की शाम करीब 6:30 बजे घर के बाहर दो लोग शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। घर के सामने से जाने की बात कहने पर उक्त लोग भड़क उठे और गाली गलौज शुरू कर दी। रविवार दोपहर करीब एक बजे इस बात को लेकर रंजिश मानते हुए उक्त लोग अपनी पत्नियों के साथ घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूंसों से पिटाई की। शोर की आवाज सुनकर बीच बचाव करने पहुंची सासको भी पीट दिया। बताया कि आरोपी दबंग किस्म के हैं। ज्योति देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# राहत: अब स्पेशल नहीं, साधारण पैसेंजर का देना होगा किराया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रोजा, बंथरा दस, बरेली का बीस और सीतापुर का पच्चीस रुपये किराया तय

**अमृत विचार:** लॉकडाउन के समय से पैसेंजर ट्रेनें स्पेशल पैसेंजर ट्रेन बनाकर संचालित की जा रही थी। यात्रियों को अधिक किराया देना पड़ता था। लेकिन अब यात्रियों पैसेंजर ट्रेन का किराया साधारण किराया देना होगा। जो लोगों के लिए राहत भरी खबर है।

लॉकडाउन के समय पैसेंजर ट्रेन को स्पेशल पैसेंजर ट्रेन बनाकर संचालित किया गया था। जो अभी तक स्पेशल पैसेंजर ट्रेन बनकर चल रही थी। यात्रियों को अधिक भाड़ा देना पड़ता था। बरेली का पचास रुपये और तिलहर स्टेशन तक तीस रुपये देना पड़ता था। इसी प्रकार शाहजहांपुर से मैगलगंज तक तीस रुपये और सीतापुर का पचास रुपये किराया था। शाहजहांपुर से शाहाबाद तक का किराया तीस रुपये थे। यात्रियों को रोजा का किराया भी तीस रुपये देना पड़ता था। अब रेल प्रशासन ने आदेश दिया है कि पैसेंजर ट्रेन का किराया यात्रियों से साधारण लिया जाए। स्थानीय स्टेशन पर टिकट घर और एटीवीएम मशीन से पैसेंजर ट्रेन का किराया यात्रियों से साधारण किया लेकर टिकट दिए जा रहे है। अब पैसेंजर ट्रेन का साधारण किराया शाहजहांपुर से बंथरा का दस रुपये, तिलहर का दस रुपये, कटरा का दस रुपये, बरेली का बीस रुपये, रोजा का दस रुपये, बरतारा का दस रुपये, मैगलगंज का पंद्रह रुपये, सीतापुर का पच्चीस रुपये, रोजा का दस रुपये, शाहाबाद का दस रुपये व हरदोई का बीस रुपये भाड़ा देना होगा। पैसेंजर ट्रेन का साधारण किराया आज से चालू हो गया है। साधारण किराया से यात्रियों को काफी राहत मिली है।

यदि यात्री पैसेंजर ट्रेन का रेल टिकट मांगता है तो साधारण किराया लिया जाएगा है। एक्सप्रेस ट्रेन का किराया मांगता है तो यात्री को एक्सप्रेस का किराया देना होगा। टिकट घर प्रभारी को निर्देश दिए गए है कि पैसेंजर ट्रेन का टिकट मांगने पर साधारण किराया लिया जाए। **– सुधीर सिंह,** डीसीएम, मंडल मुरादाबाद।

# श्याम प्रेमियों ने निकाली पैदल निशान यात्रा



निशान यात्रा के दौरान श्याम बाबा के जयकारे लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** नगर के तमाम श्रद्धालुओं खाटू श्याम की निशान यात्रा निकालकर पैदल शाहजहांपुर के बरेली मोड़ पहुंचे। इसके बाद खाटू श्याम मंदिर में माथा टेका और आरती कर प्रसाद वितरण किया।

नगर के बंसी वाले मंदिर में रविवार को श्रद्धालु एकत्र हुए। उसके बाद बारिश के बीच श्रद्धालु खाटू श्याम की ध्वजा पताका लेकर खाटू श्याम बाबा के गुड़गांव करते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंचे। वहां आरती करने के बाद उन्होंने सराफा बाजार, कुंवर गंज से बाईपास चौराहा होते हुए हाईवे से बरेली मोड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर तक पदयात्रा की। पूरे रास्ते डीजे एवं ढोल नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों पर रखते और गुणगान करते चल रहे थे। बरेली मोड़ के खाटू श्याम मंदिर पर पहुंचकर सभी भक्तों ने निशान अर्पण करने के बाद पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान प्रशांत खन्ना, राजा रस्तोगी, किशन सक्सेना, मनोज गुप्ता, अनुज, राहुल अग्रवाल, कृष्णा सिंह, अवधेश कश्यप, अंकुर गुप्ता, राघव चौहान, निधि गुप्ता, शिवम सक्सेना सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मिर्जापुर के गांव थाथरमई निवासी मनीता ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले मदनापुर के दौलतपुर पूर्वी निवासी सोहनलाल के साथ हुई थी। दिए दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे। ससुराली अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये, बाइक, फ्रिज की मांगकर रहे थे। मनीता के मना करने पर ससुराली नाराज हो गए और उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि छह माह पहले दो साल की पुत्री के साथ ससुरालियों ने घर से निकाल दिया। तब से वह मायके में रह रही है। पीड़िता ने बताया कि थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उसके बाद एसपी से मिलकर व्यथा सुनाई तो मदनापुर पुलिस ने एसपी के आदेश पर पति सोहन लाल, ससुर बहादुर, जेठ अरविंद समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393



## शाहजहांपुर-पुवायां हाईवे चौड़ीकरण कार्य, बैंक शाखा को तोड़ा, लेन देन प्रभावित

# घरों और दुकानों के किनारे लगा दिए खंभे

संवाददाता, सिंधौली

**अमृत विचार:** पुवायां-शाहजहांपुर राजमार्ग का चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि नगर में विद्युत पोल शिफ्टिंग के मामले में लापरवाही बरती गई है। पुरानी जगहों से उखाड़कर नई जगह लगाए खंभों को आवास तथा दुकान के किनारे लगा देने से हादसे का खतरा बढ़ गया है।

आवास तथा दुकानों से बिलकुल सटाकर लगाए गए खंभों पर बंधे पुराने तार किसी भी बड़ी घटना का कारण बन सकते हैं। कई जगहों पर डाली गई लाइन के तार इमारत की दीवारों से टकराते हैं। सड़क पार करने के दौरान डाली गई लगभग पचास मीटर लंबे पुराने तारों को जोड़ लगाकर बिना बीच में कोई सपोर्ट दिए लगा दिया गया। जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। मार्ग चौड़ीकरण के दौरान सीमा में फंस रही बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के भवन को भी शनिवार से तोडना शुरू कर दिया गया। इसी लाइन में बनी स्टेट बैंक तथा जिला सहकारी बैंक शाखा का अतिरिक्त हिस्सा तोड़े जाने से शनिवार को बैंकों का काम काज प्रभावित रहा। जिससे ग्राहकों को लेन देन संबंधी असुविधा का सामना करना पड़ा। राजमार्ग चौड़ीकरण के दौरान नगर के जूनियर हाई स्कूल के सामने सड़क पर चिकनी मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। शनिवार को हुई बरसात के कारण मिट्टी वाले स्थान पर जबरदस्त फिसलन हो गई। जिस कारण कई दोपहिया वाहन सवार लोग गिरकर चोटिल हो गए।



बैंक भवन का तोड़ा गया भवन। ● अमृत विचार





घर के पास लगा खंभा।

- बोले लोग, नगर में विद्युत पोल शिफ्टिंग के मामले में बरती गई लापरवाही

निरीक्षण के दौरान देखा जाएगा, जो भी कमियां हैं, उनको दुरुस्त किया जाएगा। किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। **– राजकुमार,** एक्सईएन, सिंधौली विद्युत उपकेंद्र।

## एक नजर

### गैंगस्टर का इनामी अपराधी गिरफ्तार



**तिलहर/शाहजहांपुर।** तिलहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि अभियुक्त छोटे निवासी भूड़ा थाना भोजीपुरा जिला बरेली के खिलाफ पिछले साल गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी कई माह से फरार चल रहा था। एसपी ने फरार अपराधी पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। पुलिस को रविवार की सुबह साढ़े नौ बजे सूचना मिली कि हाइवे पर एक ढाबे के पास वह खड़ा है। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं के नौ मुकदमें है। इधर कलान थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र ने बताया कि अनूप कुमार निवासी जखिया थाना कलान के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने गांव के बाहर से वारंटी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### अलग-अलग स्थानों पर विवाद, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार।** अलग-अलग स्थानों पर हुए विवाद के मामले में रविवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी सचिन की पत्नी कुसुम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका जेठ पवन कुमार शराब पीकर आए दिन गाली गलौज करता है। मना करने पर पिटाई पर आमादा हो जाता है। शनिवार रात को शराब पीकर जेठ ने विवाद कर दिया। विरोध किया तो गाली गलौज कर पिटाई कर दी। इसके बाद चला गया। उधर, जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के गांव बुझिया निवासी राजीव ने बताया कि शनिवार को वह किसी काम से खुटार पुवायां मार्ग पर स्थित बुद्धा पार्क (गांव रसवां कलां) निवासी लालाराम के घर आया था। वहीं पर पड़ोस के रहने वाले विपिन, रंजीत और दीपू बैठे थे। उक्त लोग बेवजह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने के दौरान पिटाई कर दी। इन दोनों विवादों में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। रविवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**भीरा।** थाना भीरा क्षेत्र के गांव दीवान टांडा निवासी क्रांति सिंह (65) पुत्र जादू सिंह साइकिल से रविवार की दोपहर करीब एक बजे अपने घर जा रहे थे। लखीमपुर-भीरा मार्ग पर बरम बाबा चौराहे के निकट लखीमपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजा, जहां उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक पंकज त्रिपाठी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### मुकदमा कोर्ट में, पति ने कर ली दूसरी शादी

**निगोही।** सदर बाजार के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी आरती वर्मा ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी बीवीजई हद्दफ निवासी शिव कुमार के साथ 17 फवरी 2018 में हुई थी। उसका पति से दहेज एक्ट का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बाद भी पति ने निगोही क्षेत्र की एक युवती से शादी कर ली है। पीड़िता ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# दिल्ली की पार्टियों को अफीम सप्लाई करने वाले दो तस्कर किए गिरफ्तार

## आरोपियों से बरामद तीन किलो अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत तीन करोड़

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट मेरठ और बरेली व कटरा पुलिस ने हाईवे पर कटरा चौराहे दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े तस्कर कांट थाना क्षेत्र के है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे तीन किलो 200 ग्राम अफीम, कार, नगदी, एक मोबाइल फोन बरामद किया है। तस्कर दिल्ली की एनसीआर पार्टियों को सप्लाई करते थे। बरामद अफीम की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तीन करोड़ 20 लाख रुपये है।

पुलिस टीम को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि मादक पदार्थ तस्कर कई जिलों में अफीम की सप्लाई करते है। एनटीएफ मेरठ और बरेली की यूनिट तस्करों की तलाश में लगी हुई थी। दोनों टीमें बरेली में थी। दोनों यूनिट तस्करों की तलाश में शनिवार को कटरा पहुंची। शाम छह बजे



कटरा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

● **एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट मेरठ और बरेली और कटरा पुलिस ने की धरपकड़**

सूचना मिली कि तस्कर हाईवे कटरा चौराहे पर है। टीम ने कटरा पुलिस को साथ लेकर दो तस्करों को कार समेत दबोच लिया। पकड़े गए तस्कर मोहम्मद नौमान निवासी कस्बा कांट थाना कांट व मोहम्मद अफनान निवासी कस्बा कांट है। तस्करों के कब्जे से तीन किलो 200 ग्राम अफीम, एक कार, एक मोबाइल, दो सौ रुपये बरामद किए है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि अफीम झारखंड से लेकर आते थे। दिल्ली की एनसीआर पार्टियों को सप्लाई करते थे। पुलिस ने दोनों तस्करों का चालान कर दिया। मेरठ की टीम में उप निरीक्षक तनुज सिरोही, बरेली के उप निरीक्षक विकास यादव, कटरा के उपनिरीक्षक इतेश तोमर आदि थे।

### जेल में बंद भाई फैजान ने नौमान से शुरू कराया धंधा

पुलिस टीम ने बताया कि मादक पदार्थ की तस्करी में पकड़े अभियुक्त नौमान का भाई फैजान शाहजहांपुर जेल में बंद है। उसने ही झारखंड में नौमान को एक व्यक्ति से मिलवाया था और इसके बाद से वह अफीम के इस धंधे में कूद गया।

"कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि मादक पदार्थ तस्कर कई जिलों में अफीम की सप्लाई करते है। एनटीएफ मेरठ और बरेली की यूनिट तस्करों की तलाश में लगी हुई थी। सूचना पर दो तस्करों को कटरा चौराहे पर कार समेत गिरफ्तार कर लिया गया। भारी मात्रा में अफीम, मोबाइल, रुपये बरामद हुए हैं। यह लोग अफीम दिल्ली की एनसीआर पार्टियों को सप्लाई करते थे।

– **प्रयांक जैन**, सीओ, तिलहर

### फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के आरोपी पर एफआईआर दर्ज

**तिलहर, अमृत विचारः** भगवान राम को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के आरोपी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ली है।

कोतवाली के ग्राम डभौरा निवासी दूसरे संप्रदाय का एक युवक लगभग 2 महीने से मुंबई में रह रहा है। 1 मार्च को उसने वहीं से श्री राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए फेसबुक पर पोस्ट वायरल कर दी। जिसे देख लोगों में आक्रोश फैल गया। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने उसके घर वालों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। परिजनों ने पुलिस से फोन पर बात कर पोस्ट को डिलीट करवा दी, लेकिन लोगों का आक्रोश शांत नहीं हुआ और गांव के तमाम ग्रामीण पूर्व ब्लॉक प्रमुख शक्ति कुमार सिंह बूटी के आवास पर एकत्रित हुए और मुकदमा दर्ज करने की मांग की। रविवार को कोतवाली का घेराव करने की चेतावनी दी थी। जानकारी होने पर पुलिस ने समाज के लोगों को समझा कर शांत कराया और ग्रामीण अजीत राम की तहरीर पर आरोपी युवक रेहान अंसारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया किसी भी व्यक्ति को धार्मिक सद्भाव नहीं बिगाड़ने दिया जाएगा।

## एलईडी स्क्रीन पर ऑडियो, विजुअल के माध्यम से पढ़ाई करेंगे बच्चे



अत्याधुनिक कक्षा में पढ़ाते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

● **कैंब्रिज कांवेंट ने शिक्षा प्रणाली को किया अत्याधुनिक**

**अमृत विचारः** बदलते समय और बच्चों की जरूरत को देखते हुए नई शिक्षा प्रणाली के तहत रविवार को कैंब्रिज कांवेंट स्कूल में इंटरएक्टिव क्लास की शुरुआत स्कूल के डायरेक्टर रचित अग्रवाल और प्रधानाचार्य अनुश्रिता सिंह ने किया।

इंटरएक्टिव क्लास के माध्यम से बच्चों को थ्योरी के साथ ऑडियो विजुअल के द्वारा सभी विषयों का ज्ञान और समझने में मदद मिलेगी। स्कूल के निदेशक डॉ. रचित अग्रवाल ने बताया कि अब टीचर अपनी क्लास के बच्चों को एलईडी स्क्रीन पर ऑडियो व विजुअल के माध्यम से पढ़ाई करा सकेंगे। इंटरएक्टिव क्लास के माध्यम से स्कूली बच्चों को पढ़ाने का सबसे आधुनिक तरीका है। यह सबसे पहले कैंब्रिज स्कूल में बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शुरू किया गया है। जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ स्वर्णिम भविष्य मिल सकता है।



श्री फूल सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में मौजूद एनसीसी कैडेट्स व स्टाफ। ● अमृत विचार

## 128 कैडेट्स ने दी एनसीसी प्रमाण पत्र परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** आठ यूपी बटालियन एनसीसी बरेली के कर्नल राजेश शाह (वीर चक्र) और एडीएम मेजर इंदु मिश्रा के नेतृत्व में 25 यूपी एनसीसी के कैडेट्स की एनसीसी प्रमाण पत्र की परीक्षा फूल सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नियामतपुर में कराई गई। रविवार को हुई परीक्षा में 128 एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सूबेदार मेजर कमल सिंह राना, सूबेदार मेजर माही बरेली, सूबेदार सर्वर्णन, नायक सूबेदार लखन सिंह, वीरेंद्र पाल सिंह यादव, रामकुमार यादव प्रधानाचार्य, लेफ्टिनेंट कौशल सिंह आदि मौजूद रहे।

## बंद रेलवे फाटक से बाइक, साइकिल निकाली तो होगा चालान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **आरपीएफ ने चलाया जागरुकता अभियान, रेलवे ट्रैक पार करते चार पकड़े**

**अमृत विचारः** रेलवे फाटक पर होने वाले हादसे के मद्देनजर आरपीएफ ने सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया है। गोविंदगंज व रोडवेज बंद रेलवे फाटक के बंद होने पर बाइक व साइकिल निकाली तो पकड़े जाने पर चालान होगा। रविवार को स्थायी रूप से बंद गोविंदगंज रेलवे फाटक का ट्रैक पार करते समय तीन लोगों को आरपीएफ ने पकड़ लिया और चालान कर दिया।

गोविंदगंज रेलवे फाटक पर पुल बन जाने रेलवे फाटक को स्थायी रुप से कई साल पहले बंद कर दिया था। रेल प्रशासन ने फाटक के दोनों तरफ लोहे टायवार्ड लगाए, जिससे लोग पैदल रेल ट्रैक पार कर न सके। लेकिन लोहे को टायवार्ड के बीच से निकलकर रेलवे ट्रैक पार करके निकलते है। यहा पर पिछले साल एक सिपाही की पत्नी समेत कई लोगों की जान चुकी है। इसी प्रकार रोडवेज रेलवे फाटक बंद होने पर लोग बाइक व साइकिल बैरियर के नीचे से निकाल लेते है। यहां कई हादसे हो चुके है। साथ ही ठेले वाले फाटक से मिलाकर सब्जी के ठेले और ई-रिक्शा खड़े कर देते है। लोगों को फाटक पार करने में दिक्कत होती है। रेल प्रशासन ने इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया है। दोनों रेलवे फाटक पर आरपीएफ के सिपाही दिन में ड्यूटी पर रहते है और लोगों को समझाते है कि बंद फाटक से बाइक, साइकिल आदि न निकाले। यदि बाइक निकाली तो चालान कर दिया जाएगा। रविवार की सुबह दस बजे गोविंदगंज रेलवे फाटक पर टायवार्ड के बीच से निकलकर रेलवे ट्रैक पार करते समय चार लोगों को आरपीएफ ने पकड़ लिया और चालान कर दिया।



गोविंदगंज का रेलवे फाटक। ● अमृत विचार

आरपीएफ के एसआई मदन सिंह ने बताया कि जान सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। यदि किसी ने बंद रेलवे फाटक के बैरियर के नीचे बाइक, साइकिल आदि निकाली तो चालान कर दिया जाएगा।

## वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र कटरा में रविवार को निःशुल्क नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग व सामान्य रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 24 ने पंजीकरण कराया और जांच के बाद उन्हें मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

मरीजों को बस से वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल लाया गया। जहां मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। मरीजों को आई ड्रॉप एवं दवाइयां वितरित की गईं। इस मौके पर चिकित्सकों की ओर से लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया गया। नेत्र रोग



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के शिविर में जांच करतीं चिकित्सक। ● अमृत विचार

● **तिलहर की घटना में विवेचक ने पीड़ितों के दर्ज किए बयान**

विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जैसे कि काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया का इलाज, पर्दे की जांच व इलाज, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा आदि के विषय में बताया गया। कैंप के माध्यम से आई गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड मुफ्त में किया जाएगा। एक वर्ष के लिए मान्य परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200 रुपये में है। कैंप में नेत्र रोग विभाग की महिला चिकित्सक डॉ. तफीम, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. तपस्या रेड्डी, डॉ. कीर्ति पटेल व सामान्य रोग के चिकित्सक डॉ. विश्वजीत, नेत्र टेक्नीशियन वसुधा यादव पैरामेडिकल स्टाफ एवं चिकित्सा विश्वविद्यालय के चिकित्सा समाज सेवक जितेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

### हाईवे किनारे मिला ग्रामीण का शव

**उचौलिया, अमृत विचार :** गांव कंजा निवासी सुशील ने बताया कि उसके चाचा महेश शनिवार की शाम चार बजे किसी साइकिल सवार के साथ घर से निकले थे। ग्राम रतनपुर के गन्ना क्रय केंद्र के पास किसी की बाइक पर बैठ गए। वापस घर नहीं लौटे तो खोजबीन शुरू हुई।

रविवार की सुबह वह मृत अवस्था में उचौलिया में भारत पेट्रोल पंप के पास धुलाई प्रेशर के सामने हाईवे के किनारे पड़े मिले। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसने बताया कि चाचा महेश अविवाहित थे और उसके साथ ही रहते थे। थानाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शरीर पर चोट आदि के निशान नहीं मिले हैं। शराब के नशे में होने और ठंड के साथ खराब मौसम भी मौत का कारण हो सकता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक हिस्ट्रीशीटर रहा है। पुलिस इस बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाई।

## किसान, गन्ना पर्यवेक्षक के साथ मारपीट की जांच शुरू, आरोपियों की तलाश जारी

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचारः** गन्ना विकास परिषद कार्यालय में घुसकर किसान और गन्ना पर्यवेक्षक के साथ मारपीट करने के मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। विवेचक ने रविवार को पीड़ित किसान एवं पर्यवेक्षक के बयान दर्ज किए। वहीं आरोपी प्रधान और उसके साथियों की तलाश में दबिश दे रही है।

एक मार्च को गन्ना विकास परिषद कार्यालय में किसी काम से आए मीरपुर गांव के किसान प्रदीप कुमार ने ईश्वरा गांव के प्रधान प्रियांशु रजक उनके छह साथियों पर मारपीट गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इसी दौरान बीच बचाव करने आए, कार्यालय के गन्ना पर्यवेक्षक नितेश कुमार के साथ भी आरोपियों ने मारपीट और गाली गलौज की थी और किसान की बाइक तोड़ते हुए गन्ना विकास परिषद



पीड़ितों के बयान दर्ज करते विवेचक एसआई सुखपाल सिंह। ● अमृत विचार

● **तिलहर की घटना में विवेचक ने पीड़ितों के दर्ज किए बयान**

कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ हंगामा किया था। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी और मारपीट एवं गाली गलौज की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

कोतवाली पुलिस ने आनन-फानन में प्रधान और उसके पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस मामले में कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर विवेचना कर रहे एसआई सुखपाल ने किसान प्रदीप कुमार व गन्ना पर्यवेक्षक नितेश कुमार के बयान दर्ज किए। उधर, कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक आरोपियों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई नहीं की गई, तो वह सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## बालिकाओं में विकसित की नेतृत्व क्षमता



कार्यशाला में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **मीना मंच के तहत कार्यशाला का समापन**

**अमृत विचारः** कस्तूरबा गांधी आवासीय व लोक विद्यालय सहित उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को मीना मंच के अंतर्गत बालिकाओं को जागरूक, सशक्त एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के लिए नगर संसाधन केंद्र किला पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका खंड शिक्षा अधिकारी नगेंद्र कुमार ने समापन किया।

रविवार को हुए कार्यक्रम में प्रशिक्षक गायत्री शुक्ला ने कहा कि बालिकाओं में आयु के बढ़ने के साथ शारीरिक विकास होता है। जो बात वह शिक्षक-शिक्षिका या मां को बताते हुए घबराती हैं हैं। वह अपनी बात आसानी से अपनी सहेली को बता देती हैं। मीना मंच की सदस्य सहेली के रूप में पावर एंजल बन घुलमिल कर बातों-बातों में समस्या का पता लगा लेती है, जिससे शिक्षिका या अभिभावकों द्वारा समय पर ही समस्या का उपाय ढूंढ लिया जाता है। प्रशिक्षक रफीआ इरम ने बालिकाओं और उनके अभिभावकों को जागरूक करने के लिए कई प्रकार की गतिविधियां कराईं, जिनकी सहायता शिक्षक बच्चियों को हाईजीन, अच्छे बुरे बर्ताव, और सामाजिक कुरीतियों के बारे जानकारी दे सके। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आज भी निचले स्तर पर समाज में बालक बालिकाओं में भेदभाव होता है तथा बालिकाओं के साथ अभिभावकों का तालमेल नहीं बैठता। जिस कारण बालिकाएं बहुत सी समस्याएं बता नहीं पाती इसलिए विद्यालय मे मीना मंच गठन कर बालिकाओं को जागरूक के साथ नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण में इमरान सईद खान, फरहना जफर, शकुंतला देवी, मधुरिमा गुप्ता, रशीद अहमद आदि शामिल रहे। फरहना जफर को प्रोत्साहित करने के लिए स्टार लगाकर सम्मानित किया।

### पति ने मायके जाने से रोका तो पत्नी ने दे दी जान

**सिंधौली।** पति के मायके जाने से रोकने पर विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव भंडेरी निवासी सरबती (24) पत्नी प्रदीप का मायका निगोही क्षेत्र के गांव पलिया में है। रविवार की सुबह महिला ने पति से मायके जाने की जिद की, लेकिन पति ने मना कर दिया गया। दोनों के बीच इस बात को लेकर काफी देर बहस हुई। कुछ देर बाद जब घर के सभी सदस्य काम से बाहर चले गए। इसी बीच सरबती ने दो वर्षीया पुत्री व सात माह के पुत्र को बाहर छोड़ कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। महिला ने हुक से साड़ी बांधकर लटककर आत्महत्या कर ली। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने परिजन को सूचना दी। चार बजे के आसपास सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सड़क बनी दलदल, वाहन सवार गिरकर चोटिल

संवाददाता, सिंधौली

**अमृत विचारः** मुड़िया पमार मार्ग पर भट्ठा स्वामियों द्वारा निकाली गई मिट्टी की ट्रॉलियों के कारण रविवार को हुई बरसात में सड़क दलदल बन गई। रास्ते पर फिसलकर दर्जनों राहगीर चोटिल हो गए।

शाहजहांपुर-पुवायां राजमार्ग से क्षेत्र के गांव मुड़िया पमार आदि गावों के लिए सड़क जाती है। गांव चडारी, चंदपई, महमूदापुर, पचपेडा, उमरिया, नगला भोज, पिपरिया दास, कोटावारी आदि के वाशिंदों का ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचने का एकमात्र माध्यम यह सड़क है। नगर से निकले इस मार्ग पर डेढ़ किलोमीटर की दूरी तक लगभग आधा दर्जन ईंट भट्ठे हैं। ईंट पथाई के लिए भट्ठा स्वामियों की ओर से इस मार्ग पर पूरे वर्ष मिटटी भरी ट्रॉलियां निकाली जाती हैं। इन ट्रॉलियों से सड़क पर गिरने वाली मिट्टी को हटाने की व्यवस्था भट्ठा कारोबारियों की ओर से कभी नहीं की जाती है।



मुड़िया पमार गांव में दुर्दशा की शिकार सड़क। ● अमृत विचार

जिस कारण थोड़ी सी बरसात में भी मार्ग पर जबरदस्त फिसलन और दलदल हो जाता है। शनिवार की रात हुई बरसात के बाद मार्ग की इस कद्र दुर्दशा हुई कि रविवार को नगर की साप्ताहिक बाजार आने वाले वाले दर्जनों दोपहिया वाहन फिसल जाने से आमजन चोटिल हो गए।

इस मार्ग पर होने वाली कीचड़ ही जनता के लिए सिरदर्द नहीं बनती बल्कि गर्मियों के समय हवा के साथ उड़ती धूल भी अक्सर हादसे का कारण बन जाती है।

क्षेत्रवासी गौरव गुप्ता, विशेष मिश्र, राहुल सिंह, विजय सिंह, अपूर्व द्विवेदी, प्रमोद कुमार, जितेंद्र शर्मा, सुमित कुमार आदि ने बताया कि जनता की इस समस्या पर स्थानीय प्रशासन का कभी ध्यान नहीं गया। जरा सी कीचड़ में बाइक पर सवार बच्चे और महिलाएं सड़क पर गिरकर चोटिल होते रहते हैं। शीघ्र ही इस मुद्दे के लिए क्षेत्रवासी आंदोलन करेंगे।

# थाने की जीप की टक्कर से दंपती समेत चार घायल

## चीख-पुकार करते रहे बाइक सवार, गाड़ी में फंसी रही बाइक, एसओ का नहीं उठा फोन

संवाददाता, निघासन/पलिया

**अमृत विचार :** मझगईं-निघासन मार्ग पर शनिवार की देर रात मझगई थाने की सरकारी गाड़ी ने वैवाहिक समारोह से पत्नी और दो बच्चों के साथ वापस जा रहे शिक्षक की बाइक में सामने से टक्कर मार दी, इससे बाइक गाड़ी के नीचे आकर फंस गई।

दंपती और उसके दो बच्चे भी दब गए। सभी चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन गाड़ी से नीचे उतरे पुलिस वालों ने घायलों को अस्पताल भेजने की जहमत नहीं उठाई। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों की इसको लेकर झड़प हुई। लोगों ने सभी घायलों को बाहर निकाला। इसी बीच पहुंची निघासन पुलिस ने घायलों को निघासन सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस की इस कार्यशैली से लोगों में भारी रोष है।


पुलिस की जीप के नीचे फंसी बाइक।

- मौके पर पहुंची निघासन पुलिस ने घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

बम्हनपुर निवासी भूपेंद्र गंगवार (38) पत्नी अनीता (35), पुत्री अनुष्का (7) और पुत्र अनिकेत (4) के साथ निघासन-पलिया मार्ग पर स्थित एक बरात घर में हो रहे वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वह रात करीब 1.30 बजे बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। पृथ्वीपुरवा चौराहा के आगे हरविंदर सिंह फौजी के घर के पास सामने से मझगई थाने की आ रही जीप ने बाइक में टक्कर मार दी। जीप पर दरोगा सहित तीन लोग सवार थे। घटना के बाद बाइक और उस पर सवार लोग जीप में फंस गए, लेकिन मझगई पुलिस कर्मियों ने दुर्घटना के बाद भी घायलों को काफी देर तक बाहर नहीं निकाला। किसी तरह से घायल स्वयं बाहर निकले। सभी चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन पुलिस ने उन्हें अस्पताल ले जाने की जहमत नहीं उठाई। हादसे के बाद लालजी प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक मोहित जायसवाल कई लोगों के साथ मौके पहुंचे। उन्होंने थाने के सीयूजी नंबर पर कई बार कॉल की, लेकिन एसओ का फोन नहीं उठा। उसके बाद एसपी गणेश प्रसाद साहा को मामले की जानकारी दी गई। एसपी के हस्तक्षेप के बाद निघासन पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी लाई, जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### नशे में था सरकारी जीप का चालक

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुलिस की गाड़ी का चालक नशे में था। उसके मुंह से शराब की बदबू आ रही थी। उनका कहना है कि वैसे तो बाइक हो या बड़ा वाहन शराब पीकर गाड़ी चलाना कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है, फिर भी पुलिस का चालक ही सरकारी गाड़ी शराब पीकर चला रहा था। इस चालक पर क्या कार्रवाई होगी? इसको लेकर लोगों ने सवाल खड़े किए हैं।

### गुस्साए लोगों ने झड़प के दौरान छीनी राइफल

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोगों की मौके पर भीड़ एकत्र हुई तो पुलिस वालों से घायलों को अस्पताल न ले जाने पर कड़ी नाराजगी जताई तो सरकारी गाड़ी पर सवार पुलिस वाले अभद्रता करने लगे। इस पर दोनों पक्षों में जमकर नोकझोंक हुई। बताया जाता है कि इस दौरान भीड़ ने एक सिपाही की सरकारी राइफल भी छीन ली। सिपाही की काफी मिन्नतों के बाद राइफल वापस की गई।

### फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते थाना प्रभारी मझगई

पलिया कलां। मुख्यमंत्री का आदेश हैं कि अधिकारी हो या कर्मचारी। सभी सरकारी नंबर पर आने वाली प्रत्येक काल को रिसीव करेंगे और पीड़ित की बात सुनकर तत्काल कार्रवाई करेंगे, लेकिन थाना मझगई के प्रभारी के लिए ये आदेश कोई मायने नहीं रखते। अमृत विचार ने घटना के बारे में पुलिस से बात करने के लिए कई बार फोन किया, लेकिन थाना प्रभारी ने न तो कॉल रिसीव की और न ही कॉल बैक की।

> घटना संज्ञान में है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत ठीक है। रायफल छीने जाने जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। मामले की जांच कराई जाएगी।
>
> –यादवेंद्र सिंह सीओ, पलिया।

## कब्जा हटवाने गए लेखपाल से अभद्रता दो भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली के गांव सीकरी क्षेत्र में तैनात हल्का लेखपाल रामौतार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 फरवरी को बिसौली एसडीएम ने गजराज सिंह के ईंट भट्ठे का निरीक्षण किया था। उन्होंने नक्शा देखा तो पास का चकरोड बंद मिला। जिस पर कब्जा किया हुआ था।

एसडीएम ने हल्का लेखपाल से नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम के निर्देश पर वह चकरोड पर पहुंचे। कब्जा हटाने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने चकरोड पर कब्जा करने वालों को पहले से खुद ही कब्जा हटाने को बोला लेकिन गांव श्यामपुर निवासी सरनाम व उसका भाई रोहिताश पुत्र धनपाल उनसे से बहस करने लगे। उच्चाधिकारियों को गाली दी। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने हल्का लेखपाल की तहरीर पर आरोपी दोनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। दोनों की तलाश की जा रही है।

# डॉक्टरों को पोर्टल पर दर्ज कराना होगा संपत्ति का ब्यौरा

- चल अचल संपत्ति अंकित न कराने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जिले में तैनात लेवल-वन के सभी चिकित्सकों को अपनी चल अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड कराना होगा। इतना ही नहीं इसका प्रमाण पत्र भी सीएमओ कार्यालय में जमा करना होगा। ऐसा न करने पर सीएमओ ने विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन डॉ. राजा गणपति आर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमानुसार चल एवं अचल संपत्ति का ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इस पर सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षकों को पत्र जारी कर लेवल-वन के सभी चिकित्सा अधिकारियों की चल अचल संपत्ति का ब्यौरा पोर्टल पर स्वयं दर्ज कराकर इसका प्रमाण पत्र कार्यालय पर जमा करने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ ने चेतावनी दी है कि प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। शासन और सीएमओ के आदेश से चिकित्सकों में खलबली मची हुई है। विभागीय लोग बताते हैं कि चिकित्सक संपत्ति का ब्यौरा पोर्टल पर फीड करवाने से बच रहे हैं। वहीं संगठन के लोगों का कहना है यह कोई नया आदेश नहीं है। हमने भी जब ज्वाइन किया था। तब भी चल अचल संपत्ति के बारे में शासन को जानकारी दी थी।

### जिले में मौजूद स्वास्थ्य सेवाएं

| | |
|---|---|
| जिला अस्पताल | एक |
| महिला अस्पताल | एक |
| सीएचसी | 16 |
| पीएचसी | 63 |
| नगरीय स्वास्थ्य केंद्र | पांच |
| लेवल वन के चिकित्सा अधिकारी | 60 |


### सैलून संचालकों में मारपीट देर शाम हुआ समझौता

**बिनावर।** बिनावर क्षेत्र के कस्बा में छुट्टन का सैलून है। पास में ही एक गांव के पूर्व प्रधान के भाई का सैलून है। शनिवार को दुकान पर लोगों की भीड़ लगी थी। उसने अपने दोस्त को बाल कटवाने भेज दिया। छुट्टन ने बाल काटने के बाद रुपये मांगे तो उसने रुपये देने से मना कर दिया। इसे लेकर मारपीट हो गई। छुट्टन घायल हो गए। देर शाम समझौता हो गया।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** वैवाहिक कार्यक्रम में अपने ताऊ को गांव छोड़कर कार्यक्रम में दोबारा शामिल होने जा रहे युवक की बाइक में मोहम्मदी रोड पर किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कैथोला निवासी दाताराम वर्मा का इकलौता पुत्र एकांश वर्मा उर्फ आकाश (18) कंजा बरम बाबा हनुमान मंदिर परिसर स्थित पारिवारिक शादी समारोह में अन्य परिजनों के साथ आया था। देर रात वह अपने ताऊ को घर छोड़ने के लिए बाइक से कैथौला गया और फिर वापस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहा था। मोहम्मदी रोड पर ग्राम मूड़ाभाई ईंट भट्ठा के पास किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एकांश उर्फ आकाश अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। मौत से घर में कोहराम मच गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# एक साथ तीन शव देख सिहर उठे लोग, मातम में बदलीं खुशियां

- पुलिस ने दी सूचना तो परिवार में मच गया कोहराम
- सड़क पर भारी भीड़ जमा होने से लगा रहा जाम


घटना स्थल पर मौजूद पुलिस और ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार


मौत की खबर आने के बाद सूना पड़ा मंडप। ● अमृत विचार

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचारः** गांव गुलैला के पास हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत की खबर सुनकर लोग दहल उठे। जिसने सुना वही घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़ा। देखते ही देखते घटना स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। एक साथ पड़े तीन शव जिसने देखे वही सिहर उठा। वैवाहिक समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं। हादसे के बाद लोगों में तेज स्पीड वाहनों के चालकों के खिलाफ काफी आक्रोश दिखा। वहीं भीड़ के चलते मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई।

थाना नीमगांव के गांव भूपतिपुर निवासी जगदीश करीब 25 साल पहले अपनी ससुराल सीतापुर के गांव गौरिया में रहने लगे थे। भूपतिपुर में उनके अन्य भाई रहते हैं। उनके भाई प्यारेलाल की पुत्री नीलम की गोपामऊ जिला हरदोई से शादी तय हुई थी। रविवार को वैवाहिक समारोह था। इसको लेकर परिवार के लोग तैयारियों में लगे थे। जगदीश प्रसाद की पत्नी रामगुनी भी अपने पुत्र पंकज और पोते शानू के साथ भतीजी के वैवाहिक समारोह में शामिल होने बाइक से आ रही थी। उसे क्या पता था कि यह दिन उसके साथ ही उसके पुत्र और पोते के लिए आखिरी दिन होगा। सभी हंसी-खुशी जा रहे थे और गुलौला के पास काल बनकर दौड़ रही निजी यात्री बस ने बाइक में टक्कर मारकर तीनों की जान ले ली। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत की खबर जिसने भी सुनी वह घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़ा। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। इससे मार्ग पर आवागमन रुक गया। किसी अनहोनी की आशंका को लेकर पुलिस भी सतर्क हो गई और भारी पुलिस बल को मौके पर बुला लिया। उधर, हादसे की जानकारी जब परिवार वालों और रिश्तेदारों को हुई तो सभी अवाक रह गए। परिवार वालों में जहां कोहराम मच गया। वहीं शादी की खुशियां मातम पल भर में मातम में बदल गई। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। तब जाकर करीब एक घंटे बाद यातायात चालू हो सका।

> निजी बस की टक्कर से मां, बेटे और पोते की मौत हुई है। शव मोर्चरी में रखवा दिए गए हैं। सोमवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
>
> –श्रद्धा सिंह, एसओ, थाना नीमगांव

## बिहार से दुल्हन लेकर लौटे युवक के स्वागत में उमड़े लोग

- माधोटांडा रोड पर लगी भीड़ दूल्हा ने जमकर किया डांस

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** आधुनिक जमाने में तमाम युवा अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं। इसी बीच तराई की एक शादी जिले में चर्चा का विषय बन गई। यहा का एक युवक बिहार से दुल्हनियां लेकर आया। इस जोड़े के स्वागत में पूरा गांव सड़क पर उमड़ पड़ा। बैंड-बाजे के साथ ग्रामीण नाचते-गाते हुए दूल्हा-दुल्हन को लेकर गांव पहुंचे। दूल्हे ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर जमकर डांस किया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हर तरफ मामला चर्चा का विषय बन गया है। पूरनपुर इलाके का एक युवक बिहार में शादी करने के बाद दुल्हन लेकर शनिवार को गांव पहुंचा। ग्रामीणों को इसकी जानकारी लगी तो बिन बुलाए पूरा गांव माधोटांडा रोड पर जा पहुंचा। जहां से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित लोधीपुर गांव तक धूम-धड़ाके के साथ नव विवाहित जोड़े का स्वागत-सत्कार किया गया। खास बात ये है कि स्वागत के लिए न तो किसी को निमंत्रण था, और न ही कोई विशेष आयोजन। इस शादी से ग्रामीण खुद ही इतने खुश थे कि जिसे इसकी जानकारी हुई वह स्वागत के लिए पहुंच गया। बताते हैं कि गांव में युवक की शादी में बार-बार अड़चन लगाई जा रही थी। शादी न होने के ताने से वह परेशान था। इसलिए उसने दूसरे प्रदेश जाकर विवाह किया।

## बिजली गिरने से बुजुर्ग की मौत

**बेहजम/लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** आसमान में कड़की बिजली की चपेट में आकर थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव अटवा निवासी एक बुजुर्ग की झुलसकर मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। गांव अटवा निवासी बृजेश कुमार ने बताया कि रविवार को सुबह से बारिश हो रही थी। बारिश कम होने पर उसके ताऊ रामचरण (70) घर के दरवाजे पर खड़े थे। वह ताऊ के पास ही चूल्हा जलाने के लिए कुल्हाड़ी से लकड़ी काट रहा था। इसी बीच सुबह करीब 10 बजे आसमान में तेज कड़कड़ाहट के साथ बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर उनके ताऊ रामचरण झुलस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

## रबड़ फैक्ट्री: 11 मार्च को मुंबई जाएंगे यूनियन नेता

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** रबड़ फैक्ट्री के 1432 कर्मचारियों के मूल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए कर्मचारी नेता 11 मार्च को बॉम्बे हाईकोर्ट के ऑफिशियल लिक्विडेटर के कार्यालय पहुंचेंगे। पिछले दिनों लिक्विडेटर की ओर से इसके लिए नोटिस जारी किया था जिसके बाद यूनियन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है।

मुंबई जाने से पहले सीएंडसी कर्मचारी यूनियन के महामंत्री अशोक मिश्रा ने रविवार शाम रामपुर बाग के अग्रसेन पार्क में आमसभा बुलाकर कर्मचारियों को आफिशियल लिक्विडेटर के कार्यालय से आए नोटिस की जानकारी दी। अशोक मिश्रा ने बताया ऑफिशियल लिक्विडेटर ने 27 फरवरी को एक नोटिस यूनियन और यूनियन के लीगल कन्सलटेंट अकबर निहाल रिजवी को भेजा है। इससे पहले 16 जनवरी 2023 को सभी कर्मचारियों के दावों संबंधी दस्तावेज, सभी साक्ष्य और सीए की ओर से तैयार किए गए भुगतान के मूल प्रपत्रों की जांच डिप्टी लिक्विडेटर से कराई जा चुकी है। अब ऑफिशियल लिक्विडेटर ने फिर बुलाया है। उन्होंने बताया कि वह 11 मार्च को अधिवक्ता के साथ मुंबई जाकर दस्तावेजों का दोबारा सत्यापन कराएंगे। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने कहा कि 24 साल से परेशानी झेल रहे कर्मचारियों की अनदेखी का आरोप भी लगाया। वहीं, ऑफिशियल लिक्विडेटर की ओर से रबड़ फैक्ट्री के कर्मचारियों की देनदारी के भुगतान की तैयारी शुरू कर दी है।

मारपीट का मामला | सदर कोतवाली में करीबियों को पकड़े जाने पर भड़के विधायक योगेश वर्मा

# आरोपियों को छुड़ाने पहुंचे विधायक बारिश में धरने पर बैठे

कार्यालय सवंदादाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** शनिवार देर रात एलआरपी चौराहा के निकट एलआरपी पुलिस चौकी में दो पक्षों में मारपीट के मामले में मौके से पकड़े गए चार युवकों को पुलिस कोतवाली लाई तो हंगामा हो गया। आरोपियों को छुड़ाने पहुंचे भाजपा सदर विधायक बारिश के बीच कोतवाली सदर पहुंचे और खुले आसमान के नीचे धरने पर बैठ गए। कोतवाली पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझाया बुझाया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस के आरोपियों को छोड़ने पर ही विधायक धरने से उठे।

एलआरपी चौराहा पर शनिवार की रात शहर निवासी गोपेश जोशी और गोविंद का निखिल, शिवा, ऋषभ व अमित से विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो उनके बीच मारपीट हुई। गोपेश और गोविंद भागकर एलआरपी चौकी पहुंच गए, यहां भी हमलावर निखिल, शिवा, ऋषभ व अमित पीछे से पहुंच गए और चौकी में भी दोनों के साथ जमकर मारपीट की। एलआरपी चौकी इंचार्ज शिवाजी दुबे ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो वह पुलिस से भी अभद्रता करने लगे। चौकी इंचार्ज ने निखिल, शिवा, ऋषभ व अमित को बैठा लिया और उन्हें कोतवाली सदर लेकर पहुंचे। बताया जाता है कि भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा के चारों आरोपी काफी करीबी हैं। चारों को पकड़कर कोतवाली लाने की सूचना जब विधायक योगेश वर्मा को मिली तो वह बारिश के बीच ही तमाम समर्थकों के साथ कोतवाली सदर पहुंच गए और खुले आसमान के नीचे समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। इससे कोतवाली में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह समेत तमाम पुलिस कर्मी उन्हें मनाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने, उन्हें बेवजह परेशान करने और पदाधिकारियों और विधायक की बात न सुनने समेत कई आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। उन्होंने कहा कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी वह धरने पर बैठे रहेंगे। एसपी गणेश प्रसाद साहा और एएसपी नैपाल सिंह को जब इसकी खबर लगी तो अफसरों में हड़कंप मच गया। एएसपी पूर्वी पवन गौतम, एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह, सीओ सिटी के साथ कोतवाली पहुंच गए। इस दौरान कोतवाली पुलिस उनको समझा कर धरना खत्म करवाने की कोशिश कर रही थी। विधायक का अड़ियल रुख देख कर पुलिस ने आरोपियों को छोड़ दिया, लेकिन इसके बाद भी विधायक किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। करीब तीन घंटे तक वह कोतवाली परिसर में धरने पर बैठे रहे। आखिर में पुलिस उनको किसी तरह समझने में कामयाब हो सकी। तब कहीं जाकर विधायक धरने से उठे।


कोतवाली सदर में बारिश में धरने पर बैठे भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा।

- विधायक के धरने के बाद पुलिस ने आरोपियों को छोड़ा

### बैठने को न कहने से चढ़ा विधायक का पारा

**लखीमपुर खीरी।** कार्यकर्ताओं को पकड़कर कोतवाली लाने की खबर पर जब विधायक सदर योगेश वर्मा कोतवाली सदर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें पहचाना नहीं। न ही किसी ने उनसे बैठने के लिए कहा। यह देखकर विधायक का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वह रिमझिम बारिश के बीच कोतवाली परिसर में ही धरने पर बैठ गए। इसके बाद पुलिस में खलबली मच गई।

## एक नजर

### प्रधान ने बिना अनुमति बेसिक स्कूल में रोकी बरात सफाई भी नहीं कराई

बदायूं। आसफपुर ब्लॉक के गांव महोरी में संविलियन विद्यालय में प्रधान ने बिना किसी के अनुमति के बरात ठहरा दी। जबकि शासन ने परिषदीय विद्यालय भवन में बरात रोकने पर पाबंदी लगा रखी है। बरात रोके जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई। निरीक्षण को गांव में पहुंची बीएसए को शिकायत सही मिली, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों के अनुपस्थिति होने पर बीएसए से कार्रवाई की संस्तुति की है। शुक्रवार को आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के संविलियन विद्यालय महोरी में बरात रोकी गई। जिसकी अनुमति प्रधान ने किसी से नहीं ली। शनिवार सुबह को जब बच्चे स्कूल में पहुंचे तो वहां गंदगी पसरी पड़ी थी। शिक्षक भी स्कूल की ऐसी स्थिति को देखकर रजिस्टर में हाजिरी लगाकर वापस लौट गए।

### हाईटेंशन लाइन से पाइप में उतरा करंट, किसान की मौत

बदायूं। थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव सूरजपुर निवासी राजू (30) पुत्र चंद्रभान खेती करते थे। उन्होंने अपने खेत में मक्का उगाई थी। खेत में छुट्टा गोवंश घुसने से रोकने के लिए राजू रविवार को अपने खेत के चारों ओर तारकशी के लिए पाइप लगा रहे थे। इसी दौरान लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। राजू छटपटाकर जमीन पर गिर गए। आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन खेत पर पहुंचे। पुलिस भी आ गई। शव का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### हैकर ने डीएम की फेसबुक आईडी की हैक

बदायूं। डीएम बदायूं नाम से फेसबुक पर एक आईडी चल रही थी। यह आई डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के नाम से बनी हुई थी। जिसे हैकरों ने हैक लियसा। जिसे डीएम के द्वारा चलाया जाता था। रविवार को आईडी नहीं खुली तो वह परेशान हो गए। आईडी का पासवर्ड से लेकर मोबाइल नम्बर तक बदला गया बता रहा था। आईडी हैक होने के अहसास पर उनके द्वारा किसी भी मैसेज का जवाब न दिए जाने की अपील की गई। वहीं साइबर सेल की टीम पता लगा रही है कि आईडी हैक करने वाला व्यक्ति कौन है। इसके लिए पुलिस ने सिविल लाइंस थाना पुलिस की ओर से एक पत्र फेसबुक मुख्यालय भेजी। अब तक आईडी से कोई आपत्तिजनक पोस्ट या किसी से रुपये मांगने जैसी बात नहीं हुई है। फिलहाल आईडी ब्लॉक करा दी गई है। इस संबंध में एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि आईडी हैक हुई थी, साइबर सेल की टीम जांच में लगी है। हैकर का पता लगाया जा रहा है।

# पत्नी से विवाद के बाद पति ने फंदा लगाकर दी जान

## शराब पीने की वजह से आए दिन पत्नी के साथ होता था विवाद

संवाददाता, आसफपुर

- परिवार में आयोजित शादी समारोह में हुआ था क्लेश, खेत पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अमृत विचार :** आए दिन होने वाले गृह क्लेश से परेशान होकर एक युवक ने खेत में पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव को फंदे से उतारा। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।



मृतक हरिओम।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव भोजपुर निवासी हरिओम (44) पुत्र नत्थूलाल खेतीबाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। कुछ दिनों से वह शराब पीने के आदी हो गए थे। जिसके चलते उनका अपनी पत्नी शीला के साथ आए दिन विवाद होता था। शनिवार को उनके परिवार में शादी समारोह था। हरिओम समारोह में शामिल हुए थे। आधी रात तक समारोह में खुशी का माहौल था। परिजनों ने बताया कि रात लगभग दो बजे पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर क्लेश हो गया। इसके बाद हरिओम वहां से चले गए। पत्नी और परिजनों को लगा कि वह घर चले गए होंगे। रविवार सुबह परिजनों ने घर पर उनकी तलाश की लेकिन वह कहीं नहीं दिखे। उनकी तलाश शुरू की। सुबह खेत पर जा रहे ग्रामीणों ने हरिओम का शव खेत में आम के एक पेड़ पर रस्सी से लटका देखा। उनके परिजनों को सूचना दी। चीत्कार करते परिजन मौके पर पहुंच गए।

सूचना पर फैजगंज बेहटा पुलिस भी पहुंच गई। पेड़ से शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला था। पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सहसवान के युवक की राजस्थान में करंट से मौत



मृतक नवनीत राना।

सहसवान। कोतवाली सहसवान क्षेत्र के कस्बा के मोहल्ला मिर्धा टोला निवासी नवनीत राना (22) पुत्र अतर सिंह परिवार के साथ राजस्थान के जिला बांसवाड़ा के थाना कुशलगढ़ क्षेत्र स्थित कपास की फैक्ट्री में काम करते थे। रविवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे वह काम करने फैक्ट्री गए थे। जहां एक मोटर के तार खुले हुए थे। वह तार सही करने लगे। इसी दौरान बिजली का खुला तार उनके पैर से छू गया। उन्हें करंट लगा और वह छटपटाने लगे। कुछ ही देर में नवनीत राना बेसुध हो गए। फैक्ट्री के कर्मचारी और उनके परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने नवनीत राना को मृत घोषित कर दिया। परिजन उसका शव घर लाए। कछला स्थित भागीरथी घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

### बाइक न देने पर महिला से मारपीट, ससुर पर अश्लीलता का आरोप

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि आठ जून 2023 को उसकी शादी जिला एटा के थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के गांव अंगदपुर निवासी युवक के साथ हुई थी। परिजनों ने शादी में लगभग सात लाख रुपये खर्च किए थे। इससे ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। वह एक बाइक की मांग करने लगे।

आरोप है कि एक दिन उसका ससुर उसके कमरे में घुस आया और अश्लीलता करने लगा। इसी दौरान उसके भाई पहुंच गए तो ससुर ने उसे छोड़ दिया। भाई के सामने ही बाइक की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट की। 15 सितंबर को शादी में दिए गए जेवरात उतरवाकर उसे वापस भेज दिया। 19 फरवरी दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे पति समेत ससुरालीजन उसके मायके आए और बाइक न देने पर युवक की दूसरी शादी कराने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पति समेत सात लोगों खिलाफ अश्लीलता, दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकाने आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# हाथ बंधे वीडियो वायरल, 14 महीने पहले ठेकेदार ले गया था बेंग्लुरू

संवाददाता, उसहैत

- युवक की मां ने गांव निवासी ठेकेदार पर लगाए आरोप, पुलिस ने शुरू की तलाश

**अमृत विचार :** 14 महीने पहले लापता हुए कस्बा उसहैत के वार्ड सात निवासी युवक का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें उसके दोनों हाथ रस्सी से बंधे हैं। युवक की मां ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने जांच शुरू की है।

कस्बा निवासी मोहम्मद सगीर को वहीं रहने वाला ठेकेदार मजदूरी कराने के लिए बेंग्लुरू लेकर गया था। मोहम्मद सगीर का लगभग एक महीने तक अपने परिजनों से संपर्क हुआ। जिसके बाद बात होना बंद हो गई। कई दिनों तक बात न होने पर परिजनों ने ठेकेदार से जानकारी की। परिजनों का आरोप है कि ठेकेदार टालमटोल करता रहा। लापता होने के 14 महीने के बाद मोहम्मद सगीर का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें ठेकेदार उसे तालिबानी स्टाइल में हाथ बांधकर घुटनों के बल बैठाकर प्रताड़ित कर रहा है और वीडियो भी बना रहा है। जिसके देखकर युवक की मां ने ठेकेदार और उसके भाइयों पर आरोप लगाते हुए अनहोनी की आशंका जताई। उसहैत पुलिस से शिकायत करने के बाद सुनवाई नहीं हुई तो युवक की मां ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।



जमीन पर बैठा रस्सी से बंधा लापता युवक। (वायरल वीडियो का स्क्रीन शॉट)।

### अलाव ताप रहे युवक पर हमला, पिता-भाई से भी मारपीट

**बदायूं, अमृत विचार :** गांव में घर के बाहर बैठकर अलाव ताप रहे युवक पर चार लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया। युवक को बचाने आए उसके पिता और भाई से मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव बस्तोई सीकरी निवासी ओमपाल पुत्र रमेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 जनवरी को शाम लगभग 5 बजे वह अपने घर पर अलाप ताप रहे थे। गांव निवासी मन्नू, झींगेदास, उदय प्रकाश उर्फ नेकसू, राजकुमार लाठी-डंडे लेकर आ गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार सुनकर उनके पिता रमेश, भाई वेदप्रकाश बचाने आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। ग्रामीणों के एकत्र होने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# चोरों ने दो घरों व खोखे को बनाया निशाना

संवाददाता, इस्लामनगर

- पीड़ित दिव्यांग ने तीन युवकों के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव लश्करपुर ओईया में शनिवार की रात चोरों ने दो घरों समेत खोखा को निशाना बनाया। एक ही रात में तीन जगहों पर हुई चोरी से गांव वाले दहशत में हैं। रविवार सुबह चोरी की सूचना मिलने पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एक पीड़ित ने गांव निवासी तीन युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव लश्करपुर ओईया निवासी दिव्यांग रूम सिंह का गांव में ही सड़क किनारे लोहे का खोखा रखा है, जिसमें वह बीड़ी, सिगरेट, गुटका समेत अन्य सामान बेचकर परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। रूम सिंह का आरोप है की शनिवार रात लगभग दो बजे गांव निवासी एक युवक ने उनका खोखा काटकर चोरी कर ली। इसके साथ ही गांव के रहने वाले महासरन के घेर से कुट्टी काटने वाली मशीन चोरी हुई। रामपाल के घर से बाहर रखा नल का सामान चोर ले गए। एक ही गांव में आसपास के खोखा समेत दो घरों में एक के बाद एक चोरी की घटनाओं को चोर अंजाम देते रहे। दिव्यांग ने तीन युवकों के खिलाफ तहरीर दी है।

### मंदिर पर चोरी मामले में अज्ञात पर रिपोर्ट

बदायूं। बिसौली क्षेत्र के चौक बाजार पर स्थापित श्री पूर्णागिरी मां मनोकामना नवदुर्गा मंदिर से चोरों ने एक फरवरी की रात देवी-देवताओं के चांदी के छत्र चोरी कर लिए थे। चोर मंदिर पर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर भी निकालकर ले गए थे। पुलिस ने मंदिर के प्रबंधक सुभाष चंद्र की तहरीर पर अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### पोल में उतरा करंट सांड़ की मौत

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** कस्बा के बहजोई रोड पर बिजली विभाग की लापरवाही से बिजली के खंभे में करंट आने से एक सांड़ की मौके पर ही मौत हो गई। सांड़ की मौत के बाद गुस्साए लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ हंगामा किया। इससे पहले भी करंट से पशुओं की मौत हो चुकी है।

बहजोई रोड पर बिजली के खंभे पर बारिश के दौरान अक्सर करंट आ जाता है जिससे पहले भी कई पशु करंट की चपेट में आ चुके हैं। रविवार को सड़क पर घूम रहा एक सांड़ जब इस खंभे से सटकर निकला तो वह करंट की चपेट में आने से वहां गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी फिर भी कोई कर्मचारी मौके पर नहीं आया जिसके बाद लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ हंगामा किया और खंभे में आ रहे करंट से हो रही मौतों पर विभाग के जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों को कोई मतलब नहीं चाहे किसी की जान चली जाए।

# शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति को विभाग ने की सख्ती, 32 सौ का रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विरोध में शिक्षक आज करेंगे धरना-प्रदर्शन, महानिदेशक को भेजेंगे ज्ञापन
- शिक्षक डिजिटल रजिस्टर का नहीं कर रहे हैं प्रयोग, बीएसए ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों की रियल टाइम बायोमीट्रिक उपस्थिति को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग सख्त हो गया है। शासन व निदेशालय की ओर से इसे लेकर बीएसए को सख्त निर्देश मिले हैं। जिसके बाद बीएसए ने जिले के 32 सौ शिक्षकों के वेतन पर अग्रिम आदेशों पर रोक लगा दी है। चेतावनी दी कि जब तक उनके द्वारा एक दर्जन रजिस्टर डिजिटल नहीं कर दिए जाते तब वेतन नहीं निकाला जाएगा। इस कार्रवाई को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने विरोध शुरू कर दिया है। सोमवार को शिक्षक धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे। शासन की ओर से फेस रिकग्निशन आधारित बायोमीट्रिक उपस्थिति समेत एक दर्जन रजिस्टर डिजिटल करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्य 15 फरवरी से शुरू हो गया है। परंतु शिक्षक इसका विरोध कर रहे हैं। उनके द्वारा रजिस्टरों को डिजिटल नहीं किया जा रहा है। शिक्षक सरकारी सिम और डाटा की धनराशि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए उनके द्वारा कई बार बीएसए के माध्यम से महानिदेशक शिक्षा के नाम ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है। अब शासन ने इस पर सख्ती शुरू कर दी है। शासन ने बीएसए को शत-प्रतिशत रियल टाइम उपस्थिति का काम शुरू कराने के आदेश दिया है। वहीं रियल टाइम उपस्थित शुरू न होने की वजह से जिले की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। जिला 75वें स्थान पर है। शासन के आदेश पर बीएसए ने कार्रवाई करते हुए जिले के 32 सौ से अधिक शिक्षकों का वेतन अग्रिम आदेशों पर रोक दिया है। चेतावनी दी है कि जब तक रियल टाइम उपस्थिति शिक्षकों द्वारा शुरू नहीं कर दी जाती तब तक वेतन पर रोक रहेगी।

> शासन के निर्देश पर 12 रजिस्टर के रियल टाइम प्रयोग के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए यू-ट्यूब के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। इसके बाद भी यहां डिजिटल पंजिकाओं, विशेषकर उपस्थिति पंजिका के प्रयोग की स्थिति काफी खराब मिली है। इसी के तहत शिक्षकों का वेतन रोका गया है। 12 रजिस्टरों का डिजिटली प्रयोग शुरू होने के बाद वेतन निकाल दिया जाएगा।
> **-स्वाती भारती**, बीएसए।

> बीएसए ने शिक्षकों का वेतन रोका है। प्रमुख सचिव का आदेश है कि बायोमीट्रिक उपस्थिति न होने पर बीएसए किसी भी शिक्षक का वेतन नहीं रोक सकते। अगर किसी अपरिहार्य कारण से वेतन रोकना पड़ जाए तो डायरेक्टर या जिलाधिकारी से अनुमोदन के बाद ही रोका जा सकता है। इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र दिया गया था। सोमवार को सभी विकास क्षेत्रों में शिक्षक-शिक्षिकाएं धरना-प्रदर्शन करेंगे। **- संजीव शर्मा, जिलाध्यक्ष**, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ।

### मठ और मंदिर से जुड़े लोगों ने महंत पर लगे आरोप बताए निराधार

**बरेली, अमृत विचार :** अखलनाथ स्थित तुलसी मठ में तुलसी स्थल कुटुंब की ओर से रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट के महामंत्री अनुज अग्रवाल ने कहा कि वह मठ स्थल से जुड़े लोगों को वर्षों से जानते हैं।

यहां धार्मिक कार्यक्रम निरंतर संचालित होते रहते हैं। महाराज कमलनयन दास की मौत के मामले में महंत पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं वे निराधार हैं। मठ संरक्षक शिव औतार मिश्र ने बताया कि जो भी आरोप मठ के शुभचिंतकों पर लगाए जा रहे हैं, वे झूठे हैं। असामाजिक तत्व मठ की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। मठ सेवक आशुतोष शर्मा, डॉ. शिव नरेश शुक्ला, सुरभित पाठक ने बताया कि जो व्यक्ति महंत पर आरोप लगा रहा है, वह मठ परंपरा का शिष्य नहीं है बल्कि अनुचित तरीके से संपत्ति हड़पना चाहता है। आचार्य राम कृष्ण शर्मा ने बताया कि कमलनयन दास महाराज ने रजिस्टर्ड वसीयत के जरिए वर्तमान महंत नीरज नयन दास महाराज को ही उत्तराधिकारी बनाया है।

# दबंगों ने दी धमकी, पुलिस की मौजूदगी में हुई शादी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दबंगों ने बुग्गी पर दूल्हा आने और बैंड बाजने पर जान से मारने की दी थी धमकी

**अमृत विचार :** गांव चंदेसी निवासी अनुसूचित जाति के रमेश और वीरेश ने लगभग एक सप्ताह पहले एसडीएम को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके परिवार में दो बेटियों की तीन और छह मार्च को शादी होनी है। बरात बग्गी से चढ़ेगी। कहा कि गांव के कुछ दबंग गांव से बरात चढ़ाने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कह रहे हैं कि वह गांव में बैंडबाजा नहीं बजने देंगे। न ही दूल्हा बुग्गी पर आएगा। उन्होंने एसडीएम से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और बरात चढ़ने के दौरान सुरक्षा देने की मांग की। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने दोनों पक्ष को बैठाकर समझौता कराया लेकिन पुलिस भी अलर्ट थी। तीन मार्च को शादी के चलते गांव में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। बैंडबाजों के साथ बरात गांव पहुंची। बरात का स्वागत हुआ। पुलिसकर्मी बरात के साथ चले। शादी के बाद दुल्हन विदा हो गई। फिर भी गांव में पुलिस बल तैनात रहा। सहसवान कोतवाल सौरभ सिंह ने बताया कि गांव में शांति का माहौल हुई। शादी संपन्न हो गई है। किसी भी प्रकार का विवाद नहीं हुआ। गांव में पुलिसकर्मी तैनात हैं।

# बेकरी मालिक को दुष्कर्म में फंसाने वाली किशोरी पकड़ी, चौकी इंचार्ज फरार

बरेली कार्यालय

- पुलिस की हर एक चाल बखूबी जानते हैं चौकी इंचार्ज और सिपाही
- पुलिस कर्मी ही अन्य आरोपियों को बचने के बता रहे उपाय

**अमृत विचार :** बेकरी कारोबारी को होटल में बुलाकर दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाकर सात लाख रुपये मांगने के मामले में किशोरी को किला पुलिस ने पकड़ लिया है। वहीं गिरोह में शामिल किला चौकी इंचार्ज रहे सौरभ कुमार, सिपाही कोलेंद्र, फर्जी पत्रकार नावेद, चांद अलवी और आजाद अभी फरार हैं। पुलिसकर्मियों के अलावा अन्य आरोपियों को पकड़ना पुलिस के लिए इतना आसान नहीं होगा, क्योंकि पुलिस की हर एक चाल को सभी बखूबी जानते हैं। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई हैं।

किशोरी को किला पुलिस ने बारादरी क्षेत्र के उसके घर से उसे पकड़ा है। किशोरी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह सभी आरोपियों से लगातार संपर्क में थी। आरोपी उसे अपनी जरूरत के अनुसार रुपये देकर बुलाते थे।

इसके बाद वह लोगों पर आरोप लगाकर साठगांठ कर थानों में तहरीर दिलाते थे। उसके बाद वसूली करते थे। परसाखेड़ा में बेकरी मालिक मुस्तकीम निवासी शाहबाद, रामपुर से भी वसूली मामले में उसे होटल में भेजा गया था। वह होटल के कमरे में कुछ देर तक रही और फिर बाहर चली गई। इस दौरान सिपाही और अन्य लोग पहले से मौजूद थे। आरोपी को सभी किला चौकी लेकर आए। जहां पर काफी देर तक सात लाख रुपये को लेकर डील चलती रही। इस मामले में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने दरोगा और सिपाही को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए थे।

> फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर सात लाख रुपये की मांग करने वाली किशोरी को पकड़ा गया है, जिसे गाजियाबाद के बॉल संप्रेक्षण गृह महिला में भेजा गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें लगातार दबिश दे रही है।
> **-हरेन्द्र सिंह**, थाना प्रभारी, किला

# उझानी में एक और व्यापारी से साइबर ठगी की कोशिश

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** साइबर ठग कस्बा उझानी के व्यापारियों को लगातार निशाना बना रहे हैं। कुछ दिनों पहले सराफा व्यापारी आलोक अग्रवाल से 27 हजार 600 रुपये और पशुधन प्रसार अधिकारी योगेश कुमार सिंह से 98 हजार रुपये की ठगी की गई थी। अब एक और व्यापारी के साथ ठगी का प्रयास किया है।

उझानी के मोहल्ला साहूकारा निवासी केशव गर्ग इंवर्टर और बैट्री का व्यापार करते हैं। कस्बा में रेलवे मार्ग स्थित घंटाघर के पास में उनकी दुकान है। रविवार को उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉल आई। जिसकी डीपी पर वर्दी पहने हुए पुलिसकर्मी का फोटो था। उस व्यक्ति ने खुद को दिल्ली पुलिस में उपनिरीक्षक बताया। व्यापारी से पूछा कि उनके कितने बेटे हैं और क्या करते हैं। व्यापारी ने बताया कि उनका एक बेटा दिल्ली में रहकर पढ़ाई करता है। उस व्यक्ति ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने रेप कांड में उनके बेटे को गिरफ्तार किया है। जिसे अधिकारियों के सामने पेश करने ले जाया जा रहा है। अगर उसे छुड़ाना चाहते हो तो 40 हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर करने होंगे। विश्वास दिलाने के लिए उसने किसी रोते हुए व्यक्ति की आवाज व्यापारी को सुना दी। कुछ दिन पहले ही सराफा व्यापारी से साइबर ठगी वाली बात उनके दिमाग में आ गई। वह समझ गए उनके साथ ठगी की कोशिश की जा रही है।

### पानी समझकर पी लिया कीटनाशक बच्ची की मौत

**बिल्सी, अमृत विचार:** बिजनौर-बदायूं हाईवे पर नरैनी चौराहे के निकट स्थित गांव नगला जाटव में रविवार की दोपहर एक घर में रखा कीटनाशक पीने से एक तीन वर्ष की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव निवासी संजीव कुमार की तीन वर्षीय पुत्री एंजल घर के कमरे में खेल रही थी। इसी दौरान शीशी में रखा कीटनाशक उसने पानी समझ कर पी लिया। परिवार के लोग इस दौरान छत पर थे। जब वह नीचे आए तो देखा एंजेल जमीन पर पड़ी है। परिजन उसे सीएचसी लेकर आए। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# मंदिर में हाथ जोड़कर युवती को माना पत्नी, संबंध बनाकर छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** युवक ने एक युवती को प्रेम जाल में फंसाया। मंदिर में हाथ जोड़कर युवती को पत्नी माना। चार साल तक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। एक दिन परिजनों के उसकी बिरादरी की युवती से शादी तय करने की बात कहकर युवती को छोड़कर चला गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि लगभग चार साल पहले उसकी मुलाकात गांव निजामुद्दीनपुर शाह निवासी प्रेमपाल मौर्य पुत्र रामरक्षपाल मौर्य से हुई थी। उसने युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। प्रेमपाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। युवती ने कहा कि बिना शादी के वह संबंध नहीं बनाएगी। आरोप है कि युवक उसे मंदिर में ले गया, जहां भगवान की मूर्ति के सामने हाथ जोड़कर बोला कि वह युवती को अपनी पत्नी मानता है। कहा कि कुछ दिनों के बाद वह शादी कर लेंगे। जिसके बाद युवती को उस पर विश्वास हो गया। जिसके बाद चार साल तक कई बार युवक ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए।

आरोप है कि 20 फरवरी को दोपहर डेढ़ बजे प्रेमपाल युवती के घर आया। उस दौरान युवती घर पर अकेली थी। उसने युवती के साथ फिर से शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद युवती से बोला कि उसके परिजनों ने उसकी बिरादरी की किसी युवती से शादी तय कर दी है। वह दूसरी बिरादरी की है इसलिए उसके साथ शादी नहीं कर सकता।


# मधुमक्खियों के पराग से जिंदगी में मिठास

बरेली कार्यालय

- किसान शहद के साथ पराग भी एकत्र कर बेच रहे

**अमृत विचार :** मधुमक्खी पालन किसानों की जिंदगी में मिठास घोल रहा है। किसान शहद के साथ पराग भी एकत्र कर बेच रहे हैं। बाजार में पराग की कीमत अधिक है। मधुमक्खी पालन में उद्यान विभाग अनुदान के माध्यम से किसानों की मदद कर रहा है। इससे किसानों को रुझान इस ओर बढ़ा है।

हवाई अड्डा के पास रहने वाले किसान सारन सिंह मधुमक्खी पालन कर रहे हैं। उनके पास 300-400 बॉक्स हैं, जिनमें लाखों की संख्या में मधुमक्खियों का पालन किया जाता है। वह बताते हैं कि पराग को मधुमक्खी से लेने के लिए बॉक्स के आगे पोलेन ट्रैप नाम की जाली लगाई जाती है। जिसके छेद से निकलकर बॉक्स में जाते समय मधुमक्खी को पराग बाहर छोड़ना पड़ता है। इसे बाहर ही एकत्र किया जाता है। जिसे पेड़ों की छाया में सुखाकर बिक्री के लिए तैयार किया जाता है।



जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक बताते हैं कि मधुमक्खी पालन के लिए किसानों को अनुदान के रूप में बॉक्स दिए जाते हैं। पराग की खेती के लिए भी किसान पंजीकरण के लिए विभाग में आ रहे हैं। हालांकि, इनकी संख्या अभी 20-25 ही है। आईवीआरआई के बागवानी विशेषज्ञ डॉ. रंजीत सिंह ने बताया कि मधुमक्खी पालन में शहद के अलावा पराग की खेती को लेकर ट्रेंड चला है।

### छह महीने में दो लाख की बचत

किसान सारन सिंह बताते हैं कि पराग तैयार करने में करीब छह महीने का समय लगता है। करीब दो क्विंटल पराग तैयार होता है। इन्हें एक-एक किलो के डिब्बे में पैक किया जाता है। बाजार में एक किलो पराग की कीमत करीब दो हजार है। इससे करीब चार लाख की कमाई होती है। खर्चा निकालकर करीब दो लाख रुपये बच जाते हैं। पराग को शुगर, कैंसर, जोड़ों के दर्द समेत कई बीमारियों में देसी उपचार की तरह इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए इसकी कीमत अधिक होती है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

फिरोजाबाद। थाना रजावली क्षेत्र के गांव नगला सिकंदर के समीप शनिवार की रात किसी वाहन ने एक वृद्ध को रौंद दिया।पुलिस ने गंभीर रूप से घायल वृद्ध को उपचार के लिए टूंडला हॉस्पिटल भेजा जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की आयु लगभग 60 वर्ष है। सफेद और हरे रंग की चेकदार कमीज और सिलेटी कलर की पेंट पहने है।

### कारें भिड़ने से पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व माल बाबू घायल

बरेली। बरेली कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुराग सिंह उर्फ नीटू शनिवार रात पीलीभीत बाईपास स्थित एक बारात घर ए गए थे। रविवार सुबह कार से घर लौट रहे थे। वहीं इज्जतनगर क्षेत्र में राजीव एन्क्लेव निवासी सदर तहसील में तैनात बाबू भानु प्रताप सिंह कार से जा रहे थे। सतीपुर चौराहे पर दोनों कारें टकरा गईं। नीटू का कार से रोड पर जा गिरे।परिजनों ने उन्हें रामपुर गार्डन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि भानु प्रताप सिंह को उनके दोस्तों ने सौ फुटा रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया।

# जमीन पर इफको के कब्जों की नहीं हो सकी जांच

## पैमाइश के लिए पहुंची राजस्व टीम बैरंग लौटी, किसानों में बढ़ा गुस्सा, इफको प्रबंधन के दबाव का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली



इफको में जांच को पहुंची तहसील प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार : इफको के और किसानों की जमीन पर अवैध कब्जे की जांच के लिए भेजी गई राजस्व विभाग की टीम रविवार को बैरंग लौट आई। इफको के अधिकारियों के न आने की वजह से मौके पर पैमाइश नहीं हो सकी। एसडीएम का कहना है कि सोमवार को पैमाइश के लिए टीम दोबारा जाएगी। उधर, किसानों का आरोप है कि प्रशासन के अफसर इफको प्रबंधन के दबाव में हैं, इसी कारण सख्ती से कार्रवाई करने के बजाय टालमटोल कर रहे हैं।

इफको प्रबंधन पर भमोरा के गांव नौगवां अहिरान के रामरहीस, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल समेत तमाम किसानों के साथ पीडब्ल्यूडी, वनविभाग और ग्राम समाज की जमीन पर भी बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा करने का आरोप है। किसान लंबे समय से अपनी जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराने और अवैध कब्जे से हुई आर्थिक क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। काफी समय तक प्रशासनिक अफसरों के चक्कर काटने का कोई नतीजा नहीं निकला तो उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। कुछ समय पहले न्यायालय ने पैमाइश कर छह किसानों की जमीन चिह्नित करने का आदेश दिया था।

न्यायालय के आदेश पर एसडीएम की ओर पैमाइश के लिए नायब तहसीलदार बल्लिया राजकुमार सिन्हा, कानूनगो इंद्रेश यादव, लेखपाल बाबा भीम और धीरज कुमार की टीम बनाई थी जिसे रविवार को मौके पर पैमाइश करने का निर्देश दिया था। रविवार को यह टीम पहुंची लेकिन पैमाइश किए बगैर लौट आई।

### किसानों को नहीं ले गए साथ, घंटों बाद लौटकर बोले- आज नहीं होगी पैमाइश

रविवार को प्रशासनिक टीम के बैरंग लौटने से किसानों में गुस्सा है। किसान संगठन के ओमशंकर सक्सेना ने बताया कि प्रशासनिक टीम ने उन्हें साथ चलने के लिए कहा था लेकिन वे लोग टाउनशिप पहुंचे तो उन्हें गेट पर ही रोककर खुद अंदर चली गई। काफी देर बाद लौटे और इफको अधिकारियों के न आने की बात कहकर बाद में पैमाइश करने की बात कहकर निकल गए। किसानों का आरोप है कि इफको प्रबंधन के दबाव में कोर्ट के आदेश के बावजूद टालमटोल की जा रही है। इसी कारण पैमाइश के लिए मौके पर वादी किसानों को ही साथ नहीं ले जाया गया।

### ग्राम समाज की छह सौ एकड़ जमीन पर है कब्जे का आरोप

सेंधा गांव के ओमशंकर ने ग्राम सभा की करीब छह सौ एकड़ जमीन पर इफको का अवैध कब्जा होने की शिकायत एसडीएम से की है। इसी गांव के राजेश्वर सिंह के परिवार वालों ने भी आरोप लगाया है कि उनकी जमीन पर इफको ने जबरन टॉवर बना लिया है। इफको प्रबंधन के दबाव के कारण प्रशासन उनकी जमीन कब्जा मुक्त नहीं करा रहा है।

"पैमाइश के लिए टीम को भेजा गया था लेकिन इफको का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। बाद में इफको से पहुंचे अधिकारी ने रविवार को अवकाश की वजह से पैमाइश टालने को कहा और सोमवार या मंगलवार को पैमाइश कराने का आग्रह किया है। –गोविंद मौर्य, एसडीएम

# पति ने नहीं लाकर दी मनपसंद लिपस्टिक तो पत्नी पहुंच गई थाने

संवाददाता, आगरा

- परिवार परामर्श केंद्र ने दोनों को समझाकर कराया राजीनामा

अमृत विचारः पति-पत्नी के रिश्ते में प्रेम, समर्पण और त्याग की जगह छोटी-छोटी बातों से होने वाली कलह ने ले ली है। इससे रिश्तों में खटास होने लगी है और बड़ी संख्या में मामले परिवार परामर्श केंद्र पर पहुंच रहे हैं। पिछले सप्ताह परिवार परामर्श केंद्र में मोमोज की फरमाइश पूरी न होने पर पत्नी के मायके चले जाने और पति की मनपसंद साड़ी न पहनने पर अनबन का मामला सामने आया था। अब मनपसंद लिपिस्टक न लाने पर एक पत्नी थाने पहुंच गई और पति की शिकायत की। थाने ने मामला परिवार परामर्श केंद्र को सौंप दिया।

महावन के रहने वाले एक युवक की शादी आगरा के एत्मादपुर की युवती से हुई है। युवती की शिकायत है कि उसका पति मनपसंद लिपिस्टिक लाकर नहीं देता है। इस गुस्से में वह मायके आ गई। हैरानी की बात ये है कि पत्नी सस्ती लिपिस्टिक चाहती है। उसने पति से कई बार कहा कि मंहगी नहीं, बल्कि सस्ती ही लिपस्टिक लाकर दे दे। वहीं पति का कहना है कि 10 रुपये की लिपिस्टिक अब कहां आती हैं, लेकिन यह बात पत्नी को समझ नहीं आ रही। मामला थाने तक पहुंच गया।

पत्नी ने आरोप लगाया है कि पति उसे लिपिस्टिक नहीं लाता, इसलिए उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। थाना एत्मादपुर पुलिस ने इस मामले को परिवार कल्याण परामर्श केंद्र भेजा। परिवार परामर्श कल्याण केंद्र में दोनों को अलग-अलग बुलाकर समझाया गय। पत्नी को भरोसा दिया गया है कि अब उसको पति मनपसंद लिपिस्टिक लाकर देगा। दोनों का राजीनामा करा कर भेज दिया।

# सिलईबड़ा कांड की कराई जाए सीबीआई जांच, मृतकों के घर पहुंचे अमिताभ ठाकुर

रामपुर कार्यालय

- दलित होने के नाते की जा रही है हीलाहवाली
- आजम खां के घर पहुंचकर परिजनों से की मुलाकात
- मृतक के परिवार को दो करोड़ रुपए मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग

अमृत विचार : आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर और डा. नूतन ठाकुर ने रविवार को सिलईबड़ा गांव में हुई दलित छात्र की मौत के मामले में मृतक के परिवार वालों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस घटना की सीबीआई जांच होना जरूरी है। इससे पहले उन्होंने पूर्व मंत्री आजम खां के परिवार से मुलाकात की। कहा कि आजम खां को राजनीतिक द्वेष के चलते मुकदमों में फंसाया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सिलईबड़ा के लोगों से बात करने पर स्पष्ट हुआ कि मौके पर ऐसी कोई स्थिति नहीं थी, जिसमें फायरिंग की जाए। इसके बाद भी मौके पर मौजूद एसडीएम ने फायरिंग के आदेश दिए, जिसमें बच्चे की मौत हुई और एक व्यक्ति को पांव में गोली लगी। ग्रामीणों ने अब तक की कार्रवाई को असंतोषजनक बताया। अमिताभ ठाकुर ने मृतक के परिवार को दो करोड़ रुपए मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। उन्होंने मामले में सीबीआई जांच की मांग भी की।

इससे पहले अमिताभ ठाकुर और डॉ. नूतन ठाकुर ने पूर्व मंत्री आजम खां के आवास पर उनके परिजनों से मुलाकात की। आजम खां के परिवार वालों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार उन्हें अनावश्यक रूप से फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है। बताया कि जिन मामलों में आजम खां दोष सिद्ध किए गए हैं, उन मामलों में भी तमाम ऐसे तथ्य हैं जिन पर जब अपीलीय कोर्ट द्वारा विचार किया जाएगा तो आजम खां की बेगुनाही सामने आ जाएगी। परिजनों ने बताया कि उनके लड़के अब्दुल्ला आजम का जेल प्रशासन द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। इसके बाद अमिताभ ठाकुर ने कहा कि प्रथम दृष्टया आजम खां पर दर्ज हुए मुकदमे राजनीतिक प्रतिशोध में किए गए दिखते हैं। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मधुर मिश्रा, जिलाध्यक्ष मोईन खान, अनमोल मिश्रा, शोएब खान, प्रवेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

# 13 घंटे 19 मिनट का होगा पहला रोजा

बरेली कार्यालय

- रमजान को लेकर मस्जिदों में तैयारियां तेज
- सहरी और इफ्तार की समय सारिणी के साथ कैलेंडर जारी

अमृत विचार : पवित्र माह रमजान की शुरुआत 12 या 13 मार्च से होगी। मस्जिदों में रमजान को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।

रमजान माह को लेकर मस्जिदों में तरावीह के लिए हाफिज नियुक्त किए जा रहे हैं। मस्जिदों में साफ-सफाई का काम तेजी से चल रहा है। दरगाह आला हजरत प्रमुख मौलाना सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने सहरी और इफ्तार की समय सारिणी (जंत्री) के साथ कैलेंडर जारी कर दिया है, जिसमें पहले रोजे से आखिरी रोजे तक सहरी और इफ्तार का समय बताया गया है। इस बार पहली सहरी सुबह 5 बजकर 4 मिनट और पहला इफ्तार 6 बजकर 23 मिनट पर होगा। इस तरह पहला रोजा 13 घंटे 19 मिनट का और आखिरी रोजा रोजा 14 घंटे 14 मिनट का होगा।

मुफ्ती सलीम नूरी ने बताया कि कैलेंडर में साल भर होने वाले मुसलमानों के त्योहार और देश भर में होने वाले प्रमुख उर्स की तारीखें बताई गई हैं। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि कैलेंडर में सदका-ए-फित्र, एतेकाफ, तरकीब नमाल ईद, नमाज-ए-तरावीह आदि की जानकारी दी गई है। यह कैलेंडर देश-विदेश में अकीदतमंदों को सोशल मीडिया और डाक के माध्यम से भेजा जा रहा है।

# भेड़-बकरी में चेचक के लिए एक ही टीका

बरेली कार्यालय



- आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने दोनों बीमारियों के लिए तैयार किया संयुक्त टीका
- 65 लाख के लाइसेंस शुल्क के साथ हैदराबाद की कंपनी को किया हस्तांतरित

अमृत विचार : भेड़-बकरी में होने वाली पीपीआर और चेचक बीमारी की रोकथाम के लिए अब दो नहीं एक ही टीके का इस्तेमाल किया जाएगा। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वैज्ञानिकों ने संयुक्त टीका विकसित किया है। इस टीके को वर्ष 2023 में तैयार किया गया था। इस टीके को हैदराबाद की हेस्टर बायोसाइसेंस कंपनी को हस्तांतरित किया गया है।

वैज्ञानिकों के अनुसार पेस्टे-डेस-पेटिट्स रूमिनेंट्स (पीपीआर) और गोटपॉक्स (बकरी चेचक) अत्याधिक संक्रामक रोग हैं, जो मुख्य रूप से बकरियों और भेड़ों को प्रभावित करते हैं, इस बीमारी के संक्रमण से मृत्यु दर अधिक होती है। इन रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण ही एक मात्र उपाय है। आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने पहले इन दोनों बीमारियों के लिए दो टीके विकसित किए थे। अब दोनों बीमारी के लिए संयुक्त वैक्सीन में स्वदेशी पीपीआर और जीटीपीवी स्ट्रेनो का उपयोग किया गया है। जिससे दोनों रोगों के विरुद्ध पशुओं को प्रतिरक्षा मिलेगी।

संस्थान के निदेशक डा त्रिवेणी दत्त ने कि दोनों बीमारियों के लिए संयुक्त वैक्सीन संस्थान के वैज्ञानिकों के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब हेस्टर कंपनी आवश्यक नियमों की स्वीकृतियों के बाद इस टीके का उत्पादन शुरू करेगी, जो पशुपालकों को जल्द उपलब्ध होगी। डॉ अनुज चौहान ने बताया की पीपीआर-गोटपॉक्स संयुक्त वैक्सीन को 65 लाख रुपये लाइसेंस शुल्क और पांच प्रतिशत रॉयल्टी की लाइसेंस शर्तों के साथ 10 साल की अवधि के लिए हेस्टर बायोसाइसेंस कंपनी को हस्तांतरित किया गया है।

पीपीआर व बकरी चेचक का प्रकोप भारत के अलावा उत्तरी और मध्य अफ्रीका, दक्षिण-पश्चिम, मध्य पूर्व और मध्य एशिया के देशों में काफी रहता है। इस संयुक्त वैक्सीन के विकसित होने से आईवीआरआई के टीके विदेशों में भी बिक्री होने की संभावना है। इस टीके को विकसित करने वाली टीम में वैज्ञानिक डॉ मुथु चेलवन, डॉ. ज्ञान वेल, डॉ. रामाकृष्णा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. चंद्रशेखर का योगदान रहा।

# भूपेंद्र सिंह बोले, सपा और कांग्रेस भ्रष्टाचारी पार्टी

मुरादाबाद कार्यालय

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश के 51 प्रत्याशियों की जारी पहली सूची में मुरादाबाद के प्रत्याशी का नाम न होने पर जिले में सियासी हवा गर्म हो गई। रविवार को लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि चर्चा, गहन मंथन व राय मशवरे के बाद प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। इस बीच उन्होंने गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता की। जिसमें उन्होंने सपा और कांग्रेस को भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टी बताया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा मुस्लिम समुदाय को भी चुनाव में भागीदारी दे रही है। यूपी में लोकसभा चुनाव के लिए 51 के प्रत्याशियों की घोषणा के बाद बताया कि भाजपा में टिकट वितरण में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ा जा रहा है। जहां तक शेष प्रत्याशियों की बात है, उस पर गहन चर्चा के बाद जल्दी ही उनकी भी घोषणा की जाएगी। मुरादाबाद के प्रत्याशी के चयन की बात पर बताया कि चयन प्रक्रिया कमेटी द्वारा चर्चा व गहन मंथन के साथ ही राय मशविरा के बाद निर्णय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन की एक प्रक्रिया है उसके तहत ही सबको भागीदारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए सक्षम महिला प्रत्याशी पर भी चिंतन कर रही है।

बिहार में इंडिया गठबंधन की जन विश्वास रैली को लेकर कहा कि सबको अपनी बात कहने का अधिकार है। इसके बाद उन्होंने सपा और कांग्रेस को भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टी बताया। कहा कि जनता इनके छलावे में अब नहीं आएगी। भाजपा की सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर जनता वोट कर फिर से पार्टी को शत-प्रतिशत सीटों के साथ जिताएगी।

# दो दिन में डाटा अपलोड नहीं करने पर कॉलेज में प्रवेश पर लगेगी रोक

बरेली, अमृत विचार। अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के पोर्टल पर शिक्षकों का डाटा अपलोड न करने वाले कॉलेजों में प्रवेश के साथ परीक्षा पर भी रोक लगाई जा सकती है। लापरवाही बरतने पर शासन की सख्ती के बाद रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने संबद्ध महाविद्यालयों को दो दिन में डाटा अपलोड करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

कुलसचिव ने महाविद्यालयों के प्राचार्य और प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण ने 6 फरवरी को आदेश दिया था कि पोर्टल पर 15 फरवरी तक डीसीएफ (डाटा कैप्चर फार्मेट) और टीआईएफ (टीचर इन्फॉरमेशन फार्म) डाटा अपलोड कर दिया जाए। इसके अलावा विश्वविद्यालय की ओर से भी 18 और 31 जनवरी को पत्र भेजकर डाटा अपलोड करने के निर्देश दिए थे लेकिन अभी तक कई महाविद्यालयों ने पोर्टल पर डाटा अपलोड नहीं किया है।

# दुल्हन की बिगड़ी तबीयत दूल्हा पक्ष का शादी से इनकार

संभल कार्यालय

- शादी से इनकार पर हुआ हंगामा तो पुलिस पहुंची, हुई पंचायत लेकिन नहीं निकला हल

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में बरात पहुंचने पर स्वागत हुआ। बरात चढ़त के बाद दावत हुई और फिर जयमाला का कार्यक्रम शुरू हो गया। इस बीच दुल्हन की तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलते ही दूल्हा पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया। जिसे लेकर हंगामा हुआ तो पुलिस भी पहुंची। मामले को लेकर पंचायत चली लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। आखिरकार दुल्हन पक्ष में मायूसी छा गई। दुल्हा पक्ष ने तैयारियों और दावत में खर्च रकम भी वापस करने से इंकार कर दी। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव देवरा भूरा में शनिवार को गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरौरा काजी से बरात आई थी। बरात के स्वागत के बाद चढ़त हुई। चढ़त के बाद दावत और जयमाला का कार्यक्रम शुरू हो गया। इसी दौरान दुल्हन की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। जिसकी जानकारी होने पर दूल्हा पक्ष के लोगों ने शादी से इनकार कर दिया। यह सुनते ही दुल्हन पक्ष के लोग हैरान रह गए। दुल्हन पक्ष के लोग और ग्रामीण दूल्हा पक्ष के लोगों को मनाने में जुट गए। शादी के लिए नहीं मानने पर हंगामा भी हुआ और नौबत टकराव तक पहुंच गई। इस बीच शादी से इनकार किए जाने की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जानकारी की। बाद में दुल्हन और दूल्हा पक्ष के लोग थाने पहुंचे। पंचायत हुई लेकिन कोई हल नहीं निकला। हालांकि दुल्हन पक्ष के लोगों का कहना रहा कि शादी की तैयारी, रस्मों और दावत में जो खर्च हुआ है, वह वापस कर दिया जाए लेकिन इस बात पर दूल्हा पक्ष के लोग सहमत नहीं हुए। बाद में गांव देवरा भूरा में ही पंचायत चली।

# अधिवक्ता के परिजनों ने लगाये पुलिस पर आरोप

आगरा, अमृत विचारः अधिवक्ता सुनील शर्मा के परिवारवालों ने एसीपी हरीपर्वत आदित्य सिंह के सामने पुलिस पर कई आरोप लगाए। कहा कि 40 करोड़ की जमीन में से पुलिस को चार करोड़ मिलने वाले थे। मनोज ने यह आफर पुलिस वालों को दिया था। उसे पता था कि जमीन में सुनील ही रोड़ा हैं। इसलिए उसने पुलिस से सेटिंग की। उन्हें रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। फर्जी मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ऑफर की वजह से बहुत तेजी दिखा रही थी। सुनील अधिकारियों से मिलकर आए थे। दीवानी में बैठ रहे थे। तब किसी ने थाने नहीं बुलाया। वह थाना न्यू आगरा पहले भी जा चुके थे। पुलिस ने अचानक दबिश क्यों दी? इसके बाद सुनील को मार दिया। वारंट तक नहीं लेकर आई थी।

परिवार वालों का कहना था कि सुनील के तीन भाई देश सेवा कर रहे हैं। इनमें एक अर्द्ध सैन्य बल से डीआईजी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। देश की सेवा करने वालों के भाई के साथ पुलिस ने ऐसा सलूक किया। उसकी जान ले ली।

# अधिवक्ता की मौत मामले में एसओ, चौकी इंचार्ज निलंबित

संवाददाता,आगरा



अंतिम संस्कार से पहले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करतीं सुनीता शर्मा व परिजन।

अमृत विचारः आगरा के थाना सिकंदरा इलाके के आधार मंगलम अपार्टमेंट में शुक्रवार देर रात अधिवक्ता सुनील शर्मा की आठवीं मंजिल से गिरकर मौत के मामले में अधिवक्ता की पत्नी सुनीता शर्मा की तहरीर पर न्यू आगरा थाना अध्यक्ष राजीव सिंह और दयालबाग चौकी इंचार्ज अनुराग सिंह समेत 10 पुलिस वालों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गौड़ ने दोनों को निलंबित कर दिया।

पोस्टमार्टम होने के बाद रविवार सुबह अधिवक्ता सुनील शर्मा का शव उनके आवास पर पहुंचा तो परिजन बेहाल हो गए। मृतक की पत्नी सुनीता बोल रही थीं कि योगी, मोदीजी तक खबर पहुंचा दो। वही न्याय दिलाएंगे। वह ईमानदार हैं। पुलिस को सजा दिलाएंगे।

पुलिस ने अधिवक्ता के अंतिम संस्कार के लिए शव को गाड़ी में रखवाया तो उनकी पत्नी सुनीता शर्मा ने गाड़ी को आगे नहीं बढ़ने दिया। वह सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पुलिस आयुक्त से करने लगीं। उन्हें कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया गया। इसके बाद शव सुनील शर्मा के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अधिवक्ता की मौत के बाद आगरा के वकीलों में भी रोष है। बहरहाल अधिवक्ता सुनील शर्मा के आठवीं मंजिल से गिरकर मौत के मामले में थाना सिकंदरा पुलिस और आगरा पुलिस के आला अधिकारी रात भर तथ्यों की तलाश में लगे रहे। सीसीटीवी फुटेज में सुनील शर्मा मुंह के बल जमीन पर गिरते दिखाई दे रहे हैं लेकिन इस सीसीटीवी फुटेज से यह स्पष्ट नहीं हुआ कि आखिर वह गिरे कैसे?

### जमीनों के मामले में बदनाम रही आगरा पुलिस

बोदला में 10 हजार वर्ग गज जमीन के लिए बिल्डर कमल चौधरी के साथ तत्कालीन एसओ जितेंद्र कुमार ने षड्यंत्र रचा था। इसकी एसआईटी जांच कर रही है। एसओ सहित चार लोग जेल में हैं। इसी तरह शाहगंज में व्यापारी को हवालात में बंद करके पांच करोड़ की दुकान का बैनामा कराया गया था। इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक पर आरोप लगे थे। इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर किया गया था।

### पुलिस आयुक्त को लिखे प्रार्थना पत्र पर दर्ज हुई रिपोर्ट

सुनीता शर्मा ने पुलिस आयुक्त को प्रार्थनापत्र दिया था कि आपराधिक षड्यंत्र के तहत मनोज दीक्षित उर्फ मनोज शर्मा ने उनके पति के खिलाफ न्यू आगरा में मुकदमा दर्ज कराया। पति इस संबंध में अधिकारियों से मिले। बेगुनाही के साक्ष्य दिए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर थाने बुलाया जाएगा। शुक्रवार रात 10 :45 बजे पुलिस वाले आए। उनके फ्लैट का दरवाजा खुलवाया। पुलिस वालों ने कहा कि पति को न्यू आगरा थाने भेज देना। करीब 10 मिनट बाद पुलिस वालों ने घर का मुख्य दरवाजा तोड़ दिया और पति को दबोचकर जान से मारने की नीयत से घसीटकर बराबर वाले फ्लैट नंबर 802 में बंधक बना लिया। 5–7 मिनट बाद उनके पति के चीखने की आवाज आई। वह शोर मचाती हुई बाहर निकलीं। आठ–दस पुलिस वाले जिसमें राजीव सिंह, अनुराग सिंह आदि थे। उन लोगों ने उनके पति को फ्लैट की बालकनी से फेंक दिया जिसके कारण उनके पति की मृत्यु हो गई। पुलिस वाले घर में रखे उनके पति के आवश्यक अभिलेख भी साथ ले गए।

# अखिलेश नरम हिंदुत्व की राह पर : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मुसलमानों के कंधों पर सवार होकर वोट बैंक की राजनीति करने वाली पार्टियां मुसलमानों को उनकी आबादी के हिसाब से लोकसभा में प्रत्याशी के तौर पर टिकट दें। पार्टियों की अनदेखी मुसलमान बर्दाश्त नहीं करेगा। अब मुसलमान सियासी और समाजी तौर पर जागरूक हो गया है। कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव इन बातों का ध्यान रखते थे। हर आबादी के हिसाब से चुनाव में टिकटों का वितरण करते थे, मगर जबसे नेतृत्व अखिलेश यादव करने लगे हैं, तब से सपा ने अपनी सोच में काफी हद तक बदलाव पैदा किया है। अखिलेश यादव नरम हिंदुत्व की लाइन पकड़ कर चल रहे हैं।

**होनहार बिरवान** | मिक्स्ड मार्शल आर्ट में कई खिताब कर चुकी हैं अपने नाम, फ्लाई ग्रुप की खिलाड़ी हैं गीता अर्याल

# दंगल ने दिखाई राह, गीता बनीं बरेली की पहली एमएमए फाइटर

शिवांग पांडेय, बरेली

अमृत विचार : अभिनेता आमिर खान की दंगल फिल्म बीडीए कॉलोनी में रहने वाली 32 साल की गीता अर्याल के जीवन में ऐसा बदलाव लेकर आई कि अब लोग गीता को रिंग में लड़ते हुए देखकर उनके हौसले को सलाम करते हैं। गीता बरेली की पहली महिला मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) फाइटर हैं। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में न सिर्फ प्रतिभाग किया, बल्कि उन्हें जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।

गीता वर्तमान में मिक्स्ड मार्शल आर्ट के फ्लाई ग्रुप (सीनियर वर्ग) की खिलाड़ी हैं। उनके पिता ईश्वर शरण अर्याल और मां शारदा अर्याल ने बताया कि गीता दंगल फिल्म देखकर काफी प्रभावित हुईं और एमएमए फाइटर बनने का निर्णय लिया।

गीता ने शुरुआती प्रशिक्षण के लिए इंटरनेट का सहारा लिया तो उन्हें एमएमए के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने एमएमए के विशेषज्ञ दीपक भास्कर से इस खेल को सिखाने का अनुरोध किया। गीता ने परिवार को विश्वास दिलाया कि वह इसमें अपना करियर बना सकती हैं। परिजनों ने उनका साथ दिया।



अभ्यास करतीं गीता अर्याल।

### इन प्रतियोगिताओं में जीते पदक

गीता भोपाल में हुई राज्य स्तरीय एमेच्योर एमएमए इंडिया ओपन में स्वर्ण, छठवीं एमएमए इंडिया नेशनल लखनऊ में कांस्य, डोमिनेशन फाइट लीग में दो स्वर्ण जीत चुकी हैं। वह एमएए कंटेनडर्स रनरअप समेत अन्य मुकाबले में भाग ले चुकी हैं। वर्तमान में वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खुद को तैयार कर रही हैं। वह बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से बीपीएड और एमपीएड कर चुकी हैं।

### देश में बढ़ रहा मार्शल आर्ट का क्रेज

मार्शल आर्ट प्रशिक्षक दीपक भास्कर बताते हैं कि एमएमए प्रशिक्षण में प्रशिक्षुओं को रेडी टू फाइट तैयार किया जाता है। दुनिया भर में लोकप्रिय एमएमए को जापान जैसे देशों में बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें विभिन्न युद्ध शैलियों के प्रतियोगियों को एक–दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जाता है। उत्तरी अमेरिका और दुनिया के कई हिस्सों में यह काफी लोकप्रिय है। अब भारत में भी इसका क्रेज बढ़ रहा है।

### लड़कों के साथ अभ्यास करती हैं गीता

गीता बताती हैं कि स्कूल खत्म करने के बाद मैं खेलों में शामिल होना चाहती थी, लेकिन सामान्य खेलों में नहीं। एमएमए के बारे में जानकारी के बाद उन्हें अपना खेल मिल गया। मैंने राज्य और देश के लिए पदक लाने को एक पेशेवर फाइटर बनने के लिए प्रशिक्षण लेने का फैसला लिया। कोच दीपक ने गीता को लड़कों के साथ अभ्यास कराया।

# लेनदेन पर शुल्क से कम हो जाएगा यूपीआई का इस्तेमाल

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकप्रिय मोबाइल भुगतान प्रणाली एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पर अगर लेनदेन शुल्क लगाया गया, तो ज्यादातर उपयोगकर्ता इसका इस्तेमाल बंद कर देंगे। लोकलसर्किल के एक ऑनलाइन सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। सर्वेक्षण में बड़ी संख्या में लोगों ने यह दावा किया कि उन्होंने पिछले एक साल में एक या अधिक बार अपने यूपीआई भुगतान पर लेनदेन शुल्क लगाए जाने का अनुभव किया है।




## 364 से अधिक जिलों के 34,000 से अधिक लोगों ने दी अपनी राय



लोकलसर्किल ने रविवार को कहा कि सर्वेक्षण में 364 से अधिक जिलों के 34,000 से अधिक लोगों ने अपनी राय दी। इनमें 67 प्रतिशत पुरुष और 33 प्रतिशत महिलाएं थीं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अगस्त 2022 में एक चर्चा पत्र जारी किया, जिसमें विभिन्न राशि के आधार पर यूपीआई भुगतान पर एक संरचना शुल्क लगाने का प्रस्ताव था। हालांकि, बाद में वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि सिर्फ 23 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान पर लेनदेन शुल्क देने के लिए तैयार हैं। सर्वेक्षण में शामिल 73 प्रतिशत लोगों ने संकेत दिया कि यदि लेनदेन शुल्क लागू किया जाता है तो वे यूपीआई का उपयोग बंद कर देंगे। सर्वेक्षण से पता चला कि करीब 50 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता हर महीने 10 से अधिक लेनदेन करते हैं।

# मादक पदार्थ रोधी अभियान के लिए 2023 सफल वर्ष : हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियानों के मामले में 2023 राज्य के लिए सबसे सफल वर्ष रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवधि के दौरान 4,700 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 718 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए गए।

शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मोदी सरकार मादक पदार्थ मुक्त भारत के निर्माण के लिए संपूर्ण दृष्टिकोण अपना रही है। वर्ष 2023 में, असम पुलिस ने 718 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए और 4,700 से अधिक तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इससे यह राज्य में मादक पदार्थ रोधी अभियानों के लिए सबसे सफल वर्ष बन गया। उन्होंने मादक पदार्थों के खिलाफ जारी युद्ध में केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न कदमों पर एक वीडियो भी साझा किया। इस बीच, गुवाहाटी में मादक पदार्थों के दो संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 500 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि गुवाहाटी में गहन छानबीन के बाद एसटीएफ ने दो लोगों को पकड़ा। उनके परिसरों पर तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई की गई और साबुन के डिब्बों में रखी 500 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

# स्मृति ईरानी ने हज सुविधा ऐप की शुरुआत की

नई दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने रविवार को हज सुविधा ऐप की शुरुआत की, जिससे इस वार्षिक तीर्थयात्रा पर जाने वाले लोगों को आवश्यक जानकारी, उड़ान विवरण तथा आवास जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकेंगी। ईरानी ने अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री जॉन बारला की मौजूदगी में यहां विज्ञान भवन में हज यात्रा- 2024 की तैयारियों के तहत प्रशिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन भी किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उन प्रशिक्षकों को संवेदनशील और शिक्षित करना है, जो हज यात्रियों को आगे का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संतुष्टिदायक अनुभव मिले और वे तीर्थयात्रा के विभिन्न पहलुओं से अवगत हों।


## कार्यालय ग्राम पंचायत वाहनपुर, वि.खं.-फरीदपुर (बरेली)

### निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो व बिक्रेताओं को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत वाहनपुर में ग्रामनिधि व मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत है–
ईंट,बजरफुट,सरिया,सीमेंट,रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र0 | निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है | अनु लागत, लाख में |
|---|---|---|
| 1 | इकबाल के मकान से नसीर के मकान तक सी0सी0रोड,नाली निर्माण (ग्राम निधि) | 3.986/– |
| 2 | कबीर खां के मकान से इसलाम खां के मकान तक सी0सी0रोड,नाली निर्माण(ग्राम निधि) | 3.99/– |
| 3 | मो0इदरीश के मकान से लुकमान के मकान तक सी0सी0रोड,नाली निर्माण(मनरेगा) | 3.50/– |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिबस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान ग्रा0वि0अ0


# भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक वैचारिक यात्रा, इसके पांच न्याय प्रमुख: रमेश

## यात्रा का मुरैना में स्वागत, पटवारी ने किया ग्वालियर-चंबल के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद

ग्वालियर, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव एवं संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक वैचारिक यात्रा है इसमें पांच न्याय प्रमुख हैं। रमेश यहां एक संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। पत्रकार वार्ता को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी संबोधित किया।

रमेश ने कहा कि किसान न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय श्रमिक न्याय एवं हिस्सेदारी न्याय। इनमें दो न्याय के लिए गारंटी दी जा चुकी है, पहले किसान न्याय जिसके तहत एमएसपी की लीगल गारंटी के लिए कानून हम लाएंगे तथा डॉक्टर स्वामीनाथन का फार्मूला जिसके तहत लागत का डेढ़ गुना किसान को मिल सके उसे लागू करेंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि दूसरा हिस्सेदारी न्याय को हासिल करने के लिए हम जाति जनगणना करेंगे, 2021 में जातीय जनगणना होनी थी परंतु नहीं हुई, हर 10 साल में यह जनगणना होती है और 2011 में जो जनगणना हुई थी जिसमें सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना का जो डाटा था, जो हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने कराई थी, उस डाटा को मोदी सरकार ने सार्वजनिक नहीं किया है। रमेश ने कहा कि गांधी विपक्ष की एक विशाल रैली में शामिल होने के लिए पटना गए हैं।

इस कारण आज दोपहर यात्रा नहीं हुयी। गांधी ने आज सुबह पूर्व सैनिक एवं अग्नि वीरों से 40 मिनट तक बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मध्यप्रदेश के मुरैना में अभूतपूर्व स्वागत हुआ। गांधी ने आम युवा, किसान एवं आम गरीब की बातों को न्याय यात्रा के माध्यम से उठाया, जिससे उनके इन मुद्दों को बल और ताकत मिली है।

गांधी के आगामी 4 से 6 मार्च तक के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पटवारी ने कहा कि घाटीगांव होते हुए न्याय यात्रा का अद्भुत स्वागत एवं उनका संबोधन हुआ। कल शिवपुरी, गुना-ब्यावरा में न्याय यात्रा होगी, आमसभा, रोड-शो होगा और वहीं रात्रि विश्राम होगा। वहीं न्याय यात्रा 5 मार्च को शाजापुर, मक्सी, उज्जैन में होगी और वहीं रात्रि विश्राम होगा तथा 6 मार्च 2024 को बड़नगर, बदनावर, रतलाम तथा सैलाना में न्याय यात्रा आयोजित होगी, जिसके तहत रोड-शो, संवाद कार्यक्रम, आमसभा होगी के साथ न्याय यात्रा राजस्थान में प्रवेश करेगी। पटवारी ने कहा कि गांधी की न्याय यात्रा का स्वागत अपेक्षा से दस गुना बेहतर हुआ, इसके लिए ग्वालियर-चंबल के सभी कार्यकर्ताओ, नेताओं एवं सहयोगियों का बहुत-बहुत धन्यवाद। पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मान्यता है कि किसी भी शुभ कार्य के शुरू होने पर यदि बारिश हो जाती है तो इसे स्वयं इंद्र देवता का वरदान माना जाता है। गांधी की यात्रा के प्रवेश के समय बारिश का शुरू होना, स्वयं इंद्र देवता का आशीर्वाद इस यात्रा को मिला है।

गांधी मजदूरों, युवाओं, किसान एवं महिलाओं के न्याय के लिए आवाज़ उठा रहे हैं और इसके लिए हम सभी की भागीदारी की आवश्यकता होगी, इसके लिए जातीय जनगणना आवश्यक है। सिंह ने कहा कि न्याय यात्रा का जो कार्यक्रम है, उसमे राघोगढ़ में भी एक आमसभा है, उस आमसभा में आप सभी पूरे उत्साह के साथ आमंत्रित हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस महासचिव एवं मप्र प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, राजमणि पटेल, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मप्र मीडिया समन्वयक चरण सिंह सपरा सहित स्थानीय नेता उपस्थित थे।

### राहुल गांधी खुद का अध्ययन करें तो समाज के लिए बेहतर होगा : नरेन्द्र सिंह तोमर

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने रविवार को बेरोजगारी के मुद्दे पर राहुल गांधी के दावे को खारिज करते हुए कहा कि बेहतर होगा कि कांग्रेस नेता अपने बारे में अध्ययन करें, जिससे उन्हें समाज की बेहतर तरीके से सेवा करने में मदद मिलेगी। तोमर ने राहुल के उस दावे पर यह प्रतिक्रिया दी, जिसमें कांग्रेस नेता ने कहा था कि भारत में युवाओं की बेरोजगारी दर पाकिस्तान जैसे देशों से भी अधिक है। तोमर ने बेरोजगारी के मुद्दे पर राहुल गांधी के दावों को खारिज करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि अगर वह खुद के और मानव के बारे में ज्यादा अध्ययन करेंगे, तो वह समाज की बेहतर तरीके से मदद कर सकते हैं। राहुल ने ग्वालियर जिले के मोहना में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि भारत में युवाओं की बेरोजगारी दर पाकिस्तान जैसे देशों से भी अधिक है और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण छोटे कारोबारी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

## एक नजर

### एमएच 60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर को बेड़े में शामिल करेगी भारतीय नौसेना

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना बुधवार को कोच्चि में एमएच 60आर सीहॉक बहु-उद्देश्यीय हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल करेगी। नौसेना ने कहा कि यह भारत की रक्षा आधुनिकीकरण की राह में एक महत्वपूर्ण क्षण होगा। आईएनएएस 334 स्क्वाड्रन में इन हेलीकॉप्टर के शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। अमेरिका निर्मित एमएच 60आर सीहॉक, ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है। हेलीकॉप्टर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह रोधी युद्ध, खोज और बचाव और चिकित्सा निकासी सहित अन्य अभियानों के लिए तैयार किया गया है। नौसेना ने रविवार को कहा कि उन्नत हथियार, सेंसर और एवियोनिक्स प्रणाली सीहॉक को भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए आदर्श बनाती है। सीहॉक स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। भारत ने विदेशी सैन्य बिक्री के ढांचे के तहत फरवरी 2020 में 24-एमएच 60आर की खरीद के लिए अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। नौसेना ने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र में सीहॉक की तैनाती भारतीय नौसेना की समुद्री मौजूदगी को मजबूत करेगी, संभावित खतरों को दूर करेगी और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में एक सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करेगी।

### प्रधानमंत्री कलपक्कम में पीएफबीआर की कोर लोडिंग देखेंगे

चेन्नई। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यहां से लगभग 70 किमी दूर कलपक्कम में देश के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में भाविनी (भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड) द्वारा बनाए जा रहे भारत के 500 मेगावाट के स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) की कोर लोडिंग की शुरुआत देखेंगे। मोदी अपरान्ह पौने तीन बजे चेन्नई पहुंचेंगे और कलपक्कम के लिए रवाना होंगे जहां वह 1530 बजे से 1615 बजे तक पीएफबीआर सुविधा का दौरा करेंगे। वह चेन्नई लौटेंगे और शाम को तेलंगाना रवाना होने से पहले वाईएमसीए नंदनम मैदान में भाजपा की एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। मोदी की कलपक्कम यात्रा पर रविवार शाम एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि रिएक्टर कोर में नियंत्रण उप-असेंबली, कंबल उप-असेंबली और ईंधन उप-असेंबली शामिल हैं। मुख्य लोडिंग गतिविधि में रिएक्टर नियंत्रण उप-असेंबली की लोडिंग शामिल है, इसके बाद कंबल उप-असेंबली और ईंधन उप-असेंबली शामिल हैं जो बिजली उत्पन्न करेंगी। भारत ने बंद ईंधन चक्र के साथ तीन चरणों वाला परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम अपनाया है। पीएफबीआर में परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण को चिह्नित करते हुए पहले चरण से खर्च किए गए ईंधन को पुन: संसाधित किया जाता है और एफबीआर में ईंधन के रूप में उपयोग किया जाता है।

### लातूर में ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई कार: चार लोगों की मौत, एक अन्य घायल

लातूर। महाराष्ट्र के लातूर जिले में रविवार तड़के एक कार ट्रैक्टर-टॉली से टकरा गई और इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना लातूर-नांदेड़ राजमार्ग पर तड़के करीब तीन बजे हुई, जब कार में सवार लोग तुलजापुर स्थित एक मंदिर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि कार चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और यह ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराया। ट्रॉली पर गन्ना लदा हुआ था। अधिकारी ने बताया कि कार में सवार नांदेड़ निवासी मोनू बालाजी कोतवाल (27), शिवराज हरिश्चंद्र लंकाधई (26), कृष्णा मांडके (24) और नरमन राजाराम कटरे (33) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एक अन्य व्यक्ति शुभम लंकाधाई गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे लातूर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## स्पेन की महिला से सामूहिक दुष्कर्म के तीनों आरोपियों को अदालत ने भेजा जेल

दुमक। स्पेन की पर्यटक से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को झारखंड के दुमका जिले की एक अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि स्पेन की महिला से कथित दुष्कर्म राज्य की राजधानी रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुमरुमाहाट में शुक्रवार को तब हुआ, जब वह रात अपने पति के साथ एक तंबू में बिता रही थी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता का बयान भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-164 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि महिला की चिकित्सकीय जांच कराई गई, जिसमें बलात्कार की पुष्टि हुई। उन्होंने कहा कि अपराध में कथित तौर पर शामिल सात लोगों में से तीन को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और अन्य चार को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। खेरवार ने बताया, अन्य चार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी तलाश की जा रही है।

# आप के आरोपों पर भाजपा नेता स्वराज का पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से बांसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए रविवार को दावा किया कि स्वराज ने एक वकील के रूप में अदालत में राष्ट्र-विरोधी ताकतों का प्रतिनिधित्व किया है। बांसुरी स्वराज ने इन आरोपों को लेकर दिल्ली में सत्तारूढ़ 'आप' पर पलटवार करते हुए उसके उम्मीदवार पर सवाल खड़े किए।

दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आतिशी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा की दिवंगत नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को अदालत में राष्ट्र-विरोधी ताकतों का पक्ष लेने के लिए लोगों से माफी मांगनी चाहिए। आतिशी ने यह भी मांग की कि भाजपा बांसुरी की जगह किसी और को नयी दिल्ली सीट से उम्मीदवार बनाए।

'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा, बांसुरी स्वराज ने बार-बार अदालत में भगोड़े कारोबारी ललित मोदी का बचाव किया है, जो लाखों करोड़ का गबन करके भाग गया है। 2012 से 2014 तक स्वराज ने ललित के पासपोर्ट मामले में निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय तक लगातार उसका बचाव किया। आतिशी ने दावा करते हुए कहा, खंडपीठ का आदेश आने से पहले वह पासपोर्ट लेकर भाग गया और तब से वापस नहीं लौटा है।

## बेटे के शव के साथ 8 दिनों से घर में रहती मिली बुजुर्ग

अगरतला। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला के एक मकान में 82 वर्षीय एक महिला आठ दिनों से अपने मृत बेटे के शव साथ रह रही थी। महिला लकवाग्रस्त है और बिस्तर पर थी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना शिवनगर इलाके की है। पारिवारिक विवाद के कारण लगभग तीन साल पहले महिला की बहू के घर छोड़ने के बाद कल्याणी एस. चौधरी बेटे सुधीर (54) के साथ रहती थीं।

जब पड़ोसियों को घर से दुर्गंध आने लगी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। महारागंग बाजार पुलिस चौकी के प्रभारी अधिकारी मृणाल पॉल ने कहा, हम अपराह्न 3 बजे एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अंदर घुसे और उस व्यक्ति का शव बिस्तर पर पाया।

## व्यवसायी से लूटपाट के आरोप में युगांडा, तंजानिया की छह महिलाएं गिरफ्तार

फगवाड़ा (पंजाब)। पंजाब में एक व्यवसायी को चाकू का भय दिखाकर लूटने और उसे छेड़छाड़ के मामले में फंसाने की धमकी देने के आरोप में फगवाड़ा के एक गांव से युगांडा और तंजानिया की छह महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि उन्हें भारतीय दंड संहिता की धाराओं 341 (गलत तरीके से रोकना), 384 (जबरन वसूली) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि को महेरू गांव के लॉगेट क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। सतनामपुरा पुलिस थाने के प्रभारी गौरव धीर ने बताया कि आरोपी महिलाएं वर्तमान में महेरू और चहेरू गांवों में रह रही थीं। उन्होंने कहा कि उन्हें राजस्थान के हनुमानगढ़ के एक निवासी की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया, जो वर्तमान में महेरू में व्यवसाय कर रहे हैं।

# ओडिशा : विधायक अरबिंद धाली और पूर्व आईपीएस ऋषिकेश पांडा भाजपा में शामिल

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा विधानसभा के पांच बार के सदस्य अरविंद धाली और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी ह्षिकेश पांडा रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। बीजद के पूर्व विधायक मुकुंद सोदी, सेवानिवृत्त एयर मार्शल दिलीप कुमार पटनायक, राज्यसभा में पूर्व संयुक्त सचिव रमाकांत दास और बीजद के दिगपहांडी ब्लॉक अध्यक्ष बिपिन प्रधान भी भाजपा में शामिल हुए। धाली ने शनिवार को ही राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) से इस्तीफा दिया था।

वह अपने समर्थकों के साथ भुवनेश्वर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और सांसद अपराजिता सारंगी एवं अन्य की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। पूर्व विधायक मुकुंद सोदी ने भी बीजद से इस्तीफा दे दिया था और धाली के साथ भाजपा में शामिल हो गए। धाली ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि बीजद के भीतर कोई लोकतंत्र नहीं बचा है और वरिष्ठ नेताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा, घुटन महसूस करने के बाद मैंने बीजद छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गया जहां पर आंतरिक लोकतंत्र है। खुर्दा जिले में जयदेव के विधायक धाली ने दावा किया कि भाजपा विधानसभा की 147 सीट में से 100 से अधिक सीट जीतकर राज्य में अगली सरकार बनाएगी। धाली पहली बार 1992 में भाजपा के टिकट पर उपचुनाव में मलकानगिरि सीट से विधानसभा के लिए चुने गए थे। उन्होंने दो और बार इस सीट से जीत दर्ज की। इसके बाद वह बीजद में शामिल हो गए और 2009 में जयदेव से विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने इस सीट से 2019 का चुनाव भी जीता। कानून में स्नातक धाली ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजद-भाजपा गठबंधन सरकार में मंत्री के रूप में कार्य किया। आईपीएस के 1979 बैच के टॉपर पांडा के प्रसिद्ध उपन्यासकार भी हैं। बीजद ने दावा किया कि धाली के भाजपा में शामिल होने से उस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बीजद के वरिष्ठ नेता राज किशोर दास ने कहा, चुनाव से पहले, कई राजनीतिक नेताओं के लिए एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाना सामान्य बात है। जिन नेताओं के जीतने की संभावना बहुत कम है और वे जानते हैं कि पार्टी उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाएगी, वे बीजद छोड़ रहे हैं। बीजद प्रवक्ता स्वयं प्रकाश महापात्र ने कहा कि भाजपा बीजद के नेताओं का स्वागत कर रही है क्योंकि वह नए नेता तैयार करने में विफल रही है। हाल ही में बीजद से निष्कासित विधायक प्रदीप पाणिग्रही और प्रशांत जगदेव भी भाजपा में शामिल हो गए। बीजद के पूर्व मंत्री देबासिस नायक ने भी पाला बदल लिया।

## आज से कर्नाटक के दो दिवसीय दौरे पर नड्डा

बेंगलुरु। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सोमवार से दो दिवसीय दौरे पर कर्नाटक में रहेंगे। नड्डा दौरे के दौरान वह कई सार्वजनिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

वह चिकोडी में एक बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन भी आयोजित करेंगे और बेलगावी में स्वनिधि योजना के लाभार्थियों और बुद्धिजीवियों के साथ बातचीत करेंगे। पार्टी के एक बयान के अनुसार नड्डा सोमवार को रात 8.30 बजे बेलगावी के सांबरा हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे, जहां वरिष्ठ नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके तुरंत बाद वह रात 9 बजे काकती में चिकोडी, बागलकोट और विजयपुरा संसदीय क्षेत्रों की कोर कमेटी की बैठक करेंगे। नड्डा मंगलवार को सुबह चिकोडी के किवाड मैदान में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। दोपहर को वह बेलगावी के आईटीसी वेलकम होटल में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। इसके बाद वह शाम 5.15 बजे बेलगावी के जिरगे ऑडिटोरियम में बुद्धिजीवियों से बातचीत करेंगे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जलालनगर, वि.खं. मझगवां (बरेली)

### निविदा सूचना

मनरेगा योजना की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य, कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | मद |
|---|---|---|---|
| 1. | सूखे खां के घर से रियाज अहमद के घर तक नाला निर्माण कार्य | 2,93,600.00 | मनरेगा योजना |

उपरोक्त कार्य हेतु जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म निविदा हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 04/03/2024 से दिनांक 07/03/2024 दोपहर 12:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है और उसी दिन निविदा अपरान्ह 02:00 बजे जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

प्रधान-नेमवती सचिव-हेमन्त श्याम

## कार्यालय ग्राम पंचायत सहोलिया महोलिया, वि.खं. भुता, जिला बरेली

पत्रांक : 37 लेखा/निविदा/वर्ष 2023-24 दिनांक 01.03.2024

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सहोलिया महोलिया में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्य, रामबाबू के मकान से देवस्थान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य होना। जिसकी अनु. लागत 1.96 लाख है। सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण की जाती है। समस्त फर्म सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रोड़ी, ईंट आदि आपूर्ति हेतु निविदा दिनांक 07.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा कर सकते हैं प्राप्त निविदाओं को उसी दिन शाम 4 बजे खोली जायेंगी।

प्रधान-गुरुपाल सचिव-दानिश खां

## कार्यालय ग्रा.पं.गांगेपरा वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर)

पत्रांक-07/पां./निविदा वर्ष 2023-24/ दिनांक-02.03.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा. प. गांगेपरा वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर) में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केंद्र हेतु वांछित सामग्री की आवश्यकता है। अतः निम्नलिखित अंकित सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक को अपरान्ह 1:00 बजे संबंधित फर्म के प्रोपराइटर/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

- निविदा फार्म किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
- सबसे कम दर वाली निविदा को स्वीकृत किया जाएगा।
- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात उसी समय सम्बंधित फर्म को अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अवलोनार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- उक्त निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
- किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र क्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मानक |
|---|---|---|
| 1. | गार्बेज कलेक्टर ई-रिक्शा | लीथियम बैटरी, वाट-1250 भार क्षमता-500 किग्रा तक, बॉडी-माइल्ड स्टील |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत गांगेपरा, निगोही (शाहजहाँपुर)
सचिव, ग्राम पंचायत गांगेपरा, निगोही (शाहजहाँपुर)

## कार्यालय ग्रा.पं. महमदपुर वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर)

पत्रांक-06/पां./निविदा वर्ष 2023-24/ दिनांक-02.03.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा. प. महमदपुर वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर) में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केंद्र हेतु वांछित सामग्री की आवश्यकता है। अतः निम्नलिखित अंकित सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 3 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक को अपरान्ह 4:00 बजे संबंधित फर्म के प्रोपराइटर/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

- निविदा फार्म किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
- सबसे कम दर वाली निविदा को स्वीकृत किया जाएगा।
- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात उसी समय सम्बंधित फर्म को अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अवलोनार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- उक्त निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
- किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र क्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मानक |
|---|---|---|
| 1. | गार्बेज कलेक्टर ई-रिक्शा | लीथियम बैटरी, वाट-1250 भार क्षमता-500 किग्रा तक, बॉडी-माइल्ड स्टील |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत महमदपुर, निगोही (शाहजहाँपुर)
सचिव, ग्राम पंचायत महमदपुर, निगोही (शाहजहाँपुर)

## कार्यालय प्रकाश विभाग, नगर निगम, बरेली

### अति अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांक 183/प्र.वि./2023-24 दिनांक : 02.03.2024

नगर निगम, बरेली द्वारा नगर निधि के अन्तर्गत नगर के समस्त वार्डों में आवश्यकतानुसार रिक्त पोलों पर एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइटों को लगाये जाने हेतु प्रति एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइटों की एकल दरें ई-निविदा द्वि-बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं.-4848/नौ-5-2018-470सा/2018 नगर विकास अनुभाग-05 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क+GST ऑनलाइन आर.टी.जी.एस. के माध्यम से E-TENDER BNN/NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से नगर निगम कोष में नगर निगम बरेली के खाता सं. -3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन कापी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी तथा एफ.डी.आर. प्रभारी प्रकाश, नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी, अन्य शर्तें एवं विवरण निम्नवत् उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। ई-निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 04-03-2024 - (01:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 04-03-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 07-03-2024 - (02:00 PM) |
| तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि/समय | 07-03-2024 - (03:00 PM) |
| वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि/समय | तकनीकी बिड खुलने के पश्चात |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

प्रभारी प्रकाश,
नगर निगम, बरेली

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथै ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मृगा : ॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं, केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।


संपादकीय

# देश की मजबूती के लिए

राष्ट्र की मजबूती के लिए उसका रक्षा क्षेत्र में मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता उसे और मजबूत करती है। एक समय भारत रक्षा क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। इस मोर्चे पर भारत की स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रही है, भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और उसके लिए 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत सरकार ने कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं। इसके तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार किए गए हैं। इससे देश में रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर केंद्र सरकार सेना को स्वदेशी हथियारों और उपकरणों से लैस करने के लिए अभियानरत है। स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ रक्षा खरीद पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी महत्वाकांक्षी पहल को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को डिफकनेक्ट 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। डिफकनेक्ट 2.0 कार्यक्रम देश की सेना को मजबूत करेगा। देश के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सशस्त्र बलों, रक्षा उद्योग के प्रमुख उद्यमियों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं सहित सभी महत्वपूर्ण हितधारकों को एक साथ लाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक आयोजन का उद्देश्य सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करना और रक्षा क्षेत्र में सहयोग, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच प्रदान करना है। पहल का उद्देश्य डिफेंस स्टार्टअप्स के साथ नियमित रूप से जुड़ने की रणनीति को जारी रखना है। यह अवसर स्टार्टअप्स के लिए निवेश प्राप्त करने और भविष्य के परिचालनों का नेतृत्व करने को लेकर लाभ उठाने के लिए है। दुनिया में बहुत सी चीजें भारत को प्रभावित कर रही हैं। भारत के पास इस विश्व व्यवस्था में बदलाव के बीच खुद को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण है कि हम अपनी रक्षा, शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत बनें।

# विज्ञान लोकप्रियकरण के प्रति आमजन का दृष्टिकोण



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्प्स एंड पिटफाल्स', इम्पैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी की जानकारी के तकनीकी पक्षों और वैज्ञानिक जानकारी को प्रयोगशालों और संस्थानों से बाहर निकालकर इसके लोकप्रिय संस्करण को देश के लोगों से इनकी ही भाषा में साझा करने की भी जरूरत होती है। ताकि समावेशी विकास में आमजन की भागीदारी बनी रहे। खेदजनक है कि विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति भारत के लोगों का दृष्टिकोण और पसंद क्या हैं, इस बारे में एक-दो बार के रैंडम सर्वेक्षणों के अलावा अखिल भारत स्तर का सर्वेक्षण नहीं हुआ है।

जापान ने अपने यहां किए गए एक सर्वेक्षण में पाया कि लोगों के मुताबिक उनका सर्वाधिक रुझान मेडिकल ट्रीटमेंट्स, फिर क्रम से टेक्नोलॉजिकल उपलब्धियों, बेसिक साइंसेज, मिलिट्री, इकोनॉमी, यूनिवर्सिटी एजुकेशन, प्राइमरी ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ऑफ सबसे कम पॉलिटिक्स में है। 87 प्रतिशत जापानी लोग चाहते हैं कि राष्ट्रीय सरकार ही साइंटिफिक रिसर्च में सर्वाधिक खर्चा करे। भारत में यह क्रम बदल सकता है। वाशिंगटन डीसी से ऑपरेट करने वाली स्वतंत्र संस्थी 'पेव रिसर्च सेंटर' के डेटा के अनुसार भारत में क्रम से यह पैटर्न कि हम लोग मिलिट्री, वैज्ञानिक उपलब्धियों, मेडिकल ट्रीटमेंट, यूनिवर्सिटी एजुकेशन, प्राइमरी और सेकेंडरी एजुकेशन, टेक्नोलॉजिकल अचीवमेंट्स, पॉलिटिकल अचीवमिनट्स के बाद इकोनॉमी को तरजीह देने वाले लोग हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लोकप्रियकरण कार्यक्रम अधिकांश तौर से भारतीय पैटर्न पर ही आधारित हैं। यहां सोसाइटी फॉर द पॉपुलराइजेशन ऑफ साइंस सन् 2001 में स्थापित किए जाने के बाद से अच्छा काम कर चुकी है।

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्प्स एंड पिटफाल्स', इंपैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के अलावा चीन और जापान में आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए जो तरीके उन्नीसवीं और बीसवीं सदी में अपनाए गए थे अब उनसे वे लोग बहुत आगे निकल चुके हैं। जबकि हमारे यहां आयोजित

विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए।

होने वाले विज्ञान लोकप्रियकरण के कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी अभी परोक्ष और दर्शक जैसी ही बनी हुई है। सक्रिय भागीदारी के लिए इनोवेशन दिखाई नहीं देती। विज्ञान लोकप्रियकरण के सभी उपायों के मद्देनजर भारत की स्थिति को हम जिस मानकीकृत, खास तरीके से जान सकते हैं वह है देश में उन संस्थानों और संगठनों की 'ट्रांसपेरेंट रेंकिंग' के बारे में जानना जिनकी गतिविधियों को आंकने का तरीका 'गूगल स्कॉलर साइटेशंस' अर्थात् ऐसे शोधपत्रों का उद्धरण दिए जाने की बारंबारता जिन्हें हमारे उन वैज्ञानिकों ने प्रकाशित किया है, जो टॉप 429 इंस्टिट्यूशंस में काम करते हैं। उनकी लोकेशंस विभिन्न बड़े शहरों में है।

तिरुवनंतपुरम (केरल) में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में कार्यरत इनफार्मेशन साइंटिस्ट गंगन प्रताप द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित एक अध्ययन से मालूम हुआ है कि हमारे टॉप 439 संस्थानों के शोधकर्ताओं ने जो शोधपत्र लिखे उन्हें कुल मिलाकर एक करोड़ बाईस लाख 80 हज़ार और 756 की संख्या में उद्धृत किया गया था। ये संस्थान भारत में 188 शहरों में ही कंद्रित हैं जबकि 22 प्रांतों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में नगरों की कुल संख्या 4 हज़ार है। इससे यह प्रश्नमूलक संकेत मिलता है कि जिन नगरों में अधिक वैज्ञानिक संस्थान मौजूद हैं क्या वहां के लोगों में बाकी के नगरों में निवास करने वाली जनसंख्या के मुकाबले में वैज्ञानिक अभिरुचि का स्तर ऊंचा है, अर्थात यह मालूम करना है कि इन संस्थानों की गतिविधि का इनके परिसर के 50 किलोमीटर के व्यास में अर्थात 196 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले लोगों पर क्या असर हुआ है? इस बारे में निश्चित रूप से तो नहीं लेकिन अनुमान से कहा जा सकता है कि 'शायद' यह स्तर ऊंचा होता है। इस जाहिरा असमानता को दूर करके समानता के स्तर पर लाना असंभव है लेकिन कम जरूर किया जा सकता है। अपने तौर से सर्वे के जो प्रयास मैंने ऑनलाइन किए इन्हें चालीस साल के अपने अनुभव को मिलाकर देखता हूं कि नॉन-कमर्शियल पॉपुलर साइंस पब्लिकेशन्स और इनके वितरण के मामले में शासकीय वित्त पोषण से चलने वाली रूस (सोवियत काल) की 'मीर', 'रादुगा' और 'प्रोग्रेस' एजेंसीज़ के प्रकाशन दुनियाभर में सर्वश्रेष्ठ हैं। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के देशों के लोग एक नया कांसेप्ट 'सिटीजन्स साइंस' लेकर आए हैं इस बाबत करीब एक दशक से भी अधिक समय से काम कर रहे हैं। उनका ख्याल है कि इस कार्यक्रम में विज्ञान पढ़ने वाले युवजनों और स्थानीय आमजन को कुछ ट्रेनिंग देकर प्रकृति संरक्षण, यथा -बायोडाइवर्सिटी कंजर्वेशन, जैसे काम में पेशेवर वैज्ञानिकों के साथ काम करने हेतु लगाया जा सकता है। लेकिन इस बारे में उनके ही कुछ विद्वज्जनों का विचार है कि सिटीजन साइंटिस्ट्स द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले डेटा की विश्वसनीयता, संचालित कार्यक्रमों में 'रिस्क' से उनका सामना होने के अलावा 'नैतिक मुद्दे' भी जुड़े हुए हो सकते हैं।

'एनवायरनमेंटल साइंस एंड पालिसी जर्नल' के दिसंबर 2015 के अंक में प्रकाशित एक समीक्षा पत्र में जो लिखा गया है उसका भाव यह कि 'आम लोगों और पेशेवर वैज्ञानिकों के बीच सहयोग-अनुसंधान एक महत्वपूर्ण नवोन्मेषी प्रवृत्ति है। नागरिकों ने पेशेवर वैज्ञानिकों को जानवरों और पौधों की आबादी, कैनाइन व्यवहार, आकाशीय वस्तुओं, पर्यावरण प्रदूषकों, मत्स्य पालन, व्हेल ध्वनियां, मौसम विज्ञान और आक्रामक प्रजातियों के बारे में जानकारी जुटाने के दौरान मदद की है।' आपत्तियों के बावजूद वैज्ञानिकों और आम लोगों के बीच होने वाले सहयोग, विज्ञान और समाज के लिए कई लाभ प्रदान करते हैं, लेकिन वे नैतिक प्रश्न और चिंताएं भी उठा सकते हैं। देखा जाय तो हमारे देश में विज्ञान लोकप्रियकरण आंदोलनों और अन्य अवसरों से पेशेवर वैज्ञानिकों के जुड़ने के दौरान अनेक युवजनों ने मौसम, फसलों, कीट-पतंगों, कृषि-सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र की स्थापना जैसे कि 'किसान संचार', प्राकृतिक आपदा के समय सूचना तंत्र को कायम रखने के लिए 'हैम-रेडिओ', पुरातत्व और कला के वैज्ञानिक पक्षों की विवेचना और विमर्श, पर्यावरण और प्रकृति की जानकारी देने और संरक्षण कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए कई वर्ष पहले ही एनजीओ बनाने और यू-ट्यूब चैनल्स चालू करने जैसे काम शुरू कर लिए थे। विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज़ रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए। यह गुण सहज होता है और स्वतःस्फूर्त भी। जिन बालकों और युवजनों में ऐसा स्फुरित हो जाए तो प्रारंभिक दौर में तो वे इसमें ही रुझान बनाए रखते हैं। अगर मैथड ऑफ़ साइंस बाद में नहीं अपनाया गया तो ये अन्वेषक नहीं बन पाते। बचपन के दिनों में कुछ बच्चे लचर, ढीले और मंद दिखाई दे सकते हैं, लेकिन बाद में कुछ ऐसा घटता है जिसके कारण या स्वतःस्फुरित आंतरिक परिवर्तन की वजह से इनमें अचानक से प्रतिभा का प्रस्फुटन होता है और टॉमस अल्वा एडिसन की तरह, आइन्स्टाइन की तरह वह निखरता है। श्रीनिवास रामानुजन की तरह वह जन्म से ही अगर एक किशोर वय का बालक प्रतिभावान है और गणित में गूढ़ ज्ञान के प्रतिपादन से एक अर्से से लंबित पड़ी जटिल समस्याओं को सुलझाता है, तो निश्चय ही वह रामानुजन की नस्ल का व्यक्ति है। एक राष्ट्र की उत्पादक क्षमता उस देश के लोगों की वैज्ञानिक नए ज्ञान के सृजन और पुराने को नए सिरे से व्याख्यायित करने के कौशल पर निर्भर करती है। मेरे ख्याल से हमारे प्रधानमंत्री ने कौशल विकास की जो बात बहुत पहले कही थी उसका आशय इसके अलावा और क्या हो सकता है? विज्ञान दिवस जैसे अवसरों पर अखिल भारत स्तर पर संस्थानों में अनेक तरीके से विविध कार्यक्रम किए जाते हैं जिनमें आत्मगौरव का भाव तो बहुत होता है, लेकिन पारंपरिक दिखावे की भी कमी नहीं होती।

प्रसंगवश

# दूरसंचार का उत्थान-पतन

टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे।

पिछले दिनों सरकारी फोन विभागीय कार्मिकों के साथ था। व्यथा-गाथा सुनी। मुझे अपनी तरुणावस्था का दौर याद आया। काला चोगा होता था। आठ इंच लंबा-चौड़ा यह भाष्य यंत्र जिस घर में रहता था उसकी प्रतिष्ठा मोहल्ले में ऊंची होती थी।

मेरे स्मृति पटल पर सनातन फोन रिसीवर (चोगा) उभर आता है। उसके साथ लगभग दो-तीन फीट का तार जुड़ा रहता था। चोगा उठाकर लोग बात करते थे। रिसीवर का एक हिस्सा कान में तथा दूसरा हिस्सा मुंह के पास रखा जाता था। टेलीफोन की घंटी जब पूरे घर में गूंजती थी तो खुशी की लहर दौड़ जाती थी। अगर दो-चार मेहमान बैठे हुए हैं और उनके सामने टेलीफोन की घंटी बज जाए तो इसका अर्थ बहुत शुभ सूचक माना जाता था। गर्व से गृह स्वामी की आंखें चौड़ी हो जाती थीं कि देखो हमारे घर टेलीफोन की घंटी बज रही है। फिर आया मोबाइल का दौर। बीएसएनएल और एमटीएमएल बुलंदी पर रहे। मगर गिरावट आ गई जब निजी व्यापारी भी प्रतिस्पर्धा में आ गए। नतीजन आज सरकारी मोबाइल साढ़े नौ करोड़ पर गिरे। निजी तो सवा सौ करोड़ छू रहीं हैं। निजी कंपनियां भी हैं। आज लैंडलाइन फोन के करीब सवा दो करोड़ ग्राहक हैं। निजी के तो कई गुना हैं। सरकारी कार्मिक लोग बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के नाम से जाना जाने वाली एक सार्वजनिक क्षेत्र की संचार कंपनी है। 31 मार्च 2008 को 24 प्रतिशत के बाजार पूंजी के साथ यह भारत की सबसे बड़ी, संचार कंपनी रही। भारत में सम्मानित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में थी। मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों में सबसे पहली कंपनी रही जिसने इनकमिंग कॉल को पूर्णतया फ्री किया। दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार का लोगों में विश्वास बढ़ाया। सरकारी फोन कंपनी से कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ी थी। तब हिमाचल के पं. सुखराम शर्मा संचार मंत्री थे। भारत में पहली मोबाइल बात मंत्री जी ने पश्चिम बंगाल की माकपा मुख्यमंत्री ज्योति बसु से 3 जुलाई 1995 में (कलकत्ता से नई दिल्ली) की थी। करिश्मा लगता था। फिर आया दुर्भाग्य का दौर। इस सार्वजनिक उपक्रम का घाटा करोड़ नहीं, अरबों रुपयों में होने लगा। तब संप्रग सरकार (मनमोहन सिंह) के मंत्री थे तमिलनाडु के द्रमुक के ए. राजा और मारन आदि। कुछ शीर्ष पत्रकारों ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिया। लाइसेंस की लूट मची थी। नतीजन अब बीएसएनएल अपने पौने दो लाख कार्मिकों को वेतन नहीं दे पा रही है।

अचरज की बात है कि बीएसएनएल तो बंदी की कगार पर है, मगर जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी प्राइवेट कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। कभी सबसे प्रतिष्ठित टेलिकॉम कंपनी मानी जाने वाली बीएसएनल के आज देश में 11.5 करोड़ मोबाइल यूजर हैं। देश में उसका मार्केट शेयर केवल 9.7 फीसदी है। एक कार्मिक ने उसे दौर का किस्सा बताया। बीएसएनएल के एक अधिकारी गुजरात गए थे। तब शाम को उनकी तबीयत गड़बड़ाई तो उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। इस पर कर्मचारी यूनियन के महासचिव बताते हैं : "डॉक्टर ने मुझसे कहा आप पहले मेरी मदद करिए, तब मैं आपकी मदद करूंगा। मेरे पास बीएसएनएल का मोबाइल है। कॉल सुनने के लिए मुझे सड़क पर जाना पड़ता है। चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। आप पहले मेरी समस्या का समाधान करिए।" एक्सपर्ट बताते हैं कि इस दौर में मंत्रालय से भी सहमति आने में भी वक्त लग रहा था। टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे। जब 2014 में लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिक्र किया था कि बीएसएनएल ने "ऑपरेटिंग" मुनाफा कमाया है तो आशा बंधी थी। मगर अब मोदी की गारंटी की प्रतीक्षा है कार्मिकों को।

# विकास व समृद्धि के लिए अहम है महिलाओं का स्वास्थ्य



डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है।

महिलाओं का स्वास्थ्य व पोषण समाज की समृद्धि और स्थिति के प्रति महत्वपूर्ण योगदान देता है, क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही समाज की स्थिति को सुधार सकती है। इसका सीधा असर समाज के पोषण के प्रति होता है। इसलिए हमारे समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की देखभाल बेहद महत्वपूर्ण है। किसी भी महिला को अपने दैनिक कार्य करने, बीमारियों की रोकथाम तथा सुरक्षित व स्वस्थ प्रसव के लिए अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है, लेकिन फिर भी पुरे संसार में किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की तुलना में महिलाओं को कुपोषण का सबसे अधिक सामना करना पड़ता है। इसके वैसे तो बहुत कारण होते हैं, लेकिन मुख्यता थकावट, कमजोरी, अशक्तता और बुरा स्वास्थ्य हो सकता है।

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है। कुछ किसान अन्न देने वाली फसलों की बजाय गन्ना व तंबाकू उगाते हैं, क्योंकि उनसे ज्यादा आमदनी होती है। गरीब लोग कर्जे लिए गए जमीन के छोटे से टुकड़े पर खेती करते हैं। जबकि उस जमीन के मालिक फसल का एक बड़ा भाग हड़प जाते हैं। गरीबी रेखा का सबसे ज्यादा कुप्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि चाहे खाने के लिए कितना भी कम हो, महिलाओं को सबसे कम भोजन मिलता है, क्योंकि महिलाएं तभी भोजन करती हैं जब पुरुषों व बच्चों ने खा लिया हो अर्थात् वे सबसे अंत में खाती हैं। इसलिए भुखमरी तथा कुपोषण की समस्या का तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता है जब तक जमीन व अन्य संसाधनों का न्यायपूर्वक वितरण नहीं होता है और महिलाओं को पुरुषों के बराबरी का दर्जा नहीं मिलता है। इन सबके बावजूद, अनके ऐसी बातें हैं जिनका पालन करके लोग, कम पैसे में भी बेहतर भोजन प्राप्त कर सकते हैं। यथासंभव पौष्टिक भोजन खाकर वे अपनी सामर्थ्य में वृद्धि कर सकते हैं और जब लोगों का पेट भरा होगा तो वे अपने परिवार व समुदाय की आवश्यकताओं पर ध्यान लगा सकते हैं और उनमें परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत हो सकते हैं। एक स्वस्थ महिला के लिए उसके शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलित होना, मानसिक स्थिति का स्थिर होना और सामाजिक संबंधों में सकारात्मक भूमिका निभाना महत्वपूर्ण है।

महिलाओं का पोषण उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, एक स्वस्थ पोषण महिलाओं को ऊर्जा प्रदान करता है, उन्हें रोगों से बचाता है और उनके शारीरिक और मानसिक विकास को समर्थ बनाता है। सही पोषण न केवल महिलाओं के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बनाए रखता है, बल्कि उनकी प्रजनन क्षमता और समाज में भागीदारी में भी सुधार करता है। संतुलित आहार संतुलित आहार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें फल, सब्जियां, अनाज, प्रोटीन आदि को सही मात्रा में लेना चाहिए। नियमित व्यायाम उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है और मानसिक स्थिति को सुधारता है। नियमित चेकअप और जांच कराना चाहिए ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का समय पर पता चल सके और उसका उपचार किया जा सके। शिक्षा और सहयोग समाज में महिलाओं को स्वास्थ्य व पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें उपयुक्त सहयोग प्रदान करना चाहिए। स्वास्थ्य और पोषण की सही देखभाल न केवल महिलाओं के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

खासकर उन वर्षों में जब वे गर्भवती होती हैं और मां बनती हैं, उस समय सही पोषण और स्वास्थ्य व्यवस्था न केवल उनके लिए, बल्कि उनके गर्भ में पल रहे शिशु के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर अनेक समस्याएं हैं। गर्भावस्था में पोषण संबंधी जानकारी की कमी, अनाधिकृत आहार, उपयुक्त देखभाल की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की कमी और महिलाओं के शिक्षा से जुड़ी समस्याएं इनमें से कुछ हैं। समाज को इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्हें सही जानकारी प्राप्त करने और सही आहार लेने का पूरा अधिकार होना चाहिए। साथ ही सरकार को भी समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के लिए उचित योजनाएं और सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। इस प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण का पूरा ध्यान रखकर हम एक समृद्ध, स्वस्थ और समान मानव समाज की ओर प्रगति कर सकते हैं।

सोशल फोरम

# पृथ्वी प्लेटफार्म

लोगों को इस प्लेटफार्म से जाते हुए देखते हैं। सोचते हैं कि अभी कौन-सा जाना है। अभी कहां? दुबारा जन्म होगा। ऊपर स्वर्ग-नरक होगा। कहानियां, धारणा, विचार। सब है। कुछ नहीं है। अमीरी-ग़रीबी, सुख-दुख, हर्ष-शोक, सफलता-असफलता कुछ नहीं। हम और आप बस यूं ही गुजर कर चले जाते हैं। संसार में वो पहला इंसान कौन होगा जिसने जमीन पर एक लकीर खींची होगी, कहा होगा ये टुकड़ा मेरा।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

कैसे? कोई मालिक हो ही कैसे सकता है? किस पहले ने कहा होगा कि ये मेरा। दूसरे ने माना क्यों? 'मेरी' ही माया है। भ्रम। कौन है सदा के लिए? कितना छोटा है जीवन। दीदी एक कुत्ता पाले बैठी थी। दस-बारह साल वो दीदी के साथ रहा। मर गया तो दीदी रोने लगी। मैंने उसे समझाया था, कुत्ता इतने ही साल ही जीता है।

'दुख तो होगा न?' मैंने दीदी से कहा, "तुम खुश होने के लिए कुत्ता नहीं पालती हो। दुखी होने के लिए पालती हो। जीवन के बारह साल उसके साथ अच्छे गुजरे। इसका जश्न नहीं? जीवन यात्रा है। जश्नदार यात्रा। मिलने का जश्न मनाइए। बिछड़ने का गम नहीं। आदमी अकेला आता है, अकेला जाता है। वो अकेला ही है। यात्रा में मुसाफिर मिलते हैं। अपनी यात्रा सुखद बनाइए। खुश रहते हुए गुजर जाइए। बाबा लोग रोज सुबह-सुबह प्रवचन देते हैं। मुझसे तमाम परिजन प्रश्न पूछते हैं। ये समस्या है, क्या करें?

मैं कहानियों से समस्या का हल बताता हूं। सोचता हूं कि संदेश कई लोगों तक पहुंच जाए। ये सच पहुंच जाए कि जीवन सच में कुछ नहीं। कुत्ता बारह-तेरह। आदमी सत्तर -पचहत्तर। कछुआ ढाई-तीन सौ साल। बहुत मत सोचिए। कुछ हासिल नहीं होगा। किसी को हासिल नहीं हुआ। न ज्ञानी को, न भक्त को। न तर्क से। न अंधविश्वास से। जितने दिन हैं लोगों के साथ रहिए। दीजिए। संग्रह में मत फंसिए। कोई टुकड़ा किसी का न हुआ है, न होगा। जीवन ही एक टुकड़ा है। बहुत बड़े किसी अज्ञात जीवन का। स्टेशन किसी का नहीं। ये सिर्फ एक प्लेटफार्म है। हम सब इंतज़ार कर रहे हैं अगली ट्रेन का। किसी यात्रा में कोई दुबारा कहां मिलता है? कोई नहीं मिलता। कभी नहीं मिलता।

- फेसबुक वॉल से

# लगातार कम होता आदमी बने रहने का सलीका और तमीज



अशोक पांडे
हल्द्वानी

इन सब पेड़ों को काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे, आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां, पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे, उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

कुमाऊं में एक जगह है जागेश्वर। अल्मोड़ा से कोई चालीस किलोमाटर दूर। इस जगह तक पहुंचने के लिए आपको आरतोला नाम की एक छोटी सी बसावट से मुख्य मार्ग छोड़कर एक छोटी सड़क पकड़नी होती है जिस में प्रवेश करते ही एक दुर्लभ घनी हरियाली आपको अपने आगोश में भर लेती है। दुर्लभ इसलिए कि यह हरियाली देवदार के सैकड़ों बरस पुराने पेड़ों से बनी है।

इन शानदार पेड़ों के बीच से गुजरती हुई पांच-सात किलोमीटर लंबी घुमावदार सड़क आपको अंदर तक हरा कर देती है। आदमी होने का जरा भी सलीका बचा होगा तो आप खुद उस हरे का हिस्सा बन जाएंगे। भीतर से केवल खूबसूरत भावनाएं उमड़ेंगी। आप हैरत, खुशी और शांति से भर जाएंगे। यकीन कीजिए यह रास्ता ऐसा ही है। इसीलिए मुझे इसका एक-एक मोड़ रटा हुआ है। बहुत सारे पेड़ों को पहचानता भी हूं। जागेश्वर पहुंचते ही पहला अहसास यह होता है कि ध्यान या योग करने के अलावा शिव जैसे बीहड़ देवता का मंदिर बनाने के लिए इससे बेहतर जगह ढूंढे से नहीं मिलेगी। पुराणों में इस जगह और इस इलाके के बारे में खूब विस्तार से लिखा गया है। मानसखंड के उनसठवें अध्याय की शुरुआत में ऋषि वेदव्यास इस जंगल के बारे में बताते हैं कि यहां आकर ही शिव ने अपने योगी रूप को प्राप्त किया। यह अद्वितीय जंगल सिद्ध पुरुषों, विद्वानों, ऋषियों और देवताओं को तो प्रिय था ही, ब्रह्मा-विष्णु-महेश की देवत्रयी ने उसे अपना घर भी बना रखा था। यही वजह रही होगी कि यहां उगने वाले शानदार वृक्षों को देवदारु कहा गया। देवदारु यानी देवताओं का वृक्ष। देवदारु के इसी सघन प्रांतर के बीच अपना रास्ता बनाती जटागंगा नाम की एक छोटी सी धारा बहती है। योगीश्वर शिव की तपस्थली होने के कारण इसे जागेश्वर नाम मिला।

ऐसी दिव्य जगह पर हजार-पंद्रह सौ बरस पहले कोई सवा सौ मंदिरों को एक छोटे से परिसर में बनाया गया। प्रमाण हैं कि स्थानीय पत्थरों की मदद से इन मंदिरों को बनाने के लिए तत्कालीन राजाओं ने उड़ीसा और गुजरात के संगतराश बुलवाए थे। इस परिसर और इसके आसपास शिव के बहुत सारे अलग-अलग रूपों को समर्पित कई मंदिर हैं। किसी में शिव नृत्य कर रहे हैं, किसी में वीणा बजा रहे हैं। किसी में उनकी तरुण छवि की उपासना होती है किसी में वे वृद्ध रूप में विराजमान हैं। उनका एक मंदिर तो ऐसा भी है, जहां पूजा करने से किसी भी तरह के उधार से मुक्ति मिल जाती है। शुरुआती बचपन अल्मोड़ा में बीता। तभी से जागेश्वर जाता रहा हूं। मंदिर का शिल्प बहुत आकर्षित करता है। उसमें हर बार कुछ नया देखने को मिल जाता है, लेकिन वहां जाने का सबसे बड़ा आकर्षण अब भी देवदार के आलीशान पेड़ों से घिरी वही घुमावदार सड़क है। उस से गुजरने का कोई भी मौका मैं नहीं छोड़ता।

देवदार के इन पुरातन पेड़ों तले टहलता आदमी आज भी एक बेहद पवित्र, बेहद आदिम इमेज की तरह दिखाई देता है। कभी मुख्य जागेश्वर से डंडेश्वर की तरफ नदी-नदी चलते हुए आएं। इन ऊंचे पेड़ों के पास एक ऐसा चरित्र है, जो इंसान को उसकी क्षुद्रता और प्रकृति के वैराट्य का अहसास कराता है। ये पेड़ अपने आसपास की धरती को भी अपने जैसा उदात्त बनाते हैं। देवदार की सूखी भूरी सुइयों से ढकी उस जमीन पर पैर रखने जैसी मामूली क्रिया भी खुद को पहचानने की शुरुआत की सूरत ले सकती है। बशर्ते आपके पास आदमी बने रहने का सलीका बचा हो और तमीज भी। यह और बात कि ये दोनों चीजें हमारे आसपास लगातार कम और अर्थहीन होती जा रही हैं। हाल ही में हुए एक महापुरुष के जागेश्वर दौरे के बाद नीति-निर्माताओं के मन में आया है कि हजार बरसों से आदमी को जागेश्वर पहुंचा रहा वह रास्ता बहुत संकरा है। नए जमाने की तेज-रफ्तार गाड़ियां आगे-पीछे करने में दिक्कत होती है। समय भी बहुत लगता है। सड़क को चौड़ा करना होगा ताकि जो रास्ता पंद्रह मिनट लेता था अब दस मिनट में पार हो जाए। सारी दुनिया जागेश्वर पहुंच जाए। सबको मोक्ष मिले।

इक्कीसवीं सदी के भारत का सबसे बड़ा सपना यह है कि एक-एक सड़क को इतना चौड़ा बना दिया जाए कि उस पर टैंक चलाए जा सकें। सबको रफ्तार चाहिए। टाइम किसी के पास नहीं है। जागेश्वर वाली सड़क पर मौजूद देवदार के वे एक हजार से ज्यादा पेड़ क्या करें जिन पर चूने से निशान लगा दिए हैं ताकि जब आरियां चलाई जाएं तो उन्हें पहचानने में दिक्कत न हो। इन सबको काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे, आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां, पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे, उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

# बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा डेयरी सेक्टर

## डेयरी क्षेत्र में 9 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश उतरेगा धरातल पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में डेयरी सेक्टर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा। डेयरी सेक्टर में 9 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर उतरेगा। इससे लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि दुग्ध उत्पादन के मामले में प्रदेश देश में नंबर वन है। इस सेक्टर ने न सिर्फ 9000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आकर्षित किया है, बल्कि इसके माध्यम से प्रदेश भर के युवाओं को व्यापक पैमाने पर रोजगार भी मिलने जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में वाराणसी में बनास काशी डेयरी संकुल की शुरुआत हुई है। इससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पूर्वांचल के लाखों लोगों के लिए रोजगार सृजित होने की संभावना है, वहीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से प्रदेश में कई बड़ी डेयरी कंपनियों ने भी अपने निवेश को धरातल पर उतारने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। डेयरी कंपनियों की स्थापना के साथ ही प्रदेश डेयरी सेक्टर में और अधिक मजबूत होगा, बल्कि यह लोगों को रोजगार का सशक्त माध्यम भी बनेगा।

दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि वाराणसी के बाद बनासकांठा डीसीएमपीयू लिमिटेड अब पहले चरण में प्रति दिन 10 लाख लीटर दूध की हैंडलिंग क्षमता के साथ एक डेयरी इकाई स्थापित करने की योजना बना रहा है, जिसे दूसरे चरण में प्रति दिन 15 लाख लीटर तक बढ़ाया जा सकता है। कंपनी ने बागपत में 800 करोड़ रुपए का निवेश किया है जिससे 4000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसी तरह, सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड अभी प्रदेश में तीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के जरिये अपनी सुविधाएं उपलब्ध कर रहा है। इससे प्रदेश में हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है।

प्रदेश में अपनी यूनिट्स को विस्तार देने के क्रम में कंपनी ने अब बाराबंकी में 300 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे 90 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सीपी मिल्क 1.65 लाख से अधिक डेयरी किसानों से सीधे खरीदे गए ताजे दूध से निर्मित 17 उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों की खुदरा बिक्री करती है।

### बरेली, शाहजहांपुर व गोंडा में आएगी नौकरियों की बहार



अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट ग्रिड प्राइवेट लिमिटेड गोंडा में 1100 करोड़ रुपए की लागत से अपनी यूनिट स्थापित करने जा रहा है। इसके जरिए तीन हजार से अधिक लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। वहीं, रिंकू डेयरी प्रोप बरेली में 490 करोड़ रुपए से व शाहजहांपुर में 300 करोड़ से उद्यम स्थापित कर रहा है जो एक हजार 300 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। बरेली डेयरीज लिमिटेड बरेली में 300 करोड़, मित्र सेवा इंश्योरेंस एंड फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड 300 करोड़ रुपए, गोपाल जी डेयरी हापुड़ में 252 करोड़ रुपए, क्रीमी फूड्स बुलंदशहर में 250 करोड़ रुपए, प्रधान मिल्क चिलिंग प्लांट मेरठ में 250 करोड़ रुपए और डेयरी क्राफ्ट बरेली में 212 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए हजारों लोगों के रोजगार का प्रबंध करने जा रहा है।

### ये बड़े प्रोजेक्ट्स भी देंगे रोजगार

- इंडिया डेयरी मेरठ 200 करोड़
- गोपाल जी डेयरी बुलंदशहर, 172 करोड़
- आनंदा डेयरी हापुड़, 150 करोड़
- आरएम डेयरी अलीगढ़, 150 करोड़
- मुरलीधर दुग्ध ग्राम उद्योग संस्थान प्रयागराज, 150 करोड़
- माया मिल्क फूड इटावा, 150 करोड़
- टेस्टी डेयरी कानपुर देहात, 110 करोड़

# किसानों को दुगुना मुआवजा दे डबल इंजन सरकार: अखिलेश



**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने किसानों की आय तो दुगुनी नहीं की पर लागत की बढ़ोत्तरी और ओलावृष्टि की डबल मार झेल रहे किसानों को डबल इंजन वाली भाजपा सरकार को दुगुना मुआवजा तो देना ही चाहिए। किसानों की मुआवजे की डबल मांग पूरी तरह जायज है। सपा प्रमुख ने रविवार को जारी एक बयान में कहा, बरसात से और कहीं-कहीं ओलावृष्टि से गेहूं, चना, सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। टमाटर, आलू, शिमला मिर्च, बींस, गोभी, बैगन की फसल भी प्रभावित हुई है। आम में बौर आने शुरू हो गए थे बारिश में ये न केवल गिर गए हैं अपितु उसमें खर्रा रोग और भुनगे भी लगने लगे हैं। आम बागान के किसान तबाही के कगार पर पहुंच गए हैं।

# एसटीएफ ने घुमन्तु गैंग के सरगना को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफएफ ने लूट, हत्या, डकैती, बलात्कार जैसे कई संगीन अपराधों में वांछित घुमन्तु गैंग के सरगना केदार को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ बरेली, एटा, कासगंज और शाहजहांपुर के 13 मामले दर्ज हैं। अपराधियों की धर-पकड़ में जुटी एसटीएफ टीम को मुखबिर की सूचना पर यह कामयाबी मिली है। उसने पूछताछ में बताया कि वह अपने परिवार व साथियों के साथ अलग-अलग जनपदों में स्टेशनो के किनारे अथवा सुनसान स्थानों पर डेरा लगाकर रहता रहा है। उन क्षेत्रों में लूट, डकैती, चोरी आदि की वारदातों को अंजाम देता रहा है। उसके परिवार की महिलाएं और बच्चे खिलौने, चाइनीज पम्प, चाइनीज टार्च आदि घरेलू सामान लेकर नगर, कस्बा, गॉव आदि स्थानों पर इन सामानों को बेचने के बहाने घरों की रैकी करते थे। इसके बाद परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर रैकी किए हुए घरों मे डकैती की वारदात को अंजाम देते थे है। घटना बाद वह लोग दूसरी स्थान पर चले जाते है।

## सार-संक्षेप

### स्थानांतरणों को लेकर आरटीआई में पीएसी मुख्यालय ने दी गलत जानकारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** पीएसी मुख्यालय द्वारा स्थानांतरणों को लेकर आरटीआई में गलत जानकारी दिए जाने का मामला सामने आया है। पूर्व में हुए तबादला आदेश की समीक्षा में इस बात की पुष्टि हुई है। दरअसल, दिसंबर 2022 में पदोन्नति जनपदीय सशस्त्र पुलिस मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस को पीएसी में स्थानांतरित किया गया था। इसको लेकर उनमें नाराजगी थी। उनका कहना था कि इसके पहले कभी ऐसा तबादला नहीं किया गया। इसी मसले को लेकर पुलिसकर्मियों के वकील रामकरन (सुल्तानपुर) की ओर से सूचना का अधिकार के तहत सूचना मांगी गई थी। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक पीएसी मुख्यालय कपिल देव सिंह द्वारा 12 जनवरी 2024 को दी गई सूचना में बताया गया कि कोराना महामारी की विषम परिस्थितियों के कारण चयन वर्ष 2020-2021 और जनवरी 2022 में जिले के उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर प्रोन्नत कर्मियों के पीएसी में स्थानान्तरित नहीं किया गया। अब विभाग की ओर से जारी तबादला आदेश पर नजर डालें तो यह सूचना गलत साबित होती है। 17 अक्टूबर 2020 को जारी आदेश के तहत पीएसी से जनपदीय सशस्त्र पुलिस में 21 कर्मियों जोन और कमिशनरेट में भेजा गया। वहीं 15 जुलाई को 2021 को 24 का तबादला किया गया।

### सूखे से निपटने के लिए विशेषज्ञ आज करेंगे मंथन

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में सूखे की निगरानी, आपदाओं से निपटने और इससे होने वाली जनहानि व धनहानि को कम करने के लिए विशेषज्ञ मंथन करेंगे। इसके लिए 4 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट पर राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। शासन के अधिकारियों ने बताया कि राहत विभाग की ओर से आईआईटी कानुपर के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। इससे प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के रूप में प्रदेश व देश के प्रमुख तकनीकी संस्थान, शोध संस्थान, तकनीकी विश्विविद्यालय के साथ-साथ संबंधित विभागों के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे।

### अतीक के दोनों बेटों से जेल में होगी पूछताछ

**संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार :** प्रदेश के बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस अब माफिया अतीक अहमद के बेटे उमर और अली का बयान दर्ज करने की तैयारी में है। अतीक का बड़ा बेटा उमर लखनऊ की जेल में बंद है, जबकि छोटा बेटा अली नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। उमेश पाल हत्याकांड में अली और उमर पहले ही आरोपी बनाये गये थे। पुलिस उमर और अली के खिलाफ दाखिल चार्जशीट से उनका बयान लेगी। साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ वारंट भी तामील कराया है। इसके अलावा अतीक के दोनों छोटे बेटे अहजम और अबान् की निभाने भी जांच के घेरे में है। जिसकी जांच की जा रही है। फिल्हाल अहजम तो बालिग हो चुका है, लेकिन अबान अभी नाबालिग है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से दोनों बाल संप्रेषण गृह में रखे गये थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बाल कल्याण समिति ने दोनों को घर भेज दिया था।

### भाजपा हर बूथ पर 370 मत बढ़ाकर साधेगी मिशन 370

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में देशभर की 370 सीट जीतने का लक्ष्य लेकर भाजपा ने हर बूथ पर करीब 370 मत बढ़ाने की रणनीति तैयार की है। लोकसभा चुनाव के लिए इसी महीने तारीखों की घोषणा संभव है। ऐसे में भाजपा अब पूरी सक्रियता के साथ हर बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने की जुगत में है। इस कवायद के तहत भाजपा उप्र. के करीब एक लाख 60 हजार से अधिक मतदान केन्द्रों पर भी अपनी बढ़त बनाने की पहल करेगी। उप्र. में एक बूथ पर औसतन 950 मतदाता पंजीकृत हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के अनुसार उप्र में 2024 के लोकसभा चुनाव में 15 करोड़ 29 लाख लोग मतदान के पात्र हैं। भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों का मानना है कि अगर औसतन हर बूथ पर 370 मत हासिल करने का लक्ष्य पूरा हो जाए तो करीब छह करोड़ अधिक मतदाता भाजपा के पक्ष में मतदान कर सकते हैं।

# डीजे में उतरा करंट, दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत

संवाददाता, प्रयागराज/कौशांबी

- भरवारी में बिजली कर्मियों के लापरवाही आई सामने

**अमृत विचार :** क्षेत्र के कोखराज थाना अंतर्गत उसरे गांव में शनिवार की रात बड़ी घटना हो गई। गांव पहुंची बारात के साथ चल रही डीजे हाई टेंशन तार की चपेट में आ गई। जिससे मौके पर ही दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घटना में तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। इस बड़ी घटना से बारात में हड़कंप मच गया। बारात में चारों तरफ चीख पुकार मच गई।

घटना के बाद तत्काल लोगों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। झुलसे लोगो को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचे पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतकों के परिजनों को खबर दे दी। उधर लड़की पक्ष और वर पक्ष को घटना की जानकारी मिलने के बाद कोहराम मच गया। कौशांबी थाना क्षेत्र के दुल्हनियापुर गांव के रहने वाले पिंटू की शादी कोखराज थाना क्षेत्र के उसरे गांव की रहने वाली अमृता प्रजापति से तय हुई थी। शनिवार को डीजे बैंड के साथ बारात घर से निकली और समय के अनुसार बारात उसरे गांव पहुंच गई। कुछ देर के बाद बारातियों को जलपान कराया गया। जिसके बाद बारात आगे बढ़ी। लोग डीजे पर नाचते गाते हुए दुल्हन के घर की तरफ बढ़ रहे थे, तभी बारिश आंधी के साथ बरसात शुरु हो गई। तेज हवा से टूटकर तार नीचे झूलने लगा। उस दौरान सभी नाचने मे मशगूल थे। डीजे डीजे में हाई टेंशन तार छू गया और डीजे में करंट उतरने आया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक हादसे में सगे भाई राजेश, रवि पुत्र राम भवन और डीजे पर सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य बराती भी गंभीर रूप से झुलस गए। हादसा होने के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई।

# बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज के खिलाफ जांच शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** बाराबंकी का सिटी लॉ कॉलेज में सामूहिक नकल का वीडियो वायरल होने और अब तक 124 नकलची पकड़े जाने के बाद दो सदस्यीय जांच समिति ने कॉलेज के विरुद्ध जांच शुरू कर दी है। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध की 27 फरवरी से एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंच वर्षीय विषम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुईं हैं। इसमें बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज में रोज नकलची पकड़े जा रहे हैं। अवध विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने सामूहिक नकल के मामले में दो सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। जिसमें विधि संकाय के प्रो.ए के राय और पर्यावरण विज्ञान के प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला को नामित किया था। कुलपति ने संबधित कॉलेज में निगरानी के लिए दो पर्यवेक्षक भी तैनात कर कॉलेज के विरुद्ध जांच शुरू करा दी है। गोपनीय ढंग से चल रही जांच की रिपोर्ट कुलपति को सौंपी जाएगी।

# फसल बीमा सहारा, 6 हजार से ज्यादा दावे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत छह हजार से ज्यादा किसानों ने फसल बर्बाद होने पर व्यक्तिगत दावा किया है। इसे कृषि निदेशालय ने गंभीरता से लेकर सभी जिला कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनियों को सर्वे के निर्देश दिए हैं और 10 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है।

शनिवार और रविवार को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुए किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सहारा है। योजना के तहत फसलों का बीमा कराए छह हजार से अधिक किसानों ने टोलफ्री नंबर पर कॉल कर व्यक्तिगत दावा यानी फसल नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें रविवार को जिलों से एक हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए गए। दो दिन में इतनी अधिक संख्या में दर्ज रिपोर्ट को देखते हुए जिलों पर बारिश और ओलावृष्टि से इंकार नहीं कर सकते हैं। हालांकि कृषि विभाग ने किसानों के व्यक्तिगत दावों को गंभीरता से लेकर जिलों पर कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनी को सर्वे कर नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है। जो निदेशालय से शासन जाएगी। इसी आधार पर कंपनी किसानों को क्षतिपूर्ति देंगी। वहीं, जो फसलें बीमित नहीं हैं उन्हें राहत आयुक्त की तरफ से 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर सहायता मिलेगी। बीमित फसलों का यहां करें दावा- टोलफ्री नंबर- 14447, 1800-8896-868।

इस संबंध में उप निदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय उमा शंकर सिंह ने कहा कि बीमित फसलों के नुकसान के आधार पर कंपनी क्षतिपूर्ति देगी। बीमा कंपनी और जिला कृषि अधिकारियों से सर्वे कर रिपोर्ट मांगी है। जिन फसलों का बीमा है किसान नुकसान की स्थिति में 72 घंटे के अंदर टोलफ्री नंबर पर शिकायत जरूर दर्ज कराएं।

### नुकसान पर 100 प्रतिशत तक मिलेगी क्षतिपूर्ति

जिन किसानों ने रबी फसलों का बीमा कराया है वह देर न कर टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर व्यक्तिगत दावा करें। इस आधार पर कंपनी सर्वे करेगी। व्यक्तिगत दावा पर 100 प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति मिलती है। यानी जितन नुकसान होगा उतना एक माह के अंदर क्लेम मिलेगा। 72 घंटे के बाद दावे मान्य नहीं होंगे न ही कंपनी की जवाबदेही रहेगी। दूसरी प्रक्रिया यह है कि फसल कटाई के दौरान उपज का आकलन कर क्षतिपूर्ति तय की जाएगी। इसमें कम लाभ के साथ ज्यादातर किसान छूट जाते हैं।

# कांग्रेस को मिल सकती हैं तीन और सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद टिकट को लेकर अन्य दलों में भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस बीच, कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत सपा से तीन और सीटें पाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस को ये सीटें मिलने की संभावना जताई जा रही है।

गठबंधन में कांग्रेस को 17 सीटें मिली हैं, जबकि सपा के खाते में 63 सीटें मिलीं, जिसमें एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद को दी गई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस प्रदेश की तीन और सीटें श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट की मांग कर रही है। पार्टी श्रावस्ती से पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद व मुरादाबाद से पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को चुनाव मैदान में उतारना चाह रही है, जबकि भदोही सीट से राजेश मिश्रा को लड़ाने की चर्चा है। गठबंधन के लिए बनी कांग्रेस की समन्वय समिति इस पर सपा से वार्ता कर रही है। कांग्रेस को ये तीनों सीटें मिलने की संभावना है।

- श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट पर कांग्रेस बना रही दबाव

**रायबरेली व अमेठी से गांधी परिवार के लड़ने की संभावना :** अमेठी व रायबरेली सीट पर गांधी परिवार के लोगों को ही चुनाव लड़ाने की संभावना है। अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को टिकट दिये जाने की चर्चा है, जबकि वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है।

### इन नेताओं को मिल सकता है टिकट

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि अमरोहा से पार्टी दानिश अली पर दांव लगा सकती है। बसपा से निलंबन के बाद दानिश की कांग्रेस से नजदीकी बढ़ी है, जबकि सहारनपुर से इमरान मसूद को टिकट दिया जा सकता है। इसी तरह, झांसी से चन्द्रभूषण सिंह या प्रदीप आदित्य, देवरिया अखिलेश प्रताप सिंह, बाराबंकी से पीएल पुनिया, कानपुर से आलोक मिश्रा व अजय कपूर का नाम चर्चा में है। महाराजगंज से राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, गोरखपुर की बांसगांव सीट से कमल किशोर कमांडो, गाजियाबाद से डॉली शर्मा के नामों पर चर्चा चल रही है।

# भाजपा सांसद का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- निजी सचिव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बाराबंकी से भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद सांसद की तरफ से कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। यह वीडियो उस वक्त वायरल हुआ है जब रावत को भाजपा ने बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र से दोबारा अपना उम्मीदवार घोषित किया है। सांसद रावत इस वायरल वीडियो को विरोधियों की साज़िश करार दे रहे हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद सांसद के निजी सचिव दिनेश चंद्र रावत की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। तीन मिनट से लेकर पांच मिनट तक के कई वीडियो वायरल हुए हैं जिसमें एक व्यक्ति एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहा है। इस वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को उपेन्द्र सिंह रावत के रूप में प्रचारित किया गया है। सांसद के निजी सचिव दिनेश रावत ने तहरीर में कहा गया है कि सांसद का एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। सांसद रावत ने बताया कि मेरे टिकट मिलने से पहले कोई वीडियो सामने नहीं आया था, लेकिन टिकट मिलते ही मेरे खिलाफ मेरे विरोधियों ने ऐसी हरकत की है। उन्होंने दावा किया कि यह वीडियो पूरी तरह से संपादित है और इसलिए पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जल्द ही आरोपी सामने होंगे।

## वर्ग पहेली-361

**बाएं से दाएं**

1. 1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4. 1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5. 1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7. 1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9. 1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

**ऊपर से नीचे**

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3. 1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6. 1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7. 1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | |
| 8 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली - 360 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | म | का | 2 जी | ■ | 3 ठ |
| ज | ■ | ■ | 4 व | सी | म |
| ■ | 5 गा | 6 ट | र | ■ | की |
| ■ | ■ | 7 म | सा | नी | ■ |
| 8 चुं | 9 ब | की | य | ■ | 10 सं |
| ■ | ढ़ | ■ | न | ■ | घा |
| 11 वि | त | त | ■ | 12 सृ | त |

## सुडोकू-78

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | 1 | | 2 |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 8 | | | | 1 | | 4 | | |
| 6 | | | 4 | 2 | | | 5 | |
| 9 | | 2 | | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | 6 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 2 | | 4 | | 6 | | 5 | | |

### सुडोकू - 77 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 |
| 2 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 08 .49 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष:** आज अति उत्साह पर नियंत्रण रखें। दांपत्य संबंधों में गलतफहमी न होने दें। बिजली के उपकरणों को सावधानी से रखें। कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। अत्यधिक क्रोध आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

**वृष:** आज जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। विवादित मामले सुलझा सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। शरीर में आलस्य न रखें। परिवार के मामलों में परेशानी खड़ी हो सकती है। दिनचर्या अच्छी रखने का प्रयास करें।

**मिथुन:** आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से संपर्क बढ़ेगा। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। पुराने रोगों के दोबारा उभरने की आशंका है। भाई-बहनों से आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। ऑफिस में आपको नई जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।

**कर्क:** आज प्रेम रिश्ते में तनाव हो सकता है। छात्रों को कम मेहनत करने से भी सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन असंतुष्ट रहेगा। दोस्तों की तरफ से पूरा सहयोग नहीं मिलेगा।

**सिंह:** आज अपने स्वभाव में अहंकार न आने दें। दिनचर्या से थोड़ा फुर्सत लें और खुद को समय दें। जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय न लें। परिस्थितियां आपके विरुद्ध हो सकती हैं। कुछ लोगों के साथ आपका मनमुटाव हो सकता है।

**कन्या:** आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। आपके ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आपका समय अच्छा बीतेगा। परिवार की जिम्मेदारियां बखूबी निभाएंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिलेगी। बेरोजगारी दूर होने के योग बन रहे हैं।

**तुला:** आज कानूनी दांव-पेंच में उलझ सकते हैं। कड़वे वचन बोलने से बचें। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। शरीर में थकावट रहेगी। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। पड़ोसियों के साथ झड़प हो सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी।

**वृश्चिक:** आज घर का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। आपका दिन काफी अच्छी तरह बीतेगा। समस्त कार्यों में सफलता मिलेगी। भूमि-संपत्ति के कार्यों में लाभ मिलेगा।

**धनु:** आज दूसरों के बहकावे में आकर कोई कार्य न करें। लेन-देन करते समय पेपरवर्क में सावधानी रखें। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। लोग आपकी अवज्ञा कर सकते हैं। समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद हो सकता है।

**मकर:** आज भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी योजना बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ेगा। घर में मेहमान आ सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में दिन बीतेगा।

**कुंभ:** आज पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। तकनीक संबंधी प्रोजेक्ट्स को लेकर नई रणनीति बना सकते हैं। सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा।

**मीन:** आज लोग आपकी बातों का गलत अर्थ न निकालें इसका ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। जॉब बदलने का विचार बनेगा। रचनात्मक कार्यों के लिए समय उत्तम नहीं है। लोग आपकी भावनाओं का ज्यादा सम्मान नहीं करेंगे।

## आज का पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| ग़ु. 1 | रा. 12 | |
| बु. श. सू. 11 | शु. मं. 10 | 9 |
| 2 | 8 | चं. |
| 3 | 5 | 7 |
| 4 | 6 के. | |

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 16 .21 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | आखरी गुलाम | सुबह : 09 .44 |
| B4U Movies | अलीबाबा मरजीना | रात : 07 .11 |
| StarGold Select | चरित्रहीन | सुबह : 11 .00 |
| StarGold Select | द गाजी अटैक | रात : 09 .00 |
| Sony Pix | जुमांजी | सुबह : 09 .46 |
| Sony Pix | घोस्टबस्टर्स | रात : 08 .50 |
| Zee Cinema | कॉर्पोरेट | सुबह : 10 .30 |
| Zee Cinema | मौसम | रात : 07 .30 |
| Colors Cineplex | जानी दुश्मन | सुबह : 10 .58 |
| Colors Cineplex | एसीपी शिवा | रात : 07 .57 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




स्टार गोल्ड सेलेक्ट पर रात-09 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़के की बाइक से स्कूटी वाली लड़की की टक्कर हो गई।
भीड़ ने लड़के को खूब मारा और बुरी तरह पीटा, फिर लड़की और उसकी स्कूटी को उठाया।
एक आदमी लड़की से- आपको लगी तो नहीं?
लड़की - नहीं, ये तो मेरा रोज का काम है, स्कूटी सीख रही हूं न।

लड़की-क्या करते हो?
लड़का-नारी सम्मान सेवा पर काम करता हूं।
लड़की-सोशल वर्कर हो?
लड़का-नहीं, फेसबुक पर लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

**महात्मा गांधी की पोशाक में विरोध-प्रदर्शन...**




महात्मा गांधी की पोशाक पहने एक व्यक्ति ने रविवार को कोलकाता में भाजपा कार्यालय के बाहर सिख समुदाय के धरना-प्रदर्शन के दौरान हिस्सा लिया। विरोध-प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने उस व्यक्ति की प्रशंसा की। ● एजेंसी


## कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत मंगलवार को देंगे इस्तीफा

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को इस्तीफा दे देंगे। राज्य में शिक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के फैसलों ने राजनीतिक बहस छेड़ दी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या उनका राजनीति में प्रवेश करने का इरादा है। उन्होंने कहा कि वह अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मीडिया के सभी सवालों के जवाब देंगे। उन्होंने रविवार को यहां अपने आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि मैं मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दूंगा। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को सुबह में भारत की राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप देंगे।

# मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार: शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

● गृह मंत्री बोले-नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम मिल रहे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं, जिसके कारण गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग के माध्यम से देश भर में मादक द्रव्य रोधी मजबूत तंत्र बनाया गया है। उन्होंने हैशटैग 'ड्रग्स फ्री भारत' के साथ लिखा कि इस रणनीति के परिणामस्वरूप मादक पदार्थों की जब्ती और दर्ज किए गए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा-इसके चलते गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है।

शाह ने कहा कि देश मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा-हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थों का पता लगाने, संबंधित नेटवर्क को नष्ट करने और नशे की लत के शिकार लोगों का पुनर्वास दिया जा रहा है।

### नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी: राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि सरकार भारतीय रेलवे के लिए नीतियां केवल अमीरों को ध्यान में रखकर बना रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी है। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज से यात्रा के सपने दिखाकर प्रधानमंत्री उन्हें गरीबों की सवारी रेलवे से भी दूर कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा-किराए में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ोतरी, मांग के अनुसार घटता-बढ़ता किराया, बढ़ते रद्दीकरण शुल्क और महंगे प्लेटफॉर्म टिकट के जरिए लूट की जा रही है। लोगों को 'एलीट ट्रेन' की तस्वीर दिखाकर लुभाया जा रहा है जिस पर गरीब पैर भी नहीं रख सकते।

**एक नजर**

### मणिपुर हिंसा: सीबीआई ने 7 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर जातीय हिंसा के दौरान बिष्णुपुर पुलिस शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में 7 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने हाल में असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपोलिटन) में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष अपना आरोप पत्र दाखिल किया। लैशराम प्रेम सिंह, खुमुकचम धीरेन, मोइरंगथेम आनंद सिंह, अथोकपम काजीत, लौकराकपम माइकल मंगांगचा, कोंथौजम रोमोजीत मेइती और कीशम जॉनसन उर्फ जॉनसन आरोप पत्र में नामजद आरोपी हैं।

### वाहन में आग लगने से युवक जिंदा जला

**जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सामुदायिक केन्द्र में खड़े एक पुराने वाहन में आग लगने से एक युवक की जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान गफ्फार (20) के रूप में की गई है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है।

## दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर ट्रक से टकराई कार, तीन व्यक्तियों की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर एक कार के ट्रक से टकराने पर तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शनिवार देर रात हुई जब ओखला के संजय कॉलोनी के रहने वाले सात व्यक्ति हरियाणा के फरीदाबाद में एक शादी समारोह से कार में सवार होकर लौट रहे थे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया कि बदरपुर पुलिस थाने के अधिकारियों को देर रात 12.48 बजे होंडा शोरूम के पास बदरपुर फ्लाईओवर पर एक दुर्घटना के बारे में पीसीआर कॉल मिली थी।

## मामले को एनआईए को सौंपने पर करेंगे विचार : सिद्धारमैया

चिकमगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी

**कर्नाटक के कैफे में हुए विस्फोट का मामला**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि सरकार जरूरत पड़ने पर रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है। ब्रूकफील्ड इलाके में एक मार्च को एक लोकप्रिय रेस्तरां में हुए विस्फोट के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) इस मामले में जांच कर रही है। विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं।

घटना की एनआईए से जांच कराने की भाजपा की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा-हम विचार करेंगे। अभी तो जांच शुरू हुई है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम (एनआईए जांच के लिए) विचार करेंगे। भाजपा के इस आरोप पर कि 'ब्रांड बेंगलुरु' की जगह शहर अब 'बम बेंगलुरु' हो गया है, तो इस पर सिद्धारमैया ने कहा-जब भाजपा के कार्यकाल में चार बम धमाके हुए थे तो इसे क्या कहा जाए?

## सदमे के चलते आत्महत्या से उकसावे का मामला नहीं बनता

मुंबई, एजेंसी

● प्रेम संबंध के मामले में अदालत ने की टिप्पणी



मुंबई की एक अदालत ने अपने पूर्व पुरुष मित्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप से एक महिला को बरी करते हुए कहा है कि प्रेम संबंध टूटने के बाद मानसिक सदमे के चलते की जाने वाली खुदकुशी की स्थिति में उकसावे का मामला नहीं बनता।

अदालत ने कहा कि अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार साथी बदलना ''नैतिक रूप से'' गलत है, लेकिन रिश्ते में अस्वीकृति का सामना करने वाले व्यक्ति के लिए दंडात्मक कानून के तहत कोई उपाय नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एन पी मेहता ने 29 फरवरी को ये टिप्पणियां कीं और मनीषा चुडासमा तथा उसके मंगेतर राजेश पंवार को बरी कर दिया। उन दोनों पर नितिन केनी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। केनी अपने घर में 15 जनवरी 2016 को फंदे से लटके मिले थे। उन्हें एक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। न्यायाधीश ने कहा, ''नैतिक रूप से...प्रेमी/प्रेमिका बदलना गलत है, लेकिन अगर कोई दंडात्मक कानून के प्रावधानों पर गौर करता है, तो उस पीड़ित के पास कोई उपाय नहीं है, जिसके/जिसकी साथी ने अपनी पसंद से दूसरे व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध कायम कर लिया हो।'' उन्होंने अपने आदेश में कहा कि भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 306 के अनुसार, आरोपी की ओर से आत्महत्या के लिए मजबूर करने संबंधी कोई उकसावा होना चाहिए।

अदालत ने कहा-कोई यदि किसी से प्यार करता है और उसका/उसकी साथी बेवजह रिश्ता तोड़ दे, तो वह भावनात्मक रूप से टूट जाता है। यदि कोई प्रेम संबंध टूटता है और मानसिक सदमे के कारण उनमें से एक साथी आत्महत्या कर लेता है, तो उसका मामला भादंसं की धारा 306 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 107 के तहत नहीं बनेगा।'' अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि चुडासमा और पंवार ने पीड़ित को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था जिससे वह आत्महत्या के लिए मजबूर हुए।

# विकसित भारत के लिए दृष्टि पत्र पर हुआ मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी ने की मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता

● सूत्रों ने बताया-100 दिवसीय एजेंडे पर हुई चर्चा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ''विकसित भारत : 2047'' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया। सरकार के सूत्रों ने बताया कि बैठक में, मई में नई सरकार के गठन के बाद तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिवसीय एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है।

सूत्रों ने कहा कि इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों, नागरिक समाज संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श तथा युवाओं के सुझावों को समाहित करते हुए ''सरकार का समग्र'' दृष्टिकोण शामिल है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा-विभिन्न स्तरों पर 2,700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से अधिक युवाओं से सुझाव प्राप्त हुए। सूत्रों ने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए रोडमैप में स्पष्ट रूप से व्यक्त की गई राष्ट्रीय दृष्टि, आकांक्षाएं, लक्ष्य और कार्यों के साथ एक व्यापक खाका है। उन्होंने कहा कि इसके लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। बैठक में कई मंत्रालयों ने अपने विचार व्यक्त किए।

### प्रधानमंत्री अगले 10 दिनों में 12 राज्यों का करेंगे दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, मोदी पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले ओडिशा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

## पूर्व सांसद आनंद मोहन से संबंधित याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय गोपालगंज जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में लोकसभा के पूर्व सदस्य आनंद मोहन को दी गई सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करने वाला है।

आनंद मोहन, कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ दिवंगत अधिकारी की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर सुनवाई करेगी। आनंद मोहन के 14 साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद, उन्हें पिछले साल अप्रैल में बिहार के सहरसा जेल से रिहा किया गया था।

## कारोबार/कृषि

**एक नजर**

### जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों का सम्मेलन आज

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को सभी राज्य और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के प्रवर्तक प्रमुखों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। इस सम्मेलन में कर चोरी रोकने के उपायों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में जीएसटी अपवंचना रोकने, मौजूदा चुनौतियों की समीक्षा और केंद्रीय और राज्य कर प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा अपनाए गए सफल तरीकों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में जाली इन्वॉयस, बेहतर व्यवहार को साझा करने, तालमेल को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी और आंकड़ों का लाभ उठाने के प्रभावी तरीकों पर भी रणनीति बनाई जाएगी।

### एक दशक में नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा

**नई दिल्ली।** पिछले 10 साल में पान, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा है और लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा ऐसे उत्पादों पर खर्च कर रहे हैं। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह बात कही गई। पिछले सप्ताह जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 से पता चलता है कि कुल घरेलू खर्च के एक हिस्से के रूप में पान, तंबाकू और नशीले पदार्थों पर खर्च ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बढ़ गया है। आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में इन मदों पर खर्च 2011-12 के 3.21 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 3.79 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह, शहरी क्षेत्रों में खर्च 2011-12 के 1.61 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 2.43 प्रतिशत हो गया। शहरी क्षेत्रों में शिक्षा पर खर्च का अनुपात 2011-12 के 6.90 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 5.78 प्रतिशत रह गया।

# चिप विनिर्माण क्षेत्र में एक ताकत बनकर उभरेंगे

### प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अगले पांच साल में भारत के लिए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अपनी डिजाइन क्षमता और 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहनों के साथ अगले पांच साल में वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक मजबूत ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक विनिर्माता भारत में नए फैब और इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित होंगे तथा इस क्षेत्र में ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का दबदबा कम होगा। वैष्णव ने साक्षात्कार में कहा कि वैश्विक कंपनियों की सोच अब बदल रही है और वे भारत में जल्द निवेश करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा-बेहतर तरीके से तैयार नीतियों की वजह से विनिर्माता यहां नई फैब (सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र) इकाइयां लगाना चाहते हैं। ऐसे में वे संबद्ध क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आवश्यक कलपुर्जा है। इसका इस्तेमाल वाहनों से लेकर कंप्यूटर, मोबाइल फोन और यहां तक कि वॉशिंग मशीन में भी होता है। भारत में पहले से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वाहन कंपनियां मसलन रेनो-निसान से लेकर हुंदै के कारखाने हैं। इसके अलावा यहां कंप्यूटर कंपनियां डेल के अलावा एपल के आपूर्तिकर्ता भी मौजूद हैं। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां सैमसंग की भी यहां मौजूदगी है। अब भारत तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर विनिर्माण में विनिर्माण मूल्य श्रृंखला का विस्तार करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने माइक्रोन और टाटा सहित चार खिलाड़ियों को 76,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया है। वैष्णव ने कहा कि डिजाइन प्रतिभाओं का एक-तिहाई भारत में है। भारत अब खुद को चीन के स्थान पर एक लोकतांत्रिक और भरोसेमंद प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में पेश कर रहा है।

### हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता: वैष्णव



वैष्णव ने समझाते हुए कहा-किसी भी विकासशील देश के लिए, हमारे आकार की अर्थव्यवस्था के लिए, देश के भीतर सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का होना बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता है। डिजायन क्षमताओं के साथ हमारे पास विनिर्माण क्षमता भी होनी चाहिए, तभी इसमें और मूल्य जोड़ा जा सकता है। वैष्णव का मानना है कि सेमीकंडक्टर योजनाएं भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगी, अर्थव्यवस्था और विभिन्न उद्योगों पर गुणक प्रभाव डालेगी, रोजगार पैदा करेंगी और आजीविका को बढ़ावा देंगी। हाल में की गई घोषणा के अनुसार, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लि. ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ भागीदारी में गुजरात के धोलेरा विशेष औद्योगिक क्षेत्र में सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना करेगी।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 65,302 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे



सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 65,302.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 663.35 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 165.7 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़ गया। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने प्राथमिक साइट पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की जांच करने को शनिवार को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी बैंक का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) की बाजार हैसियत में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,881.39 करोड़ रुपये बढ़कर 14,85,912.36 करोड़ रुपये हो गया।

### एफपीआई ने बाजार में 1,539 करोड़ रुपये डाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है और उन्होंने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पिछले महीने जनवरी में उन्होंने शेयरों से जमकर निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा एफपीआई ने फरवरी में ऋण या बॉन्ड बाजार में 22,419 करोड़ रुपये डाले हैं।

## सरकार चौथा कानून लाती तो किसान फिर प्रदर्शन नहीं करते : हुड्डा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अगर सरकार कृषि उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे की दर पर खरीदने को अपराध बनाने के लिए चौथा कानून लाती तो किसानों को फिर से सरकार से जंग नहीं लड़नी पड़ती। सरकार 2020 में तीन विवादास्पद कृषि-विपणन कानून लेकर आयी थी जिसे सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधारों के लिए आवश्यक बताया था। हालांकि, संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में किसानों के लंबे चले आंदोलन के बाद नवंबर 2021 में इन कानूनों को निरस्त कर दिया गया।

# भारत-यूएई के बीच व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी

अबू धाबी, एजेंसी

● सीआईआई अध्यक्ष आर दिनेश बोले-यह हासिल किया जा सकता




भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश ने यह बात कही है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कपड़ा, आभूषण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने के बड़े अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच मई, 2022 में लागू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के चलते द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में वृद्धि हुई है। दिनेश यहां वैश्विक निवेशकों के कार्यक्रम 'इन्वेस्टोपिया' और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कई भागीदारों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने के लिए आए थे। सीआईआई के अध्यक्ष ने कहा-भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गैर-तेल व्यापार का 100 अरब डॉलर का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन मेरा मानना है कि इसे हासिल किया जा सकता है। इस संबंध में हाल के घटनाक्रम उत्साहजनक हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता कहा गया है, रत्न और आभूषण, कपड़ा और परिधान, चमड़ा, फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और कई इंजीनियरिंग उत्पादों जैसे सभी श्रम-गहन क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध कराता है। वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 84.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619 अरब डॉलर के पार

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढोतरी होने से 23 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दो सप्ताह की गिरावट से उबरते हुये 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर कम होकर 616.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े जारी किए गए हैं।

## बढ़ती ब्याज दरों के कारण बढ़ा सावधि जमाओं का आकर्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से हुआ खुलासा

बढ़ती ब्याज दरों के कारण पहले से अधिक लोग सावधि बचत योजनाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कुल बैंक जमाओं में ऐसे निवेश माध्यमों की हिस्सेदारी दिसंबर, 2023 में बढ़कर 60.3 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

यह आंकड़ा मार्च, 2023 में 57.2 प्रतिशत था। अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान कुल जमाओं में जो वृद्धि हुी, उसमें सावधि जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 97.6 प्रतिशत थी। इस दौरान चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) जमा की हिस्सेदारी में गिरावट हुई। आरबीआई ने अपनी 'तिमाही आधारभूत सांख्यिकी विवरणियां (बीएसआर)-2: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमाएं - दिसंबर 2023' में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सावधि जमाओं पर बढ़ता प्रतिफल बैंक जमाओं में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है। कुल जमाओं में सावधि जमा की हिस्सेदारी मार्च, 2023 के 57.2 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2023 में 60.3 प्रतिशत हो गई।

# शार्दुल के शतक से मुंबई को बढ़त

मुंबई, एजेंसी



शार्दुल ठाकुर की 109 रन की शतकीय पारी और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रन की अर्धशतकीय पारी आर साई किशोर के 6 विकेट के गेंदबाजी प्रदर्शन पर भारी पड़ गई, जिससे मुंबई ने रविवार को रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन तमिलनाडु पर पहली पारी के आधार पर 207 रन की बढ़त बना ली।

रणजी

मुंबई ने एक समय 106 रन पर 7 विकेट गंवा दिये थे, जिसके बाद ठाकुर ने 104 गेंद में 13 चौके और 4 छक्के की मदद से शतकीय पारी खेलकर टीम को वापसी कराई। तमिलनाडु के पहली पारी में 146 रन के जवाब में स्टंप तक मुंबई ने 9 विकेट गंवाकर 353 रन बना लिए थे, जिसमें साई किशोर ने उसके बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मुंबई ने सुबह 2 विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया। श्रेयस अय्यर को छोड़कर साई किशोर (97 रन देकर 6 विकेट) ने मुंबई के 5 विकेट झटके दिए। अय्यर (3) तेज गेंदबाज संदीप वारियर का शिकार हुए, जिससे तमिलनाडु मेजबान टीम की बराबरी पर लग रही थी, लेकिन ठाकुर ने तमिलनाडु के हर गेंदबाज पर दबाव बनाया और मुंबई को बढ़त दिलाई।

# लैनिंग का पचासा, राधा -जोनासन की फिरकी से दिल्ली शीर्ष पर

## दिल्ली ने गुजरात को 25 रन से हराया, दिल्ली ने 8 विकेट पर 163 रन बनाने के बाद गुजरात को 138 रन पर ही समेटा

बेंगलुरु, एजेंसी

कप्तान मेग लैनिंग (55) के अर्धशतकीय पारी के बाद जोस जोनासन (22 रन पर 4 विकेट) और राधा यादव (20 रन पर 4 विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को डब्ल्यूपीएल में गुजरात जायंट्स को 25 रन से शिकस्त दी।

दिल्ली ने 8 विकेट पर 163 रन बनाने के बाद गुजरात की पारी को 8 विकेट पर 138 रन पर रोक दिया। दिल्ली की चार मैचों में यह तीसरी जीत से तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। लैनिंग ने 41 गेंद में 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 55 रन बनाए। उन्हें एलिस कैप्सी (37) का साथ मिला। प्लेयर ऑफ द मैच जोनासन ने गेंदबाजी से पहले 11 रन भी बनाए। गुजरात के लिए मेघना सिंह ने 37 रन देकर 4 विकेट लिए। गुजरात के लिए एश्लीग गार्डनर के अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर करने में विफल रहा। गार्डनर ने 40 रन बनाए। दोनों टीमें मैच में दो-दो बदलाव के साथ उतरी। गुजरात ने चोटिल हरलीन देओल और स्नेहा राणा की जगह तरन्नुम पठान और वेदा कृष्णमूर्ति को शामिल किया, जबकि दिल्ली ने तेज गेंदबाज मारिजाने काप और मीनू मणि को आराम दिया और एनाबेल सदरलैंड और तेज गेंदबाज टिटास साधु को टीम में लिया। शिखा पांडे (28 रन पर 1 विकेट) ने लॉरा वुलफार्ट को खाता खोले बगैर पवेलियन लौटा दिया। फोबे लिचफील्ड (15) ने टिटास के खिलाफ छक्का और चौका जबकि कप्तान बेथ मूनी (12 रन) ने शिखा के खिलाफ 3 चौके जड़े। जोनासन ने मूनी को पगबाधा और लिचफील्ड सदरलैंड को कैच दे बैठीं। अरुंधति रेड्डी की गेंद पर राधा यादव ने वेदा कृष्णामूर्ति का कैच टपका दिया। राधा ने शिखा के हाथों उनकी 12 रन की पारी को खत्म किया। एश्लीग ने अरुंधति के खिलाफ छक्का और चौका लगाया। 10 ओवर के बाद टीम का स्कोर 4 विकेट पर 72 रन था। राधा ने कैथरीन ब्राइस (3) को पगबाधा किया। जोनासन ने गार्डनर को स्टंप कराकर गुजरात को तगड़ा झटका दिया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद शेफाली वर्मा ने बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर के खिलाफ शॉट लगाकर दिल्ली को तेज शुरुआत दिलाई। वह 13 रन बनाकर मेघना सिंह की गेंद पर आउट हो गई। लैनिंग को 30 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए कैप्सी के साथ 38 रन जबकि जेमिमा रोड्रिग्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी की।

WOMEN'S PREMIER LEAGUE



## खेल डायरी

### मार्टा कोस्ट्युक और केटी बौल्टर फाइनल में



सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट

**सैन डिएगो, एजेंसी।** यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्ट्युक ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कोस्ट्युक ने पेगुला को 7-6(4), 6-1 से पराजित किया। फाइनल में उनका सामना क्वालीफायर केटी बौल्टर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 6-3, 6-1 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने पहले सेट में अच्छी शुरुआत करके एक समय 5-1 से बढ़त हासिल कर ली थी। कोस्ट्युक अगले चार गेम जीत कर स्कोर 5-5 के बराबर कर दिया और फिर अपनी सर्विस बचा कर 6-5 से बढ़त हासिल कर ली। पेगुला ने अपनी सर्विस बचा कर सेट को टाइब्रेकर तक खींच दिया लेकिन इसमें उन्होंने काफी गलतियां की जिनका कोस्ट्युक ने पूरा फायदा उठाया। कोस्ट्युक ने इसके बाद दूसरे सेट के शुरू में ही पेगुला की सर्विस तोड़ी और फिर यह सेट और मैच आसानी से अपने नाम किया।

### विश्व चैंपियनशिप में अदिति 21वें स्थान पर


**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक पहले दो दिन शीर्ष 10 में बने रहने के बाद रविवार को अंतिम दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के कारण महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप में 21वें स्थान पर रहीं। अंतिम दौर के शुरू में ही बोगी करने के बावजूद अदिति ने पांचवें, आठवें और 13वें होल में तीन बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन 18वें होल में समापन में वह बोगी कर बैठीं। इस तरह टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही अदिति ने 72, 69 और 73 के कार्ड के बाद 70 का कार्ड बनाया। ऑस्ट्रेलिया की हनाह ग्रीन कुल 13 अंडर के स्कोर से खिताब जीतने में सफल रहीं। एक हफ्ते पहले पांच बार की लेडीज यूरोपीय टूर विजेता अदिति होंडा एलपीजीए में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थीं। उनका इस साल पेरिस ओलंपिक में खेलना निश्चित है।

### मिनौर ने मैक्सिको ओपन का खिताब दूसरी बार जीता

**अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कैस्पर रुड को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरे साल मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। डी मिनौर ने फाइनल में रुड को 6-4, 6-4 से हराया। यह 2012 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी खिलाड़ी ने अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर का यह आठवां एटीपी खिताब है। वह चौथे खिलाड़ी हैं जिन्होंने मैक्सिको ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले डेविड फेरर ने 2010 से 2012 तक लगातार तीन खिताब जीते थे। ऑस्ट्रेलिया का यह 25 वर्षीय खिलाड़ी मैक्सिको ओपन में लगातार 10 मैच जीत चुका है। उन्होंने इस जीत से एटीपी प्रतियोगिताओं के फाइनल में लगातार चार हार का क्रम भी तोड़ा।

### टाइगर वुड्स को मिला बॉब जोन्स पुरस्कार

**फार हिल्स (अमेरिका), एजेंसी।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है।



वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल हैं। वुड्स नौ बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने कहा कि बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं। वुड्स को 12 जून को उत्तरी कैरोलिना में यूएस ओपन के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

# डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर पहुंचा भारत

## भारत के 64.28 % अंक, अब तक आठ मैच में से पांच जीते, दो हारे और एक ड्रॉ कराया

दुबई, एजेंसी



दो बार का फाइनलिस्ट भारत रविवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर काबिज हो गया।

रांची में चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल करने वाला भारत 64.28 प्रतिशत अंकों के साथ न्यूजीलैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। भारत के अब तक आठ मैच में पांच जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 62 अंक हैं जबकि न्यूजीलैंड की टीम के पांच मैच में तीन जीत और दो हार से 36 अंक है। उसका अंक प्रतिशत 60.00 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच से पूर्व न्यूजीलैंड की टीम 36 अंक और 75 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर काबिज थी।

डब्ल्यूटीसी 2021 की विजेता न्यूजीलैंड की टीम को इस मैच में 172 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसका अंक प्रतिशत 60 हो गया और वह तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे स्थान पर है। उसे वेलिंगटन टेस्ट मैच में जीत से 12 महत्वपूर्ण अंक मिले। इससे उसके 11 मैच में सात जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 78 अंक हो गए हैं। उसका अंक प्रतिशत 55 से बढ़कर 59.09 हो गया है।

ऑस्ट्रेलिया 2023 का चैंपियन है तथा अगर वह क्राइस्टचर्च में 8 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में भी जीत दर्ज करता है तो वह न्यूजीलैंड की जगह दूसरे स्थान पर काबिज हो जाएगा। भारत इस बीच 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेलेगा। अगर इस मैच में इंग्लैंड की टीम भारत को हरा देती है तो फिर ऑस्ट्रेलिया चोटी पर पहुंच सकता है।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 8 | 5 | 2 | 1 | 62 | 64.58 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 5 | 3 | 2 | 0 | 36 | 60.00 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 11 | 7 | 3 | 1 | 78 | 59.09 |
| 4 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 22 | 36.66 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | 16 | 33.33 |
| 7 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 12 | 25.00 |
| 8 | इंग्लैंड | 9 | 3 | 5 | 1 | 21 | 19.44 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |

# लियोन की फिरकी में फंसा न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया जीता

वेलिंगटन, एजेंसी

टेस्ट श्रृंखला



ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई।

न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह दूसरी पारी 3 विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट लिए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार 10 या इससे अधिक विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइट वॉचमैन के रूप में 41 रन की पारी खेली थी। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके उम्मीद जगाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल की थी और उसकी कुल बढ़त 368 रन थी। न्यूजीलैंड की उम्मीद रचिन रविंद्र पर टिकी थीं जिन्होंने सुबह अपनी पारी 56 रन से आगे बढ़ाई। वह हालांकि दिन के सातवें ओवर में 59 रन बनाकर आउट हो गए और न्यूजीलैंड की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। लियोन ने रविंद्र के रूप में दिन का पहला विकेट लिया। रविंद्र ने कैमरन ग्रीन को आसान कैच दिया। इसके तीन गेंद बाद टॉम ब्लंडेल खाता खोले बिना लियोन की गेंद पर शॉर्ट लेग में खड़े ट्रेविस हेड को कैच दे बैठे।

लियोन ने अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स (1) को पगबाधा किया। लियोन ने फिलिप्स को आउट करके एक पारी में 24वीं बार पांच या इससे अधिक विकेट लिया। स्कॉट कुगलेइजन (26), मैट हेनरी (14) और टिम साउदी (7) भी पवेलियन लौट गए। डेरिल मिशेल (38) आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज थे। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में नाबाद 174 रन बनाने वाले ग्रीन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## लिवरपूल ने 4 अंक की बनाई बढ़त



इंग्लिश प्रीमियर लीग

**लंदन, एजेंसी।** लिवरपूल ने उरुग्वे के स्ट्राइकर डार्विन नुनेज़ के 'इंजरी टाइम' के नौवें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से फ़ॉरेस्ट को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर फ़ुटबॉल लीग प्रतियोगिता में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली। लिवरपूल की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी और पिछले 11 दिन में चौथी जीत है। इससे उसके 27 मैच में 63 अंक हो गए हैं और उसने मैनचेस्टर सिटी पर 4 अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर सिटी 26 मैच में 59 अंक लेकर दूसरे जबकि आर्सेनल 26 मैच में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। इस बीच चेल्सी ने ब्रैंटफोर्ड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला ने लुटन को 3-2 से हराकर टोटेनहैम के साथ चौथे स्थान की दौड़ को दिलचस्प बना दिया। टोटेनहैम ने एक अन्य मैच में क्रिस्टल पैलेस को 3-1 से पराजित किया। एस्टन विला 27 मैच में 55 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि टोटेनहैम के 26 मैच में 50 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है।

# क्राइस्टचर्च टेस्ट के लिए वैगनर की हो सकती है संन्यास से वापसी

वेलिंगटन, एजेंसी



तेज गेंदबाज विल ओ' रूर्के के चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए संन्यास ले चुके तेज गेंदबाज नील वैगनर को टीम में वापसी करा सकती है। मेजबान टीम को रविवार को दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में 172 रन से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान टिम साउथी ने कहा कि वैगनर के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। 64 टेस्ट मैचों में 260 विकेट लेने वाले वैगनर ने पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। द. अफ्रीका में जन्मे इस तेज गेंदबाज को जब पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी तो उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 8 मार्च से खेला जाएगा। साउथी ने कहा कि हमने अगले मैच के लिए टीम को लेकर अब तक बहुत अधिक चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल की चोट कैसी है। फिजियो ने अभी उनके उबरने के बारे में नहीं बताया है। मुझे यकीन है कि अगले 24 घंटों में स्थिति साफ हो जाएगी।

## बॉलीवुड हलचल

# पैसा वसूल फिल्म है योद्धा: राशि



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री राशि खन्ना का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'योद्धा' मनोरंजन से भरपूर पैसा वसूल फिल्म है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। राशि खन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि योद्धा पैसा वसूल फिल्म है। फिल्म में थ्रिल, रोमांस और एज ऑफ द सीट वाला जायका है। मैं फ़िल्म को लेकर बहुत ज़्यादा एक्साईटेड और नर्वस थी। मैं सिर्फ एक अच्छी और सेंसिबल स्क्रिप्ट का इंतज़ार कर रहीं थी। मेरे लिए किरदार से प्यार करना ज़रूरी है। फ़िल्म करने के लिए एक अच्छा पैकेज होना चाहिए और फिल्म योद्धा एक फुल पैकेज की तरह थी। फिल्म योद्धा एक्शन फिल्म है जिसे करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

### रिया का गीत मिले मत आवा जानू होली में रिलीज



**मुंबई।** गायिका पुनीता प्रिया और अभिनेत्री रिया प्रजापति का होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गीत में रिया प्रजापति अपने प्रेमी के हरकतों से परेशान हो गई है। उसकी वजह से घर पर रिया को डाट भी मिली है। जिससे होली में मिलने आने से प्रेमी को मना कर रही हैं। वह कहती है कि... 'होली खेले गँउवा के बहरी बुलाइला, रंग से बदनिया के कुल्हि लेटाइला... अइसन जगहा लगाइले जानू, गारी देले बिया हमर माई ये जानू...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस होली गीत को पुनीता प्रिया ने गाया है।इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार दीपक दिलकश ने मधुर संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

# झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा



**मुंबई।** बिहार की मनीषा रानी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के 11वें सीजन की विजेता बन गई हैं। मनीषा रानी ने शोएब इब्राहिम और अद्रिजा सिन्हा को हराकर झलक दिखला जा की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। मनीषा रानी की एंट्री वाइल्ड कार्ड के माध्यम से हुई थी। मनीषा को विजेता ट्रॉफी के साथ 30 लाख रुपये तथा उनके कोरियोग्राफर आशुतोष पवार को 10 लाख रुपये मिले। साथ ही दोनों को आइलैंड का ट्रिप भी मिला है। 'झलक दिखला जा 11' की ट्रॉफी जीतने पर मनीषा रानी ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से कहती हूं कि मुझे अपने फैंस पर बहुत भरोसा है और एक बार फिर मेरे फैंस ने इस बात को साबित कर दिया है। मेरी जीत का श्रेय मेरे कोरियोग्राफर, मेरी मेहनत और मेरे प्रशंसकों को जाता है। शो में मेरे सामने जो लोग थे, उनके बहुत बड़े-बड़े लोग सपोर्टर थे, सभी अच्छे डांसर और कलाकार हैं। लोगों का इतना प्यार किस्मत वाले लोगों को ही मिलता है।मेरी कोशिश हमेशा अपना बेस्ट देने की होगी। मैंने आज तक जो भी सपना देखा है, वो पूरा हुआ है, तो मुझे भरोसा है कि मेरा यह भी सपना पूरा होगा। भले ही उसे पूरा होने में थोड़ा समय लगे।

### फराह-मलाइका और अरशद ने दी बधाई

मनीषा रानी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो, झलक दिखला जा, के 11वें सीजन की विजेता बनने पर जज फराह खान, मलाइका अरोड़ा और अरशद वारसी ने बधाई दी है। फराह खान ने कहा, मनीषा ने डांस के प्रति अपनी जबर्दस्त योग्यता से मंच पर आग लगा दी है और उनकी परफॉर्मेंस देखने लायक थी। उन्होंने खुद को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ाया है और डांस शैलियों की विस्तृत श्रृंखला को सुंदरता और सटीकता के साथ प्रदर्शित किया है। डांस के प्रति उनका जुनून वास्तव में प्रेरणादायक है और उन्होंने खुद को एक योग्य चैंपियन साबित किया है।

# 'हनुमान' की भूमिका निभाकर खुद को कृतज्ञ महसूस कर रहे निर्भय



**मुंबई।** अभिनेता निर्भय वाधवा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे सीरियल श्रीमद रामायण में 'महाबली हनुमान' की भूमिका निभाकर कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं। सीरियल 'संकट मोचन महाबली हनुमान' समेत कई सीरियल में हनुमान की भूमिका निभा चुके निर्भय वाधवा एक बार फिर 'श्रीमद रामायण' में हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं। निर्भय वाधवा ने कहा, मैंने अब तक श्रीमद् रामायण के एपिसोड देखने का आनंद लिया है और अब मैं अपने किरदार को और भी अधिक तीव्रता से चित्रित करने की जिम्मेदारी महसूस करता हूं। चूंकि पूरी कास्ट ने अपनी भूमिकाओं के साथ बहुत बढ़िया काम किया है। जैसे ही मैं भगवान हनुमान के पवित्र स्थान पर कदम रखता हूं, मैं अपने जीवन में एक बार फिर ऐसे पूज्य और प्रिय चरित्र को अपनाने का अवसर पाकर कृतज्ञ महसूस करता हूं। इस किरदार के माध्यम से, मैं इस शक्तिशाली योद्धा की गहराई में जाना चाहता हूं और उनके और भगवान राम के बीच के दिव्य बंधन को उजागर करना चाहता हूं। श्रीमद रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

### अंकुश और शिल्पी का गाना ना ऐ जीजा 2.0 जारी



**मुंबई।** अंकुश राजा और शिल्पी राज का नया गाना ना ऐ जीजा 2.0 रिलीज हो गया है। इस गाने ने मिलियन व्यूज के आंकड़े को पार कर लिया है और अब तक इसे 1,606,823 व्यूज मिल चुके हैं। अंकुश राजा ने इस गाने को अपने फैंस को समर्पित किया है। अंकुश ने कहा कि लोगों को यह गाना पसंद आ रहा है और लोग इसे खूब प्यार भी दे रहे हैं इसके लिए हम समूह का आभार व्यक्त करते हैं साथ ही हम उनसे अपील भी करते हैं कि इस गाने को और बड़ा बनाएं ताकि हमें प्रोत्साहन मिलता रहे और हम आपके लिए और भी अच्छे-अच्छे गाने लेकर आते रहे। अंकुश राजा होली के नए-नए गीत लेकर आ रहे हैं और जो लोगों को खूब पसंद भी आ रहा है। उसी क्रम में उनका यह गाना भी है जिस पर बहुत सारे व्यूज मिल रहे हैं। ना ऐ जीजा 2.0 गाना के संगीतकार विकी वोक्स हैं। लेखक बोस रामपुरी हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# किसी की जुबां पर गांधी तो कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती

मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता





## भारत की दावेदारी कर रहीं सिनी शेट्टी

भारत की दावेदारी पेश कर रहीं सिनी शेट्टी ने कहा कि हम आज ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसके सामने साझा चुनौतियां हैं और साझी महत्वाकांक्षाएं हैं। शेट्टी ने कहा कि समाज के पिछड़े लोगों के लिए सतत विकास लक्ष्य होने चाहिए।




*मुंबई। मिस वर्ल्ड खिताब की दौड़ में शामिल दुनियाभर की प्रतिभागियों ने रविवार को अपने दिल की बात कही, जो गरीबी, भुखमरी, जीवन की गुणवत्ता, शिक्षा और सेहत जैसे बुनियादी सरोकारों से सराबोर थे। इस बार 71वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का भारत प्रतिनिधित्व कर रहा है। समारोह में किसी ने गांधीजी की बात की, तो किसी ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जाहिर की है। कुछ ने लैंगिक समानता और बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मुद्दे पर भी राय दी।*

# बर्फबारी और बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के कई राज्यों में शनिवार और रविवार को मौसम खराब रहा। हिमाचल में बर्फबारी बारिश से नेशनल हाइवे समेत 507 सड़कें बंद हो गई हैं। मनाली- सोलंगनाला के बीच नेहरू कुंड के पास रविवार को 5 वाहन हिमस्खलन की चपेट में आ गए। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ।

पंजाब, हरियाणा, मध्य, प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात समेत 9 राज्यों में बारिश हुई। इससे गेहूं समेत अन्य फसलों को नुकसान हुआ। वहीं रामबन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और पत्थर गिरने से यातायात बाधित हो गया है। राजमार्ग के बाधित होने पर यात्रियों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए रामबन प्रशासन ने एक नई पहल की शुरुआत की है। रामबन प्रशासन ने यात्रियों के मनोरंजन के लिए बैंड बाजे का इंतजाम किया है। हिमाचल प्रदेश में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई जिलों में बारिश हो रही है।




जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण फंसे वाहन।

### 15 मार्च से बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग का अनुमान है 14 मार्च तक हिमालयी क्षेत्र में लगातार पश्चिमी विक्षोभ आने के आसार हैं, पर मार्च खत्म होने तक पश्चिमी विक्षोभ नहीं आएगा। 15 मार्च के बाद उत्तर व उत्तर पश्चिमी राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ेगा। एलनीनो परिस्थितियों के घटने का ट्रेंड बना हुआ है लेकिन इसके जुलाई में ही न्यूट्रल में आने की संभावना है। 10 दिन में तेलंगाना, तटीय आंध्र, उत्तरी कर्नाटक

## एक नजर

### पाकिस्तानी सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि, चार अन्य घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने रविवार को कहा कि तलाशी अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि चार आतंकवादी घायल हो गए। आईएसपीआर ने कहा, भारी मात्रा में हथियार गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

### छत्तीसगढ़ः एसबीआई में सेंधमारी दस्तावेजों को जलाया, बदमाश फरार

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक में रविवार को अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। लॉकर तक नहीं पहुंच पाने से बदमाशों ने दस्तावेजों को आग लगा कर फरार हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि बैंक में आगजनी की घटना पर काबू पा लिया गया है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक में सुरक्षा के कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं रहने से बैंक में दूसरी बार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

### गाजाः मदद का इंतजार कर रहे पीड़ितों पर गोलीबारी, 115 की मौत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गाजा में सहायता काफिले पर भोजन के लिए संघर्ष कर रहे फिलिस्तीनी नागरिकों पर इजराइली सैनिकों ने हमला कर दिया। हमले में 115 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 750 से अधिक घायल हो गए। गाजा में अब तक लगभग 30 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा कि टीम ने शुक्रवार को गाजा शहर के अल शिफा अस्पताल में कुछ घायलों से मुलाकात की और 'बड़ी संख्या में बंदूक की गोली के घावदेखे।

### मुंबई पुलिस ने गैरलाइसेंसी हथियार मालिकों के विरुद्ध शुरू की कार्रवाई

**मंबई।** शिवसेना गुट के नेता अभिषेक घोसालकर की हत्या की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए हथियार रखने वालों और सुरक्षा सेवाएं मुहैया कराने वालों के लाइसेंसों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि गैर लाइसेंसी हथियार मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के तहत दस दिन में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम ने कहा, बिल्डर, नेताओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी और निजी अंगरक्षक जांच के दायरे में हैं, उनके हथियार लाइसेंस का सत्यापन किया जा रहा है।


# हाईब्रिड सरकार के हाथ में पाकिस्तान की डोर शरीफ बोले- एक साल में संकट से निकाल देंगे

## पीएमएल-एन और पीपीपी ने सर्वसम्मति से शहबाज को चुना नेता, शपथ ग्रहण समारोह आज

इस्लामबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में नई सरकार को लेकर कवायद तेज हो गई है। लगभग एक माह बाद रविवार को हाइब्रिड सरकार को लेकर हुई बैठक में नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ को वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री) चुन लिया गया है। विपक्ष के हंगामे के बीच नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल करने के बाद शहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनेंगे, उन्हें सोमवार को राष्ट्रपति भवन में शपथ दिलाई जाएगी।

बता दें, हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन शहबाज सरकार ने चुनावी परिणाम आने के बाद सेना और राजनीतिक दलों से गठजोड़ किया है। प्रधानमंत्री बनते ही शहबाज ने पहले संबोधन में कहा कि सरकार देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं कोई समय सीमा तय नहीं करना चाहता, लेकिन हम जो कदम उठाएंगे, उसके सकारात्मक परिणाम एक साल बाद मिलने शुरू हो जाएंगे। शहबाज ने यह भी सवाल किया कि इमरान खान ने अंतर्राष्ट्री मुद्रा कोष को पत्र क्यों लिखा। इसे उन्होंने देश के मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने के समान बताया। बाता दें, शहबाज शरीफ पीएमएल-एन और पीपीपी की ओर से सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुने गए हैं। उन्हें 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट हासिल हुए हैं। नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया। शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलाई जाएगी। पीटीआई समर्थित सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया। पीपीपी के अलावा, शहबाज को एमक्यूएम-पी, क्यू, जेड, इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त था।



**शहबाज का सियासी सफर**

| | | |
|---|---|---|
| 1988 | 1990 | विधायक |
| 1990 | 1993 | सांसद |
| 1993 | 1996 | विस में विपक्ष के नेता |
| 1997 | 1999 | पंजाब सीएम |
| 2008 | 2013 | पंजाब सीएम |
| 2013 | 2018 | पंजाब सीएम |
| 2018 | 2022 | संसद में विपक्ष के नेता |
| 2022 | 2023 | प्रधानमंत्री |

*3 मार्च 2024 को दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए*

### चुनाव धांधली को लेकर प्रदर्शन कर रहे 100 से ज्यादा इमरान समर्थित नेता गिरफ्तार



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में पीटीआई के 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। ये सभी पार्टी कार्यकर्ता हालिया आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ रैलियां निकाल रहे थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। देश में आठ फरवरी को नेशनल असेंबली के चुनाव हुए थे। जिसके बाद त्रिशंकु नतीजे सामने आए थे। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता चुनाव में हेराफेरी का आरोप लगाते रहे हैं। इमरान खान के आह्वान पर पीटीआई समर्थकों ने शनिवार को बड़े पैमाने पर देशभर में प्रदर्शन किया। ज्यादातर गिरफ्तारियां लाहौर में हुईं, जहां पंजाब की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने प्रदर्शन कर रहे पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। पीटीआई के प्रवक्ता के मुताबिक, पुलिस ने लाहौर में अस्सी कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात शहर में बीस से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब और इस्लामाबाद के 38 शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। लाहौर में पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया। प्रवक्ता ने कहा, पीटीआई नेता मियां शहजाद फारूक और अफजाल अजीम पहत को भी गिरफ्तार किया गया है।

# मिशिगन, इडाहो और मिजुरी में भी डोनाल्ड ट्रंप की जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दावेदारी पुख्ता, चुनाव में बाइडन बनाम ट्रंप होना लगभग तय

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मिसौरी के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की और जीओपी नामांकन की ओर अपना सफर जारी रखा। ट्रंप अपनी प्रतिद्वंदी निक्की हेली से काफी आगे निकल गए हैं। शनिवार को ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन में भी कॉक्स चुनाव में जीत दर्ज की। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है, जबकि निक्की हेली को सिर्फ 24 डेलिगेट्स ने ही अभी तक सपोर्ट किया।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। इससे साफ है कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुने जाने की रेस में डोनाल्ड ट्रंप काफी आगे निकल गए हैं। रविवार को कोलंबिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं और इसके दो दिन बाद सुपर मंगलवार है, जिसमें 16 राज्यों में प्राइमरी इलेक्शन होने हैं।

नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव से पहले मंगलवार को सबसे बड़ा मतदान होगा और उस मतदान के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी कि निक्की हेली राष्ट्रपति पद की रेस में रहेंगी या फिर नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन होना तय है। मिशिगन में तो ट्रंप ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की और सभी 39 डेलिगेट्स का समर्थन हासिल किया। पांच मार्च को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाच्युसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोन्ट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं।



अब तक ट्रंप आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, दक्षिण कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत दर्ज कर चुके हैं। निक्की हेली अपने समर्थन में पर्याप्त लोगों को जुटाने में असफल हो रही हैं। डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में अवैध प्रवासियों के मुद्दे को पूरे जोर-शोर से उठा रहे हैं।

## जिंदगी कांटों जैसी दर्दनाक रही... अनंत का भावुक स्पीच



मार्क जुकरबर्ग के साथ अनंत अंबानी-राधिका

**जामनगर :** अपनी प्री-वेडिंग सेरेमनी में अनंत अंबानी ने बेहद भावुक स्पीच दी है। अनंत ने अपने परिवार और राधिका के परिवार को धन्यवाद दिया। अनंत ने कहा, 'थैंक्यू मम्मा। ये सब मेरी मां ने किया है। चार महीने से रोज 18-19 घंटे इस समारोह की तैयारी में लगी थीं। मेरा जीवन हमेशा गुलाब के फूल की तरह सहज नहीं रहा है, मैंने गुलाब के कांटों की तरह कई दुख झेले हैं, मुझे बचपन से ही स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं रही हैं, लेकिन मेरे माता- पिता ने मुझे कभी एहसास नहीं होने दिया कि मैं बीमार हूं। बोले- जामनगर मेरी प्रेरणा का स्रोत हैं। ● एजेंसी



### नाटु-नाटु पर थिरके तीनों खान शाहरुख ने लगाए जय श्रीराम के नारे

अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग समारोह के अंतिम दिन अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान जमकर थिरके। शाहरुख ने मंच पर जय श्रीराम के नारे लगाए। साउथ अभिनेता रामचरन समेत तीनों खान तेलुगु गीत नाटु नाटु की धुन पर थिरके। भारतीय फिल्मी सितारों की टोली सज-धजकर जश्न में डूबी रही।

# चीन-पाकिस्तान कर रहे फेक रिसर्च, भारत बेहतर: अध्ययन

वाशिंगटन, एजेंसी

- पैसे और प्रमोशन के लिए कर रहे फ्रॉड, अमेरिका की संस्था क्रॉस रीफ ने तैयार किया डेटा

चीन- पाकिस्तान के वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। वे दूसरों की रिसर्च के डेटा में जोड़- तोड़ कर अपना रिसर्च पेपर पब्लिश करा रहे हैं, या फिर पहले पब्लिश रिसर्च पेपर के कुछ चैप्टर्स बदलकर नाम दे रहे हैं।

यही वजह है कि चीन के वैज्ञानिकों की रिसर्च छपने के बाद भी कई शोध जर्नल ने खारिज कर दिए और उन्हें रिट्रैक्ट (वापस लिया) किया। अमेरिका की गैर लाभकारी संस्था क्रॉस रीफ ने 50 हजार फेक रिसर्च पेपर का डेटाबेस तैयार किया है। इसमें से 46 फीसदी अकेले चीन के हैं। पैसे व प्रमोशन के लिए वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। दरअसल चीन में रिसर्च पेपर की क्वालिटी की बजाय संख्या गिनी जाती है।

### चीन के रिसर्च पर समीक्षा से मना कर रहे वैज्ञानिक

दुनिया के कई वैज्ञानिक चीन के वैज्ञानिकों के रिसर्च पेपर की समीक्षा करने से मना कर रहे हैं। रिसर्च पर काम कर रही माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट ने कहा, कई रिसर्च पेपर तो पैसे लेकर तैयार किए जाते हैं। कई में प्लैगरिज्म ही होता है। एक चीनी पेपर में प्रोस्टेट कैंसर पर रिसर्च की गई थी। इसमें कहा गया था कि रिसर्च में 50 फीसदी सैंपल महिलाओं के हैं, जबकि महिलाओं में प्रोस्टेट ग्लैंड्स होते ही नहीं हैं।

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने शुरू किया चुनावी अभियान

**वाशिंगटन।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने के लिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा, ''भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए।

# यूएईः बीएपीएस मंदिर में टाइट कपड़े, टी-शर्ट में प्रवेश पर बैन

अबु धाबी, एजेंसी

- मंदिर ने जारी की गाइडलाइन आपत्तिजनक और भड़काऊ कपड़े पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं

संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, उसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया। मंदिर के कैसे कपड़े पहनकर जाना है, इसके लिए मंदिर की वेबसाइट पर गाइडलाइन जारी की गई है। आगंतुकों को गर्दन, कोहनी और टखनों तक शरीर को ढकना जरूरी है।

आपत्तिजनक डिजाइन वाली टोपी, टी-शर्ट और अन्य भड़काऊ कपड़े पहनकर आने की अनुमति नहीं है। पारदर्शी और टाइट-फिटिंग कपड़े भी नहीं पहनने हैं। ऐसे कपड़ों और सामानों से बचने के लिए कहा गया है, जिससे लोगों का ध्यान भटके। हिंदू मंदिर हर मंगलवार से शनिवार सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। अबु धाबी में पहला हिंदू मंदिर-बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस), प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन किया था।



# ओडिशाः डीआरडीओ कैंप में जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में सेना के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार दी। घटना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की रडार ऑब्जर्वेटरी सर्विलांस यूनिट में हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

रविवार को सेना का जवान (35 वर्षीय) महाकालपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के कियारबंका गांव में डीआरडीओ के एक कैंप में ड्यूटी पर था। पुलिस ने बताया कि जवान खून से लथपथ था, उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महाकालपाड़ा पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस ने कहा कि, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

**हिदायत** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल प्लेटफार्मों को दिए दिशा-निर्देश, 15 दिन के भीतर करें एडवाइजरी का पालन

# नए एआई मॉडल लॉन्च से पहले भारत सरकार से लेनी होगी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

टेक कंपनियों को नए एआई मॉडल लॉन्च करने से पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। केंद्र सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य प्लेटफॉर्म को दिशा-निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षण में शामिल एआई मॉडलों का अब अनिवार्य रूप से लेबल करना होगा। साथ ही, इसमें गैरकानूनी कंटेंट मौजूद नहीं होना चाहिए।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसा न होने पर आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि हाल ही में गूगल जेमिनी एआई विवाद के आलोक में, एडवाइजरी अब विशेष रूप से एआई से संबंधित है। डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और यह कहकर नहीं बच सकते कि ये एआई मॉडल परीक्षण के चरण में है।

डिजिटल प्लेटफार्मों को तत्काल प्रभाव से नए दिशा-निर्देशों का पालन करने और इस एडवाइजरी के 15 दिन के भीतर मंत्रालय को की गई कार्रवाई-सह-स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी इंटरमीडियरी और प्लेटफॉर्म नए आईटी नियम 2021 का पालन सुनिश्चित करें।



### खामियों से पिचाई की नौकरी संकट में



गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। गूगल ने हाल ही में एआई चैटबॉट जेमिनी लॉन्च किया था। हालांकि, इसके इमेज जेनरेशन और अवतार टूल में खामियां हैं। इससे गूगल की छवि पर बुरा असर पड़ा है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि उन्हें पद से हटाया जा सकता है।

## कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही केंद्र सरकार

केंद्र सरकार देश में कृषि प्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से जलवायु अनुकूल बनाने की तैयारी कर रही है। इससे किसानों को यह जानकारी पहले ही मिल जाएगी कि उनके क्षेत्र में इस बार मौसम कैसा रहेगा। इसके लिए सरकार एक एआई संचालित कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही है।

यह सॉफ्टवेयर किसानों को यह बताने में सक्षम होगा कि उनके क्षेत्र में सूखा, बाढ़, लू, शीतलहर, असामान्य बारिश, शुष्क मौसम, ठंड, चक्रवात और ओलावृष्टि की क्या स्थिति रहेगी। ऐसे वातावरण में उन्हें कौन सी फसल बोने से फायदा होगा। इस कार्य में मौसम विभाग के वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक को शामिल किया गया है। जैसे ही सॉफ्टवेयर बन जाएगा। सरकार इस योजना को पूरे देश में लागू करेगी।



सॉफ्टवेयर किसी भी क्षेत्र के पिछले 100 साल के मौसम पैटर्न का अध्ययन तुरंत करने में सक्षम होगा। यह 24 घंटे ऑनलाइन मोड में देश की सभी भाषाओं में जानकारी देगा।